Kamal.Sandesh kamalsandesh.org KamalSandesh

विजय विशेषांक

# कमल संदेश

वर्ष-19, अंक-11-12 01-15—16-30 जून, 2024 (संयुक्तांक) ₹20



# ऐतिहासिक विजय, भव्य जनादेश



नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय (विस्तार) में 4 जून, 2024 को लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए की लगातार तीसरी जीत पर आयोजित अभिनंदन समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा



नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय (विस्तार) में 4 जून, 2024 को लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए की लगातार तीसरी जीत पर अभिनंदन समारोह में कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी



नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय (विस्तार) में 4 जून, 2024 को लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए की लगातार तीसरी जीत पर अभिनंदन समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री राजनाथ सिंह एवं श्री अमित शाह





देशभर में 4 जून, 2024 को लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए की लगातार तीसरी जीत पर मने भव्य जश्न की कुछ झलकियां

कमल संदेश
पाक्षिक पत्रिका

**संपादक**
डॉ. शिव शक्ति नाथ बक्सी

**सह संपादक**
संजीव कुमार सिन्हा
राम नयन सिंह

**कला संपादक**
विकास सैनी
भोला राय

**डिजिटल मीडिया**
राजीव कुमार
विपुल शर्मा

**सदस्यता एवं वितरण**
सतीश कुमार

**इ-मेल**
mail.kamalsandesh@gmail.com
mail@kamalsandesh.com
फोन: 011-23381428, फैक्स: 011-23387887
**वेबसाइट:** www.kamalsandesh.org

# विषय-सूची




1. केन्द्रीय मंत्रिपरिषद 13
2. 'हम सब मिलकर विकसित भारत 2047 के इरादे के साथ 'राष्ट्र प्रथम' के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे' 20
3. राजग सरकार 3.0 की पहली कैबिनेट बैठक 24
4. एनडीए संसदीय दल की बैठक 25
5. सरकार बहुमत से और देश सर्वमत से चलता है : नरेन्द्र मोदी 26
6. 10 साल पहले उदासीन भारत था और आज मोदीजी के नेतृत्व में वही भारत आकांक्षी भारत बन गया : जगत प्रकाश नड्डा 36
7. एनडीए की जीत के जश्न और शपथ ग्रहण समारोह की झलकियां 38
8. मोदीजी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया में भी प्रशंसा हो रही है : राजनाथ सिंह 42
9. हर क्षेत्र में युगांतकारी परिवर्तन करने का काम मोदीजी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने किया है : अमित शाह 43
10. चंद्रबाबू नायडू का संबोधन 44
11. नीतीश कुमार का संबोधन 45
12. एनडीए की बैठक 47
13. भाजपानीत एनडीए को मिली शानदार जीत 49
14. विशेष लेख: कन्याकुमारी में साधना से नए संकल्प 72

प्रकाशक एवं मुद्रक: डॉ. मुकर्जी स्मृति न्यास के लिए विष्णु मित्तल द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित, एच.टी. मीडिया लिमिटेड, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा (उ.प्र.)-201306 से मुद्रित एवं डॉ. मुकर्जी स्मृति न्यास, पी.पी.-66, सुब्रमण्यम भारती मार्ग, नई दिल्ली-110003 से प्रकाशित। संपादक- डॉ. शिव शक्ति नाथ बक्सी

## सोशल मीडिया से

### नरेन्द्र मोदी



मेरे जीवन का हर पल डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर द्वारा दिए गए भारत के संविधान के महान मूल्यों के प्रति समर्पित है। यह हमारा संविधान ही है, जिससे एक गरीब और पिछड़े परिवार में पैदा हुए मुझ जैसे व्यक्ति को भी राष्ट्रसेवा का अवसर मिला है। ये हमारा संविधान ही है, जिसकी वजह से आज करोड़ों देशवासियों को उम्मीद, सामर्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन मिल रहा है।

(07 जून, 2024)

### जगत प्रकाश नड्डा



आज आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी को लगातार तीसरी बार सर्वसम्मति से भाजपा संसदीय दल, एनडीए संसदीय दल और लोकसभा में सदन के नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई देता हूं। मोदीजी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए ने विगत 10वर्षों में निरंतर ऐतिहासिक उपलब्धियां अर्जित की है। राष्ट्र के अद्वितीय प्रगति व प्रतिष्ठा के हम साक्षी रहे हैं। प्रधानमंत्रीजी के नेतृत्व में 'राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन' के सभी साथी 'अंत्योदय' का संकल्प लेकर युवा, महिला, किसान व गरीब को सशक्त करते हुए 'विकसित भारत' निर्माण के पथ पर अग्रसर हैं। भारत माता की जय!

(07 जून, 2024)


### अमित शाह



आज 'राष्ट्रीय पुलिस स्मारक' में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित किये। देश के सम्मान की रक्षा और राष्ट्रप्रेम की भावना को अपने सर्वोच्च बलिदान से अमर बनानेवाले देश के वीर पुलिसकर्मियों को नमन करता हूं।

(11 जून, 2024)


### राजनाथ सिंह



किसान कल्याण के प्रति हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता जगज़ाहिर है। तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद उन्होंने सबसे पहला निर्णय ही किसानों के हित में किया है। आज प्रधानमंत्री मोदीजी ने 'पीएम किसान सम्मान निधि' की 17वीं क़िस्त जारी कर दी, जिसके कारण देश के किसानों के बैंक खातों में 20,000 करोड़ रुपए की धनराशि सीधे पहुंच गई। मैं इस किसान हितैषी निर्णय के लिए मोदीजी को धन्यवाद देता हूं।

(10 जून, 2024)

### नितिन गडकरी



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत 3 करोड़ ग्रामीण और शहरी घरों के निर्माण के लिए सहायता को मंजूरी दे दी है, ताकि बढ़े हुए पात्र परिवारों की आवासीय जरूरतें पूरी हो सकें।

(10 जून, 2024)

### बी.एल. संतोष



श्री मोहन चरण माझी को ओडिशा के विधायक दल का नेता एवं मुख्यमंत्री पद के लिए मनोनीत होने पर बधाई। श्री केवी सिंह देव और श्रीमती प्रभाती परिदा को उपमुख्यमंत्री पद के लिए मनोनीत होने पर बधाई। महाप्रभु जगन्नाथ का आशीर्वाद आप पर बना रहे, ताकि आप एक शानदार ओडिशा का निर्माण कर सकें।

(11 जून, 2024)

संपादकीय

# 'विकसित भारत' के संकल्प की विजय

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी एवं करिश्माई नेतृत्व में भाजपा एवं राजग को लोकसभा चुनाव 2024 में पुनः भारी विजय देकर देश की जनता ने एक ऐसा इतिहास रच दिया जो कभी-कभी ही इतिहास में संभव होता है। जन-जन का असीम आशीर्वाद, विकसित भारत के संकल्प के लिए जनता का समर्थन तथा अथक प्रयासों से जीते गए जन-विश्वास का ही परिणाम है कि भाजपा एवं राजग ने पूरे देश में लोगों के दिल जीतने में सफलता प्राप्त की है। यह केवल 'परफॉर्मेंस' की राजनीति, सुशासन एवं विकास की विजय नहीं, बल्कि निरंतर तीसरी बार भारत को एक महान देश के रूप में नित नई ऊंचाई देने का जनादेश है। ऐसा लगता है कि भारत जो विश्व की एक प्राचीनतम सभ्यता है, उसका समय आ चुका है।

लगातार तीसरी बार मिली विजय उन भारतीय आकांक्षाओं की विजय है जो 21वीं सदी को भारत की सदी बनाना चाहते हैं। यह विजय विश्वभर से हर क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए है। दासता के कालखंड में भी जो राष्ट्रीय भावना की अलख देश के ऋषि-महर्षियों ने जगाई थी, उन्हें परिणाम तक पहुंचाने के लिए यह विजय है। यह गरीब, पीड़ित, शोषित, वंचित एवं बेसहारा लोगों की विजय है जिनकी आवाज अब व्यवस्था सुनती है तथा जिन्हें निराशा एवं हताशा से बाहर निकाला गया है। यह युवाओं एवं महिलाओं की विजय है जो नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं और जिनकी उपलब्धियों से भारत का गौरव बढ़ रहा है। यह देश के किसानों की विजय है जो विश्व के हर कोने में अपनी छाप छोड़ रहे हैं। साथ ही यह पूरे ग्रामीण भारत की विजय है जो आज भारत के विकास यात्रा के सारथी बन गए हैं। वास्तव में यह 'विकसित भारत' के संकल्प की विजय है।

राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की यह यात्रा 2014 से एक नए भारत, जो आत्मनिर्भर एवं विकसित हों, के लिए शुरू हुई, जन-जन के भरपूर आशीर्वाद से अनवरत जारी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की भ्रष्टाचार मुक्त, विकासोन्मुखी जनकेंद्रित-सुशासन की प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि आज देश कांग्रेसनीत यूपीए के कुशासन, भ्रष्टाचार, जनता के धन की लूट एवं पॉलिसी-पैरालिसिस' के दौर से बाहर निकला है। भारत का 'फ्रैजाइल फाइव' से 'टॉप-फाइव' अर्थव्यवस्था के रूप में परिवर्तित हो; 'रिफॉर्म, परफॉर्म एवं ट्रांसफॉर्म' के ही मंत्र का परिणाम है कि आज देश पूरे विश्व की 'ग्रोथ इंजन' बनकर उभरा है। पिछले दस वर्षों में 'स्पीड, स्केल एवं स्किल' के गुणात्मक परिवर्तन से आज देश विश्व की सबसे तेज विकास दर वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जहां 25 करोड़ से भी अधिक लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला गया, वहीं हर क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास देखा जा रहा है, जिससे पूरे देश में एक नई ऊर्जा का प्रवाह हो रहा है। इससे जन-जन में एक नया उत्साह एवं आत्मविश्वास उत्पन्न हुआ है, जो मोदी सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को व्यापक जनसमर्थन के रूप में देखा जा रहा है।

> **लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार की विजय अनेक कारणों से ऐतिहासिक है। इन चुनावों में नए क्षेत्रों में भी जनता का आशीर्वाद मिला है और सभी चार राज्य जहां विधान चुनाव हुए वहां राजग की सरकारें बनी हैं**

जहां लोकसभा 2024 के परिणामों को परफॉर्मेंस की राजनीति, अथक मेहनत एवं अभूतपूर्व उपलब्धियों की विजय के रूप में सराहा जा रहा है, वहीं इन चुनावों को झूठ, फरेब एवं भ्रम फैलाने की राजनीति के पराजय के लिए भी याद रखा जाएगा। झूठ एवं फरेब के दलदल में इंडी-गठबंधन के लोग इतने डूब गए कि वे सिद्धांतहीन, अवसरवादी एवं सत्ता केंद्रित राजनीति के पर्याय बन गए हैं। देश की जनता ने न केवल उनके नकारात्मक एवं प्रतिगामी राजनीति को नकारा है, बल्कि उनकी लोकतंत्र विरोधी, वंशवादी, विभाजक एवं जातिवादी, वोटबैंक की राजनीति जो तुष्टीकरण पर आधारित है, उसे परास्त किया है।

लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार की विजय अनेक कारणों से ऐतिहासिक है। इन चुनावों में नए क्षेत्रों में भी जनता का आशीर्वाद मिला है और सभी चार राज्य जहां विधानसभा चुनाव हुए वहां राजग की सरकारें बनी हैं। ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश एवं सिक्किम में भारी विजय लोगों का भाजपा एवं राजग के प्रति अटूट विश्वास में परिलक्षित हो रहा है। इस विजय की गहराई को जन-जन के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सुदृढ़ एवं संकल्पित नेतृत्व में अथाह भरोसे के रूप में समझा जा सकता है। आज जब एक जोरदार जनादेश विकास के लिए प्रतिबद्ध नेतृत्व को मिला है, इसमें कोई संदेह नहीं कि 'विकसित भारत' की ओर देश की यात्रा और भी तीव्र गति से आगे बढ़ेगी। ■

shivshaktibakshi@kamalsandesh.org

# एनडीए सरकार 3.0 क



# शपथ ग्रहण समारोह





# प्रधानमंत्री म
# पद एवं

## 71 म

हजारों गणमान्य अतिथियों की तालियों की गड़गड़ाहट और 'जय श्री राम', 'भारत माता की जय' एवं 'मोदी-मोदी' के उद्घोष के बीच लोकसभा में भाजपा के नेता एवं एनडीए संसदीय दल के नेता श्री नरेन्द्र मोदी ने 09 जून, 2024 को शाम 7.15 बजे राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आयोजित एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह में 71 मंत्रियों के साथ लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिपरिषद के सहयोगियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 2014 और 2019 में इसी स्थान पर शपथ ली थी। श्री मोदी अपने पारंपरिक परिधान 'कुर्ता-पायजामा' में मंच पर पहुंचे और हिंदी भाषा में शपथ ली। एनडीए 3.0 सरकार में श्री नरेन्द्र मोदी के अलावा 30 कैबिनेट मंत्रियों, 5 राज्य मंत्रियों (स्वतंत्र प्रभार) और 36 राज्य मंत्रियों को भी महामहिम राष्ट्रपति द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा, श्री राजनाथ सिंह, श्री अमित शाह जैसे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं एनडीए नेताओं ने देश भर में चुनाव प्रचार के दौरान जनता से आशीर्वाद मांगा। यह चुनाव प्रक्रिया सात चरणों में पूर्ण हुई और लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम 04 जून, 2024 को घोषित किए गए। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों की तरह मतदाताओं ने एक बार फिर भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के पक्ष में मतदान किया और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को ऐतिहासिक एवं शानदार जीत दिलाई। इसी के साथ देश में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ। भारतीय इतिहास में यह उल्लेखनीय क्षण है, क्योंकि एनडीए ने लगातार तीसरी बार अपनी सत्ता बरकरार रखी है।

भव्य शपथ ग्रहण समारोह के दौरान 30 कैबिनेट मंत्रियों ने शपथ ली। श्री राजनाथ सिंह, श्री अमित शाह, श्री नितिन जयराम गडकरी, श्री जगत प्रकाश नड्डा, श्री शिवराज सिंह चौहान, श्रीमती

# मोदीजी ने लगातार तीसरी बार
# गोपनीयता की ली शपथ

## मंत्रियों ने भी शपथ ली

निर्मला सीतारमण, डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर, श्री मनोहर लाल, श्री एच. डी. कुमारस्वामी, श्री पीयूष गोयल, श्री धर्मेंद्र प्रधान, श्री जीतन राम मांझी, श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, श्री सर्बानंद सोनोवाल, डॉ. वीरेंद्र कुमार, श्री किंजरापु राममोहन नायडू, श्री प्रल्हाद जोशी, श्री जुएल ओराम, श्री गिरिराज सिंह, श्री अश्विनी वैष्णव, श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, श्री भूपेंद्र यादव, श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, श्री किरेन रिजिजू, श्री हरदीप सिंह पुरी, डॉ. मनसुख मंडाविया, श्री जी. किशन रेड्डी, श्री चिराग पासवान एवं श्री सी. आर. पाटिल ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में कुल 5 मंत्रियों ने शपथ ली। राव इंद्रजीत सिंह, डॉ. जितेंद्र सिंह, श्री अर्जुन राम मेघवाल, श्री जाधव प्रतापराव गणपतराव एवं श्री जयंत चौधरी ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह में 36 राज्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। श्री



राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आज शाम हुए समारोह में मैंने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। मैं और मंत्रिपरिषद के मेरे सहयोगी 140 करोड़ देशवासियों की सेवा करने और देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एनडीए सरकार में मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले सभी साथियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। मंत्रियों की इस टीम में युवा जोश और अनुभव का अद्भुत संगम है। हम सभी देशवासियों का जीवन बेहतर बनाने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखेंगे। मैं शपथ ग्रहण समारोह का हिस्सा बने दुनियाभर के गणमान्य अतिथियों का भी हृदय से आभारी हूं। विश्व बंधु के रूप में भारत सदैव अपने निकट साझेदारों के साथ मिलकर मानवता के हित में काम करता रहेगा।

**– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**



जितिन प्रसाद, श्री श्रीपद येसो नाइक, श्री पंकज चौधरी, श्री कृष्ण पाल, श्री रामदास अठावले, श्री राम नाथ ठाकुर, श्री नित्यानंद राय, श्रीमती अनुप्रिया पटेल, श्री वी. सोमन्ना, डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी, प्रो. एस. पी. सिंह बघेल, सुश्री शोभा करंदलाजे, श्री कीर्तिवर्धन सिंह, श्री बी. एल. वर्मा, श्री शांतनु ठाकुर, श्री सुरेश गोपी, डॉ. एल. मुरुगन, श्री अजय टम्टा, श्री बंदी संजय कुमार, श्री कमलेश पासवान, श्री भागीरथ चौधरी, श्री सतीश चंद्र दुबे, श्री संजय सेठ, श्री रवनीत सिंह, श्री दुर्गादास उइके, श्रीमती रक्षा निखिल खडसे, श्री सुकांत मजूमदार, श्रीमती सावित्री ठाकुर, श्री तोखन साहू, श्री राज भूषण चौधरी, श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा, श्री हर्ष मल्होत्रा, श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभनिया, श्री मुरलीधर मोहोल, श्री जॉर्ज कुरियन और श्री पबित्रा मार्गेरिटा ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली।

इस भव्य आयोजन के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, "आज शाम को आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। मैं 140 करोड़ भारतीयों की सेवा करने तथा भारत को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए मंत्रिपरिषद के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हूं।

आज शपथ लेने वाले सभी लोगों को बधाई। मंत्रियों की यह टीम युवा एवं अनुभवी लोगों का बेहतरीन मिश्रण है और हम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।"

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा, "मुझ पर भरोसा जताने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभारी हूं। मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने विकास, नवाचार एवं समृद्धि को बढ़ावा देते हुए उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

मैं पूरी लगन और ईमानदारी के साथ अथक परिश्रम कर, मुझे सौपीं गयी इस जिम्मेदारी का निर्वहन करने की प्रतिज्ञा करता हूं। हम सब मिलकर हर नागरिक के लिए एक उज्ज्वल, अधिक समावेशी भविष्य की ओर यात्रा शुरू करेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारी प्रगति एवं विकास यात्रा में कोई भी पीछे न छूटे। जय हिंद!"


श्री राजनाथ सिंह ने कहा, "मुझ पर उनके निरंतर विश्वास और भरोसे के लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मैं भारत के रक्षा मंत्री के रूप में अपनी मातृभूमि की सेवा करना जारी रखूंगा। भारत की सीमा की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी और हम भारत की अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा करना जारी रखेंगे। प्रधानमंत्री मोदीजी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम 'मेक इन इंडिया' को मजबूत करने और रक्षा विनिर्माण एवं निर्यात को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए स्वयं को फिर से समर्पित करेंगे।"

श्री अमित शाह ने कहा, "प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के रूप में पद की शपथ ली। देश और देशवासियों की सेवा करने का मुझे दोबारा अवसर देने के लिए मैं मोदी जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।



श्री नरेन्द्र मोदी जी को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने विकास का एक सुनहरा युग देखा है। राजग सरकार ने अपनी कुशल नीतियों एवं पहलों के माध्यम से देश की वास्तविक क्षमता को उजागर किया है, जिसके कारण महिलाओं, गरीबों, किसानों एवं युवाओं समेत समाज के हर वर्ग में खुशहाली आई है। जैसाकि हम इस नई यात्रा पर आगे बढ़ रहे हैं, मुझे विश्वास है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों को छूता रहेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।

**– जगत प्रकाश नड्डा**
**भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष**



भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर एक नया इतिहास रच दिया है। मैं उन्हें इस अवसर पर हार्दिक बधाई देता हूं और 140 करोड़ भारतवासियों की ओर से उनका अभिनंदन करता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि मोदीजी के नेतृत्व में एनडीए सरकार विकसित, सुरक्षित और समृद्ध भारत के संकल्प को पूरा करने में और देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी।

**– राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**



भारत के लिए एक अविस्मरणीय दिन...
श्री नरेन्द्र मोदी जी को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने की बहुत-बहुत बधाई। आज हम विकसित व 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण की यात्रा के अगले चरण में प्रवेश कर रहे हैं। मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ गरीबों और किसानों के उत्थान के लिए कटिबद्ध रहेगी और पूरब, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण को एकता के सूत्र में बांधकर सशक्त भारत का निर्माण करेगी।

**– अमित शाह**
**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री**

प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हम भारत की आकांक्षाओं को पूरा करने और एक ऐसे 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे जो विकास के हर क्षेत्र में अग्रणी होगा।"

स्वतंत्रता के बाद और विशेष रूप से 1962 के बाद से यह पहली बार है कि कोई मौजूदा सरकार लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए विजयी हुई है। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अब पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है, जिन्होंने लगातार तीन बार सरकार बनाई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपलब्धि को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने हाल ही में कहा था कि यह पिछले छह दशकों में पहली बार है कि कोई प्रधानमंत्री लगातार तीसरे कार्यकाल के साथ सत्ता में लौटा है। उन्होंने कहा, "यह 1962 के बाद पहली बार है कि किसी प्रधानमंत्री को तीसरा कार्यकाल हेतु कार्य करने का अवसर मिला है।"

इस समारोह में श्रीलंका के राष्ट्रपति श्री रानिल विक्रमसिंघे; मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू; सेशेल्स के उपराष्ट्रपति श्री अहमद अफीफ; बांग्लादेश की प्रधानमंत्री श्रीमती शेख हसीना; मॉरीशस के प्रधानमंत्री श्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ अपने जीवनसाथी के साथ; नेपाल के प्रधानमंत्री श्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड', भूटान के प्रधानमंत्री श्री शेरिंग तोबगे शामिल हुए। मालदीव, बांग्लादेश, नेपाल और भूटान के नेताओं के साथ उनके मंत्री भी थे।

प्रमुख राजनीतिक हस्तियों के अलावा अध्यात्म, उद्योग, फिल्म और अन्य विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोग भी इस भव्य शपथ ग्रहण समारोह का हिस्सा बने। ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों के साथ-साथ नए संसद भवन के निर्माण में शामिल सफाई कर्मचारी और मजदूर भी इस समारोह में शामिल हुए। शपथ ग्रहण समारोह को देखने के लिए राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में करीब 9,000 लोग मौजूद थे। ■











अमर जवान




# केन्दीय मंत्रिपरिषद

**श्री नरेन्द्र मोदी**

प्रधानमंत्री तथा उल्लेखित मंत्रालयों के प्रभारीः कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय; परमाणु ऊर्जा विभाग; अंतरिक्ष विभाग; सभी महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दे और अन्य सभी विभाग, जो किसी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए हैं।

**श्री राजनाथ सिंह**

रक्षा मंत्री




**श्री अमित शाह**

गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री




**श्री नितिन जयराम गडकरी**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री



**श्री जगत प्रकाश नड्डा**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्री



**श्री शिवराज सिंह चौहान**

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री




**श्रीमती निर्मला सीतारमण**

वित्त मंत्री और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री




**डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर**

विदेश मंत्री




**श्री मनोहर लाल**

आवासन और शहरी कार्य मंत्री तथा ऊर्जा मंत्री




**श्री एच. डी. कुमारस्वामी**

भारी उद्योग मंत्री और इस्पात मंत्री




**श्री पीयूष गोयल**

वाणिज्य और उद्योग मंत्री




**श्री धर्मेंद्र प्रधान**

शिक्षा मंत्री



**श्री जीतन राम मांझी**

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री



**श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह**

पंचायती राज मंत्री तथा मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री




**श्री सर्बानंद सोनोवाल**

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री



**डॉ. वीरेंद्र कुमार**

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री



**श्री किंजरापु राममोहन नायडू**

नागर विमानन मंत्री



**श्री प्रल्हाद जोशी**

उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री



**श्री जुएल ओराम**

जनजातीय कार्य मंत्री



**श्री गिरिराज सिंह**

वस्त्र मंत्री



**श्री अश्विनी वैष्णव**

रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री




**श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया**

संचार मंत्री तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री




**श्री भूपेंद्र यादव**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री



**श्री गजेंद्र सिंह शेखावत**

संस्कृति मंत्री तथा पर्यटन मंत्री



**श्रीमती अन्नपूर्णा देवी**

महिला एवं बाल विकास मंत्री



## श्री किरेन रिजिजू

संसदीय कार्य मंत्री तथा
अल्पसंख्यक कार्य मंत्री




## श्री हरदीप सिंह पुरी

पेट्रोलियम एवं
प्राकृतिक गैस मंत्री



## डॉ. मनसुख मांडविया

श्रम एवं रोजगार मंत्री तथा
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री



## श्री जी. किशन रेड्डी

कोयला मंत्री
तथा खान मंत्री



## श्री चिराग पासवान

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री



## श्री सी. आर. पाटिल

जल शक्ति मंत्री



# राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

## श्री राव इंद्रजीत सिंह

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संस्कृति मंत्रालय के राज्य मंत्री



## डॉ. जितेंद्र सिंह

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री; कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री; परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री और अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री



## श्री अर्जुन राम मेघवाल

विधि एवं न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री



## श्री जाधव प्रतापराव गणपतराव

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री



## श्री जयंत चौधरी

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री



# राज्य मंत्री

## श्री जितिन प्रसाद

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री



## श्री श्रीपाद येसो नाईक

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री



## श्री पंकज चौधरी

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री



## श्री कृष्ण पाल

सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री




## श्री रामदास अठावले

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री



## श्री रामनाथ ठाकुर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री



## श्री नित्यानन्द राय

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री




## श्रीमती अनुप्रिया पटेल

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण में राज्य मंत्री और रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्यमंत्री



## श्री वी. सोमन्ना

जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री और रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री



## डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री और संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री



## प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल

मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री और पंचायती राज मंत्रालय में राज्य मंत्री




## सुश्री शोभा करंदलाजे

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री



**श्री कीर्तिवर्धन सिंह**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री और विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री




**श्री बी.एल. वर्मा**

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री



**श्री शान्तनु ठाकुर**

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री



**श्री सुरेश गोपी**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री और पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री




**डॉ. एल. मुरुगन**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री



**श्री अजय टम्टा**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री



**श्री बंदी संजय कुमार**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री



**श्री कमलेश पासवान**

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री




**श्री भागीरथ चौधरी**

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री



**श्री सतीश चंद्र दुबे**

कोयला मंत्रालय में राज्य मंत्री और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री



**श्री संजय सेठ**

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री




**श्री रवनीत सिंह**

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्र और रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री



## श्री दुर्गादास उइके

जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री



## श्री सुकांता मजूमदार

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री



## श्री तोखन साहू

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री



## श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा

भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री और इस्पात मंत्रालय में राज्य मंत्री



## श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया

उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्यमंत्री



## श्री जॉर्ज कुरियन

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री



## श्रीमती रक्षा निखिल खडसे

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय में राज्य मंत्री



## श्रीमती सावित्री ठाकुर

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री



## श्री राज भूषण चौधरी

जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री



## श्री हर्ष मल्होत्रा

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री



## श्री मुरलीधर मोहोल

सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री और नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री



## श्री पबित्रा मार्गेरिटा

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री और वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री



श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला



# ‘हम सब मिलकर विकसित भारत 2047 के इरादे के साथ ‘राष्ट्र प्रथम’ के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे’

श्री नरेन्द्र मोदी ने 10 जून को प्रधानमंत्री कार्यालय का कार्यभार संभाला। प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि शुरू से ही पीएमओ ने सेवा का अधिष्ठान और जनता का पीएमओ बनाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि हमने पीएमओ को एक उत्प्रेरक एजेंट के रूप में विकसित करने का प्रयास किया है, जो नई ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत बने।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का मतलब है शक्ति, समर्पण और संकल्प की नई ऊर्जा। श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि पीएमओ समर्पण के साथ लोगों की सेवा करने के लिए तैयार है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि अकेले मोदी ही सरकार नहीं चलाते, बल्कि हजारों लोग एक साथ मिलकर जिम्मेदारी उठाते हैं और परिणामस्वरूप नागरिक ही इसकी क्षमताओं की भव्यता के साक्षी बनते हैं।

श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी टीम में शामिल लोगों के पास समय की कोई बाध्यता नहीं है, सोचने की कोई सीमा नहीं है और न ही प्रयास करने के लिए कोई निर्धारित मानदंड हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे देश को इस टीम पर भरोसा है।

श्री मोदी ने इस अवसर पर अपनी टीम का हिस्सा रहे लोगों को धन्यवाद दिया और उन लोगों का भी आह्वान किया जो अगले 5 वर्षों के लिए विकसित भारत की यात्रा में शामिल होना चाहते हैं और राष्ट्र निर्माण के लिए खुद को समर्पित करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, “हम सब मिलकर विकसित भारत 2047 के इरादे के साथ 'राष्ट्र प्रथम' के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।” उन्होंने यह भी दोहराया कि उनका हर पल राष्ट्र का है।

श्री मोदी ने बताया कि इच्छा और स्थायित्व का जोड़ दृढ़ संकल्प बनाता है, जबकि दृढ़ संकल्प के साथ कड़ी मेहनत करने पर सफलता मिलती है। उन्होंने आगे कहा कि अगर किसी की इच्छा स्थायी है, तो वह संकल्प का रूप ले लेती है, जबकि लगातार बदलती इच्छा केवल एक लहर है।

श्री मोदी ने देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की इच्छा व्यक्त की और अपनी टीम को भविष्य में पिछले 10 वर्षों के काम से बेहतर प्रदर्शन करते हुए वैश्विक मानदंड से आगे निकल जाने के लिए प्रेरित किया। श्री मोदी ने कहा, “हमें देश को उन ऊंचाइयों पर ले जाना चाहिए, जिसे किसी अन्य देश ने कभी हासिल नहीं किया है।”

प्रधानमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि सफलता के लिए विचारों की स्पष्टता, दृढ़ विश्वास और काम करने की ललक जरूरी हैं। उन्होंने कहा, “अगर हमारे पास ये तीन चीजें हैं, तो मुझे नहीं लगता कि सफलता नहीं मिलेगी।”

श्री मोदी ने भारत सरकार के कर्मचारियों को श्रेय दिया जिन्होंने खुद को एक विजन के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि ये कर्मचारी सरकार की उपलब्धियों में बड़ी हिस्सेदारी के हकदार हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, “इन चुनावों ने सरकारी कर्मचारियों के प्रयासों पर मुहर लगाई है।” उन्होंने अपनी टीम को नए विचार विकसित करने और काम के पैमाने को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री मोदी ने संबोधन का समापन अपने ऊर्जावान बने रहने की वजह पर प्रकाश डालते हुए किया और कहा कि एक सफल व्यक्ति वह होता है जो अपने भीतर के छात्र को जीवित रखता है। ■

# जगत प्रकाश नड्डा ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का कार्यभार संभाला





श्री जगत प्रकाश नड्डा ने 11 जून को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री प्रतापराव जाधव और सुश्री अनुप्रिया पटेल भी मौजूद थीं।

कार्यभार संभालने के बाद श्री नड्डा ने कहा, "माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री के रूप में कार्यभार संभालकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय देश की प्रगति और लोगों की भलाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। देश की रीढ़ के रूप में स्वास्थ्य क्षेत्र न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर करता है, बल्कि स्वास्थ्य चुनौतियों को हल करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्तमान में भारत की स्वास्थ्य सेवाएं किफायती और उन्नत बुनियादी ढांचे के साथ अपनी उत्कृष्टता के लिए विश्वस्तर पर विख्यात हैं। यह परिवर्तन भारत को दुनिया भर में चिकित्सा पर्यटन के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित किया है।"

श्री नड्डा ने कार्यभार संभालने के बाद केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बातचीत की, जहां उन्हें चल रही परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श्री अपूर्व चंद्रा और अतिरिक्त सचिव (स्वास्थ्य) श्रीमती रोली सिंह सहित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। ■

# राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्री का पदभार संभाला



श्री राजनाथ सिंह ने 13 जून को रक्षा मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में उनका स्वागत किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि पहले से अधिक सुरक्षित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र की स्थापना के लिए नए सिरे से जोर देने के साथ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा उद्देश्य रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश के सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करना है। सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और सेवारत तथा सेवानिवृत्त दोनों सैनिकों के कल्याण पर हमारा मुख्य ध्यान बना रहेगा।

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य आने वाले समय में रक्षा निर्यात को बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर को छू गया था। यह ऐतिहासिक था। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 2028-2029 तक 50,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के रक्षा उपकरणों का निर्यात करना होगा।

उत्तर प्रदेश में लखनऊ से लगातार तीसरी बार लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद श्री राजनाथ सिंह ने 9 जून, 2024 को केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। उल्लेखनीय है कि श्री सिंह 2019 से 2024 के दौरान भी देश के रक्षा मंत्री रहे। ■

## अमित शाह ने केन्द्रीय गृह मंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया




श्री अमित शाह ने 11 जून को केन्द्रीय गृह मंत्री व केन्द्रीय सहकारिता मंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया। केन्द्रीय गृह मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में गृह मंत्रालय देश और देशवासियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध होकर निरंतर कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि मोदी 3.0 में देश की सुरक्षा नीतियों एवं प्रयासों को नई ऊंचाइयां मिलेगी और भारत आतंकवाद व नक्सलवाद के खिलाफ एक मजबूत शक्ति बनकर उभरेगा।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में श्री शाह ने कहा, "सहकारिता मंत्रालय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'सहकार से समृद्धि' के विजन के अनुसार किसानों को सशक्त बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में निरन्तर कार्य करता रहेगा। हमारी सरकार सहकारिता के विचार को शक्ति देते हुए इस क्षेत्र से जुड़े करोड़ों लोगों को नए अवसर प्रदान कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कटिबद्ध है। मोदी 3.0 में आज पुनः सहकारिता मंत्री का कार्यभार संभालने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।"

श्री अमित शाह पिछली मोदी सरकार में भी केंद्रीय गृह मंत्री रह चुके हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और नागरिकता (संशोधन) अधिनियम पारित कराने में अहम भूमिका निभाई थी। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में श्री शाह ने गुजरात की गांधीनगर सीट से शानदार जीत हासिल की। उन्होंने 10,10,972 वोट हासिल किए और कांग्रेस उम्मीदवार को 7,44,716 वोटों के भारी अंतर से हराया। ■

## नितिन गड़करी ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला



श्री नितिन गडकरी ने 12 जून को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। श्री अजय टम्टा और श्री हर्ष मल्होत्रा ने भी राज्य मंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

श्री गडकरी ने मोदी 3.0 में इस भूमिका को फिर से सौंपने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत में तेजी से विश्वस्तरीय और आधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास होगा।

कार्यभार संभालने के बाद श्री नितिन गडकरी ने अपने संदेश में कहा, "सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के रूप में कार्यभार संभाल रहा हूं, साथ ही राज्य मंत्री श्री अजय टम्टा जी और श्री हर्ष मल्होत्रा जी भी हैं। मोदी 3.0 में मुझे यह भूमिका फिर से सौंपने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का हार्दिक आभार। आपके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत तीव्र गति से विश्व स्तरीय, आधुनिक बुनियादी ढांचे से सुसज्जित होगा।"

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव श्री अनुराग जैन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने परिवहन भवन परिसर में केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी, राज्य मंत्री श्री अजय टम्टा और श्री हर्ष मल्होत्रा का स्वागत किया। ■

## शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का कार्यभार संभाला



श्री शिवराज सिंह चौहान ने 11 जून को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का कार्यभार संभाला। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि उन्हें यह बताते हुए प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है कि प्रधानमंत्री द्वारा कल लिया गया प्रथम निर्णय किसानों के हित में था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों की आय दोगुनी करने का संकल्प लिया है और सरकार किसानों के कल्याण के लिए हर संभव कदम उठाएगी। श्री शिवराज सिंह चौहान ने यह भी कहा कि एनडीए सरकार पिछले दस वर्षों से किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उनका मंत्रालय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर काम करता रहेगा। ■

## निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री का कार्यभार संभाला



श्रीमती निर्मला सीतारमण ने 12 जून को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री का कार्यभार संभाला। नॉर्थ ब्लॉक स्थित कार्यालय में वित्त सचिव डॉ. टी.वी. सोमनाथन और वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के अन्य सचिवों ने श्रीमती सीतारमण का स्वागत किया।

श्रीमती सीतारमण ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें एक बार फिर केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री के रूप में काम करने तथा उनके मार्गदर्शन में भारत और इसके लोगों की सेवा करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि सरकार अपने नागरिकों के लिए 'जीवन की सुगमता' सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में आगे भी कदम उठाती रहेगी। ■

## एनडीए की हैट्रिक जीत पर समाचार-पत्रों की सुर्खियां



# राजग सरकार 3.0 की पहली कैबिनेट बैठक



प्रधानमंत्री द्वारा हस्ताक्षर की गई पहली फाइल प्रधानमंत्री किसान निधि जारी करने से संबंधित

## हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है: नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद 10 जून को पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त जारी करने की अपनी पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए। इससे 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और उनमें लगभग 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे।

इस फाइल पर हस्ताक्षर करने के बाद श्री मोदी ने कहा, "हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, इसलिए यह उचित है कि कार्यभार संभालने के बाद हस्ताक्षर की गई पहली फाइल किसान कल्याण से संबंधित है। हम आने वाले समय में किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करना चाहते हैं।"

### मुख्य बातें

- हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, इसलिए यह उचित है कि कार्यभार संभालने के बाद हस्ताक्षर की गई पहली फाइल किसान कल्याण से ही संबंधित है।
- नई सरकार का पहला निर्णय किसान कल्याण के बारे में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- हम आने वाले समय में किसानों तथा कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करना चाहते हैं।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी घरों का होगा निर्माण

भारत सरकार वर्ष 2015-16 से प्रधानमंत्री आवास योजना को लागू कर रही है, जिसका उद्देश्य पात्र ग्रामीण और शहरी परिवारों को बुनियादी सुविधाओं से युक्त मकान बनाने में सहायता प्रदान करना है। पीएमएवाई के तहत आवासीय योजनाओं के अंतर्गत पिछले 10 साल के दौरान पात्र गरीब परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ मकान बनकर तैयार हो चुके हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 10 जून को निर्णय लिया गया कि पात्र परिवारों की संख्या में बढ़ोतरी से पैदा हुई आवास की जरूरतों को पूरा करने के लिए 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को मकान के निर्माण के लिए सहायता प्रदान की जाएगी।

### करोड़ों भारतीयों के 'जीवनयापन में सुगमता' और सम्मान को एक प्रोत्साहन: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण एवं शहरी घरों का निर्णय हमारे देश की आवास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने और प्रत्येक नागरिक के लिए बेहतर गुणवत्ता वाला जीवन सुनिश्चित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, "करोड़ों भारतीयों के 'जीवनयापन में सुगमता' और सम्मान को एक प्रोत्साहन! केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री आवास योजना का और विस्तार करने तथा 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण एवं शहरी घर बनाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय हमारे देश की आवास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने और प्रत्येक नागरिक के लिए बेहतर गुणवत्ता वाला जीवन सुनिश्चित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। पीएमएवाई का विस्तार समावेशी विकास एवं सामाजिक कल्याण के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।"




# नरेन्द्र मोदी सर्वसम्मति से एनडीए संसदीय दल के नेता चुने गए

एनडीए संसदीय दल ने सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को अपना नेता चुना। गत 07 जून, 2024 को नई दिल्ली के संविधान सदन में एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने श्री मोदी को एनडीए नेता के रूप में चुनने का प्रस्ताव रखा और एनडीए के सभी घटक दलों के नेताओं ने इसका समर्थन किया। श्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा में भाजपा के नेता एवं भाजपा संसदीय दल के नेता के रूप में भी चुना गया।

श्री राजनाथ सिंह ने श्री नरेन्द्र मोदी का नाम प्रस्तावित करते हुए कहा कि वह प्रधानमंत्री पद के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि अलायंस गठबंधन यह हमारे लिए कंपल्शन नहीं है, बल्कि हमारा यह कमिटमेंट है।

प्रस्ताव का समर्थन करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि यह प्रस्ताव सिर्फ हम सब बैठे हुए चंद लोगों के मन की इच्छा नहीं, यहां बैठे हुए एनडीए के घटक दलों की एक सर्वसम्मत इच्छा भी नहीं है, यह प्रस्ताव 140 करोड़ की देश की जनता के मन का घोष है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा कि हमारा देश सुखी हो, समृद्ध हो, संपन्न हो, विश्व की महाशक्ति बने और समाज के सर्वांगीण क्षेत्र में उन्नति और विकास हो, इसके लिए कटिबद्ध होकर समर्पित भाव से श्री नरेन्द्र मोदी ने काम किया है।

तेलुगु देशम पार्टी के अध्यक्ष श्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पिछले दस वर्षों में महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने कहा कि देश ने उल्लेखनीय प्रगति और परिवर्तन देखा है।

बिहार के मुख्यमंत्री एवं जदयू अध्यक्ष श्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि हम सभी एक साथ आए हैं और अब हम सभी श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मिलकर काम करेंगे।

इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा, लोजपा (आर) अध्यक्ष श्री चिराग पासवान, राकांपा नेता श्री अजीत पवार, रालोद अध्यक्ष श्री जयंत चौधरी, जन सेना अध्यक्ष श्री पवन कल्याण, अपना दल (एस) नेता श्रीमती अनुप्रिया पटेल एवं जद (एस) नेता श्री एचडी कुमारस्वामी उपस्थित थे। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव, गोवा के मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत, असम के मुख्यमंत्री श्री हिमंत बिस्वा सरमा, मणिपुर के मुख्यमंत्री श्री एन. बीरेन सिंह एवं एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के अलावा अन्य नेता भी शामिल हुए।





# सरकार बहुमत से और देश सर्वमत से चलता है : नरेन्द्र मोदी

**एनडीए संसदीय दल की बैठक 07 जून, 2024 को नई दिल्ली स्थित संविधान सदन में हुई। इस बैठक में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम विकसित भारत का संकल्प लेकर चले हैं। हमें मिलकर देश को आगे बढ़ाना है। श्री मोदी ने कहा, ''फिर से एक बार आप लोगों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, जो प्यार दिखाया है और जो समर्थन दिया है, वाकई मैं मानता हूं कि भारत के लोकतंत्र की एक बहुत बड़ी ताकत है। मैं जितना आपका आभार व्यक्त करूं उतना कम है और मैं विश्वास दिलाता हूं कि मैं आपकी आशा-अपेक्षाओं को पूरी करने में, परिश्रम करने में कोई कमी नहीं रखूंगा।'' उन्होंने कहा कि मेरा जन्म जिस 'वन लाइफ—वन मिशन' के लिए है वो है—मेरी भारत माता। मेरा मिशन 140 करोड़ देशवासियों के सपनों को पूरा करने के लिए खप जाना भी है।**

**श्री मोदी के भाषण का संपादित पाठ इस प्रकार हैः**

भारत माता की जय, भारत माता की जय। मैं सबसे पहले तो इस सभागृह में उपस्थित एनडीए घटक दलों के सभी नेतागण, नवनिर्वाचित सभी सांसदगण और हमारे राज्यसभा के भी सांसदगण, आप सबका हृदय से बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। मेरे लिए खुशी की बात है कि इतने बड़े समूह का आज मुझे यहां स्वागत करने का अवसर मिला है, जो साथी विजय हो करके आए हैं वे सभी अभिनंदन के अधिकारी हैं, लेकिन जिन लाखों कार्यकर्ताओं ने दिन-रात परिश्रम किया है, न उन्होंने दिन देखा न रात देखी और इतनी भयंकर गर्मी में हर दल के कार्यकर्ताओं ने जो पुरुषार्थ किया है, परिश्रम किया है, मैं आज संविधान सदन के इस सेंट्रल हॉल से सिर झुका करके उनको प्रणाम करता हूं। मेरा बहुत सौभाग्य है कि एनडीए के नेता के रूप में आप सब साथियों ने सर्वसम्मति से चुन करके मुझे एक नया दायित्व दिया है और इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं। व्यक्तिगत जीवन में मैं जवाबदारी का अहसास करता हूं, जब 2019 में इस सदन में मैं बोल रहा था आप सबने मुझे नेता के रूप में चुना था और तब मैंने एक बात पर बल दिया था— 'विश्वास', आज जब आप मुझे फिर से एक बार ये दायित्व देते हैं इसका मतलब है कि हम दोनों के बीच आपस में विश्वास का सेतु इतना मजबूत है। ये अटूट रिश्ता विश्वास की मजबूत धरातल पर है और ये सबसे बड़ी पूंजी होती है और इसलिए ये पल मेरे लिए भावुक करने वाले भी हैं और आप सबके प्रति जितना धन्यवाद करूं उतना कम है।

## 'संविधान सदन' में संपन्न एनडीए संसदीय दल की बैठक में मोदीजी ने संविधान को अपने माथे से लगाया



एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान नई दिल्ली में 07 जून, 2024 को 'संविधान सदन' (पुरानी संसद का केंद्रीय कक्ष) में प्रवेश करने के बाद श्री नरेन्द्र मोदी का जोरदार स्वागत हुआ। श्री मोदी ने झुककर और सम्मानपूर्वक भारत के संविधान को अपने माथे से लगाया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नवनिर्वाचित सांसदों का विनम्रतापूर्वक स्वागत किया और मंचस्थ जदयू अध्यक्ष श्री नीतीश कुमार, टीडीपी अध्यक्ष श्री चंद्रबाबू नायडू, लोजपा (रामविलास) अध्यक्ष श्री चिराग पासवान सहित अन्य एनडीए नेताओं से भेंट की। इस बैठक में 'विकसित भारत' के लिए श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विश्वास जताते हुए उन्हें भाजपा के नेता, एनडीए संसदीय दल के नेता और लोकसभा के नेता के रूप में चुना गया। ■

### 22 राज्यों में एनडीए की सरकार

बहुत कम लोग इन बातों की चर्चा करते हैं, शायद उनको सूट नहीं करता होगा लेकिन हिंदुस्तान के इतने महान लोकतंत्र की ताकत देखिए कि आज देश में 22 राज्यों में लोगों ने एनडीए को सरकार बना करके सेवा करने का मौका दिया है। हमारा ये अलायंस सच्चे अर्थ में भारत की असली जो स्पिरिट है, जो भारत की आत्मा है, भारत की जड़ों में जो रचा-बसा है, उसका एक अर्थ में प्रतिबिंब है और मैं इसलिए कह रहा हूं कि थोड़ी नजर करें, हमारे देश में 10 ऐसे राज्य जहां हमारे आदिवासी बंधुओं की संख्या प्रभावी रूप से है, निर्णायक रूप से है, उनमें से 7 राज्यों में एनडीए सेवा कर रहा है। हम सर्वपंथ समभाव के हमारे संविधान के प्रति समर्पित है और देश में चाहे हमारा गोवा हो या हमारा नॉर्थ-ईस्ट हो जहां बहुत बड़ी मात्रा में हमारे ईसाई भाई-बहन रहते हैं, आज उन राज्यों में भी एनडीए के रूप में सेवा का अवसर हमें मिला हुआ है।

प्री-पोल अलायंस हिंदुस्तान के राजनीतिक इतिहास में और हिंदुस्तान की राजनीति में गठबंधन के इतिहास में इतना सफल कभी भी नहीं हुआ है जितना कि एनडीए का हुआ है और ये गठबंधन की विजय के साथ हमने बहुमत हासिल किया है। कई बार मैं कह चुका हूं, शब्द अलग होंगे, लेकिन मेरे भाव में एक सातत्य है। सरकार चलाने के लिए बहुमत आवश्यक है, लोकतंत्र का वो ही एक सिद्धांत है लेकिन देश चलाने के लिए सर्वमत बहुत जरूरी होता है और देशवासियों को मैं यहां से विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आपने जिस प्रकार से हमें बहुमत देकर के सरकार चलाने का सौभाग्य दिया है, ये हम सबका दायित्व है कि हम सर्वमत का निरंतर प्रयास करेंगे और देश को आगे ले जाने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।

### तीन दशक एनडीए के

एनडीए को करीब-करीब 3 दशक हो चुके हैं यानी कि आजादी के 75 साल में 3 दशक एनडीए के। ये सामान्य घटना नहीं है। विविधता से भरे हुए अपने लोकतांत्रिक और सामाजिक रचना के बीच में ये 3 दशक की यात्रा, यह एक बहुत बड़ी मजबूती का संदेश देती है। आज मैं बड़े गर्व के साथ कहता हूं कि एक समय वो था कि संगठन के कार्यकर्ता के रूप में इस अलायंस का हिस्सा था,व्यवस्थाओं से जुड़ा रहता था और आज सदन में बैठ करके आपके साथ काम करते-करते मेरा भी नाता इससे 30 सालों का रहा है और मैं कह सकता हूं, हकीकत, तथ्यों के आधार पर कह सकता हूं, ये सबसे सफल अलायंस है। हम गर्व से कह सकते हैं कि 5 साल का टर्म होता है इस अलायंस ने 30 साल में से 5-5 साल के तीन टर्म सफलतापूर्वक पार किए हैं और अलायंस चौथे टर्म में एंटर कर रहा है।

इस बात को जो राजनीति के विशेषज्ञ हैं, अगर मुक्त मन से, मुक्त मन शब्द की बहुत महत्ता है, वे सोचेंगे तो पाएंगे कि एनडीए सत्ता प्राप्त करने का या सरकार चलाने का कुछ दलों का जमावड़ा

नहीं है। ये 'राष्ट्र प्रथम' की मूल भावना से नेशन फर्स्ट के प्रति कमिटेड ऐसा ये समूह है। 30 साल का लंबा कालखंड शुरू में शायद असेंबल हुआ होगा, लेकिन आज मैं कह सकता हूं कि भारत की राजनीति व्यवस्था में एक 'ऑर्गेनिक अलायंस' है। ये मूल्य स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी, श्री प्रकाश सिंह जी बादल, श्री बाला साहेब ठाकरे, श्री जॉर्ज फर्नांडिस, श्री शरद यादव अनगिनत नाम मैं कह सकता हूं; इन लोगों ने जिस बीज को बोया था वो आज भारत की इस जनता ने विश्वास का सिंचन कर-करके इस बीज को वटवृक्ष बना दिया है। हम सबके पास ऐसे महान नेताओं की विरासत है और हमें इसका गर्व है। बीते 10 वर्षों में हमने एनडीए की उसी विरासत, उसी मूल्यों को लेकर के निरंतर आगे बढ़ने का और देश को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। जैसा मैंने कहा कि मुक्त मन से राजनीति के विश्लेषक अगर विश्लेषण करेंगे तो देखेंगे कि एनडीए में एक कॉमन चीज नजर आती है और वो है गुड-गवर्नेंस। हम सबने अपने-अपने समय में, अपने-अपने कार्यकाल में जब-जब जहां सेवा करने का मौका मिला है 'गुड गवर्नेंस' इस देश को दिया है और इस प्रकार से एनडीए एक प्रकार से एनडीए कहते ही गुड गवर्नेंस, ये अपने आप पर्यायवाची बन जाता है।

### गरीब कल्याण हम सबका केंद्र बिन्दु

हम लोगों के सभी के कार्यकाल में, चाहे मैं गुजरात में रहा हूं चाहे चंद्रबाबूजी हमारे आंध्र में रहे हों या नीतीश जी ने बिहार के लिए भरपूर सेवा की, हम सबके अंदर केंद्रबिंदु में गरीब का कल्याण केंद्रस्थ रहा है और देश ने एनडीए के, गरीब कल्याण के, गुड गवर्नेंस के 10 साल को देखा है। इतना ही नहीं है, मैं कह सकता हूं देश ने इसे जीया है। जनता-जनार्दन ने सरकार क्या होती है, सरकार क्यों होती है, सरकार किसके लिए होती है, सरकार कैसे काम करती है इसको पहली बार अनुभव किया है, वरना जनता और सरकारों के बीच में खाई की व्यवस्था ही बनी हुई थी, हमने उसको पाट दिया है। हमने 'सबका प्रयास' का मंत्र देश को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए चरितार्थ करके देखा है।

### हम विकास का नया अध्याय लिखेंगे

एनडीए सरकार में हम, मैं बहुत जिम्मेवारी के साथ कह रहा हूं, अगले 10 साल में गुड गवर्नेंस, विकास, नागरिकों के जीवन में क्वालिटी ऑफ लाइफ और मेरा व्यक्तिगत रूप से एक बहुत बड़ा ड्रीम है, मैं लोकतंत्र की समृद्धि को जब सोचता हूं तो मैं चाहता हूं कि सामान्य मानवी के जीवन में से और खासकर के मध्यम वर्ग, उच्च मध्यम वर्ग उनके जीवन में से सरकार की दखल जितनी कम हो, उतनी लोकतंत्र की मजबूती है। हम बदलाव चाहते हैं। गुड गवर्नेंस का ये भी एक महत्वपूर्ण पहलू है। हम विकास का नया अध्याय लिखेंगे, गुड गवर्नेंस का नया अध्याय लिखेंगे, जनता-जनार्दन की भागीदारी का नया अध्याय लिखेंगे और सब मिल करके विकसित भारत के सपने को साकार करके रहेंगे।

## तीसरी बार प्रधानमंत्री पद का दावा पेश करने से पहले श्री नरेन्द्र मोदी ने श्री ल



केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का दावा पेश करने से पहले एनडीए संसदीय दल के नेता श्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं— श्री लालकृष्ण आडवाणी एवं डॉ. मुरली मनोहर जोशी से 07 जून, 2024 को नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर भेंट की।

एनडीए संसदीय दल के नेता, भाजपा संसदीय दल के नेता एवं लोकसभा में भाजपा नेता चुने जाने के तुरंत बाद श्री मोदी ने श्री आडवाणी से भेंट की और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी से मुलाकात की। इसके बाद श्री मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द से नई दिल्ली में उनके आवास पर भेंट की।

इसके पश्चात् श्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रपति भवन गए और राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से भेंटकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। ■

### अपना-पराया कुछ नहीं

एनडीए में और मैं अगर विस्तार से कहूं तो सदन में किसी भी दल का कोई भी जन प्रतिनिधि होगा, मेरे लिए सब बराबर है। जब मैं सबका प्रयास की बात करता हूं तो मैं सदन में भी चाहे वो लोकसभा हो या राज्यसभा हमारे लिए सब बराबर है। ये ही एक भाव है जिसके कारण 30 साल से एनडीए अलायंस मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। अपना-पराया कुछ नहीं है। सबको गले लगाने में हमने कभी कोई कमी नहीं रखी है उसी का परिणाम है कि हम जनता का विश्वास भी जीत पाते हैं। हमने 2024 में जिस टीम भावना से काम किया है और ग्रास रूट लेवल पर किया है, सिर्फ फोटो ऑप नेता मिल करके हाथ हिलाएं और तुम-तुम्हारे रास्ते मैं-मेरे ऐसा नहीं है, ग्रास रूट लेवल तक सबने मिल करके ये जो काम किया है,उसी ने हमें ऑर्गेनिक अलायंस का सामर्थ्य दिया है। एक-दूसरे का सहयोग किया है, हर किसी ने यही सोचा 'जहां कम, वहां हम'। अगर कोई कमी है तो मैं आऊंगा मैं मेहनत करूंगा, लेकिन तुम्हें कमी नहीं रहने दूंगा। 'जहां कम, वहां हम' यह हर कार्यकर्ता ने जी करके दिखाया है और तभी तो जीत आती है। कभी-कभी मैं कह सकता हूं कि हमारा 10 साल का अनुभव है, भारत के हर क्षेत्र का और भारत के हर नागरिक का जो एस्पिरेशंस हैं, रीजनल एस्पिरेशंस हैं वे और नेशनल एस्पिरेशंस इसका एक अटूट नाता होना चाहिए, इसके बीच में हवा तक गुजर न सके इतना जुड़ाव होना चाहिए तब देश आगे बढ़ेगा।

### दक्षिण भारत में एनडीए ने एक नई राजनीति की नींव मजबूत की

इस चुनाव में मैं कुछ उल्लेख जरूर करना चाहूंगा जो मेरी नजरिए से मैंने देखा है। दक्षिण भारत में एनडीए ने एक नई राजनीति की नींव मजबूत की है। अब देखिए कर्नाटक एवं तेलंगाना में, अभी-अभी तो इनकी सरकारें बनी थीं, लेकिन पल भर में ही लोगों का विश्वास टूट गया, भ्रम से लोग बाहर आ गए और एनडीए को गले लगा लिया। कर्नाटक और तेलंगाना में दोनों जगह। मैं तमिलनाडु की टीम को भी बधाई देना चाहूंगा और वहां हमारा एनडीए समूह बहुत बड़ा भी है और कइयों को पता था कि हम शायद एक सीट नहीं ला पाएंगे, लेकिन इस लड़ाई में हम साथ रहे। बहुत से एनडीए के साथी तमिलनाडु में ऐसे हैं कि जिनका कोई उम्मीदवार नहीं था, लेकिन इस झंडे को ऊंचा रखने के लिए वो जी-जान से जुटे रहे। और इसलिए आज तमिलनाडु में भले हम सीट नहीं जीत पाए, लेकिन जिस तेजी से एनडीए का वोट शेयर बढ़ा है वो साफ-साफ संदेश दे रहा है कि कल में क्या लिखा हुआ है?

### केरल में सैकड़ों कार्यकर्ताओं का बलिदान

पुडुचेरी हो, केरल हो... केरल में हमारे सैकड़ों कार्यकर्ता बलिदान हुए। यूडीएफ हो या एलडीएफ हो, शायद हिंदुस्तान के राजनीतिक जीवन में इतना जुल्म एक विचारधारा को लेकर के जीने वाले लोगों पर हुआ होगा तो सिर्फ मैं कह सकता हूं केरल में हुआ होगा। जम्मू-

## ालकृष्ण आडवाणी, श्री मुरली मनोहर जोशी एवं श्री रामनाथ कोविंद से भेंट की





कश्मीर से भी ज्यादा हुआ है। उसके बावजूद भी सामने कहीं विजय नजर नहीं आती थी। वे परिश्रम की पराकाष्ठा में कभी पीछे नहीं रहे, पीढ़ियां खपा दीं और आज पहली बार संसद में केरल से हमारा प्रतिनिधि बनके आया है। अरुणाचल में लगातार हमारी सरकार बनती रही है और भारी समर्थन से बनती है। सिक्किम में भी हमारे एनडीए की सरकार करीब-करीब क्लीन स्वीप के साथ, अरुणाचल क्लीन स्वीप, आंध्र प्रदेश में, चंद्रबाबुजी से पूछ रहा था बोले हिस्टोरिकल। ये सबसे हाईएस्ट विक्ट्री है और जो यहां दिखता है ना पवन, ये पवन नहीं आंधी है। आंध्र ने इतना बड़ा हमारे प्रति जनमत दिया है, जो हिंदुस्तान के लिए एक सामान्य मानवी की विकास की जो जिजीविषा है, उसका प्रतिबिंब है। मैंने अनुभव किया हमेशा, मैं हमेशा मानता हूं ईश्वर के अनेक रूप होते हैं लेकिन जब मैं भगवान महाप्रभु जगन्नाथ जी को याद करता हूं तो मैं हमेशा मानता हूं ये गरीबों के देवता हैं और वहां जो क्रांति रूप परिणाम आया है। मैं एक रिवोल्यूशन देख रहा हूं और मैं इसके साथ कह सकता हूं कि 'विकसित भारत' का हमारा जो सपना है, आने वाले 25 वर्ष— पहले मैंने 10 साल कहा था— यहां मैं 25 साल कह रहा हूं। आने वाले 25 साल महाप्रभु जगन्नाथ जी की कृपा से उड़ीसा, विकास यात्रा के ग्रोथ इंजन में से एक होगा।



## ईवीएम जिंदा है या मर गया?

जब 4 जून के नतीजे चल रहे थे मैं तो अपने काम में कुछ व्यस्त था, बाद में फोन आना शुरू हो गए तो मैंने किसी को पूछा यार ये तो ठीक है आंकड़े-वाकड़े, तो मुझे ये बताओ कि ईवीएम जिंदा है कि मर गया। क्योंकि ये लोग तय करके बैठे थे कि भारत के लोकतंत्र और लोकतंत्र की प्रक्रिया के प्रति विश्वास ही लोगों का उठ जाए और लगातार ईवीएम को गाली देना और मुझे तो लगता था शायद इस बार वो ईवीएम की अर्थी जुलूस निकालेंगे। लेकिन चार जून शाम आते-आते उनको ताले लग गए। ईवीएम ने उनको चुप कर दिया। ये ताकत है भारत के लोकतंत्र की। ये ताकत है भारत की निष्पक्षता की। ये ताकत है भारत के चुनावी तंत्र की; चुनाव आयोग की और मैं ये आशा करता हूं कि पांच साल तो अब ईवीएम शायद मुझे नहीं सुनाई देगा लेकिन जब 2029 में हम आएंगे तो फिर से शायद ईवीएम को लेकर के नाचने की शुरुआत करेंगे; क्योंकि इनके सुधरने की संभावनाएं बहुत कम है। आप देखिए चुनाव के समय मैंने पहली बार देखा, शायद हर तीसरे दिन इलेक्शन कमीशन के काम में रुकावट आए इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे खटखटाए गए। भांति-भांति की एप्लीकेशन और एक ही टोली थी और लोकतंत्र के प्रति जिनका भारी अविश्वास है ऐसे लोग सुप्रीम कोर्ट का उपयोग करते हुए कैसे रुकावट डाले इसका निरंतर प्रयास करते रहे। चुनाव आयोग की ताकत का एक बड़ा हिस्सा अदालतों में, पीक आवर्स में, चुनाव के पीक आवर्स में, यानी कितनी निराशा ले करके ये लोग मैदान में आए थे कि उन्होंने पूरा हमला उसी इंस्टिट्यूट पर लगा दो, ताकि चुनाव के कोई भी परिणाम आए हम दुनिया के सामने भारत को भी बदनाम कर लें। ये षड्यंत्र का हिस्सा था और कभी भी देश उनको माफ नहीं करेगा। इंडी गठबंधन वाले जब ईवीएम का विरोध करते हैं तो मैं सिर्फ एक चुनाव के रूप में नहीं देख रहा, मैं मानता हूं ये लोग मन से पिछली शताब्दी के सोच वाले लोग हैं, वे टेक्नोलॉजी का महत्व न समझते हैं न टेक्नोलॉजी स्वीकार करने को तैयार हैं। ये सिर्फ ईवीएम में दिखाई दिया ऐसा नहीं, यूपीआई में दिखाई दिया; जब हमने कहा कि हिंदुस्तान के लोग डिजिटल ट्रांजेक्शन करेंगे फिनटेक की दुनिया में आज हिंदुस्तान का नाम हो गया, मानने को तैयार नहीं। आधार आज देश की पहचान बना है। मैं तो देख रहा हूं कि मुझे कई देश कहते हैं हमें आधार की पद्धति से आगे बढ़ना है आप कैसे मदद कर सकते हैं। उस आधार को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में बार-बार-बार जाकर के परेशानियां पैदा कीं, यानी मूलतः ये प्रगति के विरोधी, आधुनिकता के विरोधी, टेक्नोलॉजी के विरोधी इंडी अलायंस हमने देखा है।

इस देश के लिए ये भी चिंता का विषय है कि विश्व में भारत के लोकतंत्र की ताकत को कम आंकने का प्रयास... कितना एक्सट्रीम है मैं दुनिया में ढोल पीट रहा हूं कि हम 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' है। और ये दुनिया में जा करके बता रहे— नहीं-नहीं हमारे देश में तो डेमोक्रेसी जैसा कुछ नहीं, वो मोदी बैठ गया है वो चाय बेचने वाला यहां पहुंच कैसे गया, कुछ तो गड़बड़ की होगी। ये जो इनकी मनोस्थिति है, भारत के नागरिकों को चुनाव प्रक्रिया के प्रति अविश्वास पैदा

करने का जो उनका षड्यंत्र है, मैं मानता हूं कि अब दुनिया भी भारत के लोकतंत्र की विविधता, विशालता, व्यापकता, गहनता इन सबको भी जानने-समझने के लिए आकर्षित होगी। ऐसे इस चुनाव के नतीजे मैं देख रहा हूं। जब एक जून को मतदान पूरा हुआ और 4 जून को काउंटिंग, इस बीच की चीजों को आप देखिए, योजनाबद्ध तरीके से देश को हिंसा की आग में झोंकने का बयान दिए जाते रहे। यहां इकट्ठे होना, यहां पहुंचना, यहां करना, कुछ लोग इस चीज को गंभीर नहीं लेंगे लेकिन ये बहुत गंभीर है। आप भारत के लोकतंत्र को पहले, उसकी व्यवस्था को अनादर करते हो। परिणाम आने से पहले एक ऐसा माहौल बना दो कि बस आग लगा देंगे। हर प्रकार से उन शब्दों का अर्थ यही निकलता है उन्होंने देश को उस दिशा में ले जाने का प्रयास किया था। लगातार देश को गुमराह करने का प्रयास किया गया। देश के लोगों को बांटने का प्रयास किया। चुनाव एक ऐसा लोकोत्सव हो होता है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को हम जोड़ें, तोड़ने के लिए नहीं होता है लेकिन हर प्रकार से कोशिश यही की गयी। मैं मानता हूं कि 2024 के लोकसभा के चुनाव के जो नतीजे हैं, हर पैरामीटर से देखेंगे। दुनिया ये मानती है और मानेगी कि ये एनडीए का महाविजय है और आपने देखा- दो दिन कैसा चला जैसे हम तो हार चुके हैं। चारों तरफ यही दिखता था क्योंकि उनको अपने कार्यकर्ताओं का मोरल हाई करने के लिए ऐसे काल्पनिक, फरेब ये करने पड़ रहे। गठबंधन के इतिहास में अगर आंकड़ों के हिसाब से देखें तो ये सबसे मजबूत गठबंधन की सरकार है। लेकिन कोशिश ये की गई कि इस विजय को स्वीकार न करना, उसको पराजय के छाया में डुबो के रखना। लेकिन उसके ऐसी चीजों की बाल मृत्यु हो जाती है और हो भी गई लेकिन देशवासी जानते हैं कि न हम हारे थे न हम हारे हैं। लेकिन चार तारीख के बाद हमारा जो व्यवहार रहा है वो हमारी पहचान बताता है कि हम विजय को पचाना जानते हैं, हमारे संस्कार ऐसे हैं कि विजय की गोद में उन्माद पैदा नहीं होता है और न ही पराजित लोगों के प्रति उपहास करने के हमारे संस्कार हैं। हम विजय को भी पचाते हैं और पराजित का भी उपहास करने की विकृति हम नहीं पालते, ये हमारे संस्कार हैं। आप किसी भी बालक को पूछो कि भाई लोकसभा के चुनाव के पहले सरकार किसकी थी तो कहेगा एनडीए की। 2024 के नतीजों के बाद सरकार किसकी बनी एनडीए की। तो हारे कहां से भाई? पहले भी एनडीए थी, आज भी एनडीए और कल भी एनडीए है। आप सोचिए 10 साल बाद भी कांग्रेस 100 के आंकड़े को नहीं छू पाई। अगर मैं 2014, 2019 और 2024 तीन चुनाव को जोड़ करके कहूं, कांग्रेस के कुल तीन चुनाव जोड़ दूं और इन तीन चुनाव में जितनी सीटें इन्हें मिली है उससे ज्यादा हमें इस चुनाव में मिली है और मैं साफ देख रहा हूं। इंडी वालों को ये अंदाज नहीं है वे धीरे-धीरे पहले तो डूब रहे थे अब तेज गति से ये गर्त में जाने वाले हैं। इंडी अलायंस वाले देश के सामान्य नागरिकों की जो समझ है आज भी वो उसके सामर्थ्य को समझ नहीं पाए या समझना चाहते नहीं हैं। इन लोगों का जो व्यवहार रहा है चार तारीख के बाद मैं आशा करता था कि वे लोकतंत्र का सम्मान करेंगे, लेकिन उनके व्यवहार से लगता है कि शायद उनमें ये संस्कार आएं इसके लिए हमें और इंतजार करना पड़ेगा। और तो मैं ज्यादा कुछ कह नहीं सकता। ये वो लोग हैं जो खुद की पार्टी के पीएम का अपमान करते हैं, उसके निर्णयों को फाड़ देते हैं, खुद की पार्टी के विदेशी मेहमान आ जाएं तो उसके लिए चेयर नहीं होती थी, ये सारे दृश्य आपने देखें हैं। लोकतंत्र हमें सबका सम्मान करना सिखाती है। विपक्ष में भी जो सांसद जीत करके आए हैं मैं उनको भी बधाई देता हूं और मैं पिछले 10 वर्ष में एक चीज मिस कर रहा था कि डिबेट, पार्टिसिपेशन, क्वालिटी ऑफ डिबेट्स। हमारे साथी भी राष्ट्र हित की नियत के साथ



**नई दिल्ली में 7 जून, 2024 को एनडीए नेताओं ने भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी से भेंट की और भाजपा एवं एनडीए के सभी घटक दलों के समर्थन पत्र सौंपे, जिसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को सर्वसम्मति से एनडीए का नेता चुना गया है**



राष्ट्रपति भवन (नई दिल्ली) में 07 जून, 2024 को भारत के संविधान के अनुच्छेद 75 (1) के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने श्री नरेन्द्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री के पद पर नियुक्त किया

सदन में आएंगे और भले वो विपक्ष में बैठे होंगे लेकिन राष्ट्र के विपक्ष में नहीं है, हमारे विपक्ष में है। राष्ट्र में तो हम सब एक ही दिशा में है, राष्ट्र में हमारा कोई पक्ष-विपक्ष नहीं है, राष्ट्र में हम 140 करोड़ है। मैं आशा करता हूं कि वो राष्ट्र हित की भावना को लेकर के सदन में आएंगे, सदन को समृद्धि देने में वे कुछ न कुछ योगदान करेंगे।

2024 का जनादेश एक बात को बार-बार मजबूती दे रहा है कि देश को आज के वातावरण में सिर्फ और सिर्फ एनडीए पर ही भरोसा है और जब इतना अटूट विश्वास है, इतना भरोसा है तो स्वाभाविक है देश की अपेक्षाएं भी बढ़ेंगी और मैं इसे अच्छा मानता हूं और हम सबका कर्तव्य भी मानता हूं। मैंने पहले भी कहा था जो 10 वर्ष हमने काम किया है वो तो ट्रेलर है। वो मेरा चुनावी वाक्य नहीं था ये मेरा कमिटमेंट है। हमें और तेजी से, और विस्तार से, और तेज गति से देश की आकांक्षाओं को पूर्ण करने में रत्ती भर भी विलंब नहीं ही करना है। जनता-जनार्दन चाहती है हम पहले से ज्यादा डिलीवर करें, जनता चाहती है कि हम खुद ही हमारे पुराने रिकॉर्ड तोड़े। मैं एक तरफ एनडीए रखूं दूसरी तरफ भारत के लोगों के सपने और संकल्पों को रखूं तो मैं कहूंगा एनडीए- न्यू इंडिया, डेवलप्ड इंडिया, एस्पिरेशनल इंडिया और इसी सपने और संकल्पों को पूरा करना ये हम सबका संकल्प भी है, कमिटमेंट भी है और हमारे पास रोडमैप भी है।

## एनडीए विकसित भारत का संकल्प लेकर चुनाव में गया था

एनडीए ने हमेशा करप्शन फ्री, रिफॉर्म ओरिएंटेड, स्थिर सरकार देश को दी है। जब-जब हमें अवसर मिला, हम लोगों ने काम किया है। उसके सामने कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए, अब उन्होंने पुरानी अपनी छवि सुधारने के लिए नाम बदल दिया, लेकिन पहचान घोटालों की है, आए दिन घोटाले यही पहचान रही है और नाम बदलने के बावजूद भी देश उनके घोटालों को नहीं भूला है, उनको नकारा है। मैं कह सकता हूं कि इंडी अलायंस वालों ने एक व्यक्ति का अप्रोच करने के वन प्वाइंट एजेंडा के कारण देश की जनता ने उनको ही अपोजिशन में बिठा दिया है। एनडीए 'विकसित भारत' इस संकल्प को ले करके चुनाव में गया था, देश के लिए सकारात्मक सोच को ले करके गया था, देश की युवा शक्ति के सामर्थ्य को समझ करके नए अवसरों को ले करके देश को आगे बढ़ने की बात ले करके गया था, जबकि हमारे सामने जो लोग थे वो भ्रम फैलाना, झूठ फैलाना, यही गुमराह करने वाले काम करते रहे थे। अब एनडीए और उनको। इवन नामांकन में जाएंगे तो भी आपको दिखेगा, उनका चुनाव प्रचार, उनका नामांकन हम लोगों का एक-एक दृश्य देख लीजिए और उनका एक-एक दृश्य देखिए, कितना बड़ा अंतर है। हर चीज में उनका कैरेक्टर दिखाई देता है और क्या रहा फोटो ऑप के लिए, तो उन्होंने अलायंस घोषित कर दिया लेकिन कितने ही राज्यों में वो आपस में लड़ते रहे हैं। चुनावी जंग में एक-दूसरे की पीठ में छुरा भोंकते रहे। कभी उन्होंने कहा ये तो हमारा वैचारिक अलायंस है, वो विचार लेवल पर ठीक है बाकी नीचे तो अपना हम तैयार करेंगे।अब फिर उन्होंने कहा हम तो सीट के आधार पर अलायंस करेंगे, टोटल न भी करें, ये भी खेल खेला और अभी-अभी तो चुनाव पूरा हुआ और शुरु कर दिया कि ये तो हमारा अलायंस लोकसभा के चुनाव के लिए था बाद में नहीं है, ये भी शुरू कर दिया। यानी मैंने बहुत पहले कहा था आप देख लेना 4 जून के बाद बिखराव शुरू हो जाएगा और वो शुरू हो चुका है। इसका मतलब ये हुआ कि वो सिर्फ और सिर्फ सत्ता सुख के लिए एक-दूसरे का साथ देने की कोशिश करते थे लेकिन उनमें उनका अगर स्वार्थ निश्चित होता तो साथ देना, वरना नहीं देना। ये कैरेक्टर था। ये लोग कितने ही बड़े झूठ बोलते रहे हैं और आप देखिए चुनाव के समय उन्होंने देश के सामान्य नागरिक को गुमराह करने के लिए जो पर्चियां बांटी, ये देंगे और वो देंगे और ढिकाना देंगे, फलाना देंगे, दो दिन से मैं देख रहा हूं कि कांग्रेस के दफ्तरों पर लोग कतार लगाकर खड़े हैं कि पर्ची है एक लाख रुपए कहां है, लाओ भाई। मांग रहे हैं लोग। यानी आपने जनता-जनार्दन की आंखों में कैसा उनको भ्रमित किया, कैसी आंख में धूल झोंक दी, वो बेचारा सामान्य नागरिक मान के चलता था हां, भाई चार जून के बाद रुपया मिल जाएगा। इसलिए वो जाकर खड़ा

रह गया, और अब उसको धक्का मारा जा रहा है, डंडे मारे जा रहे, वहां से निकाला जा रहा है। अब इस प्रकार का चुनाव ये अपने आप में देश के गरीबों का अपमान है, हमारे देश के सामान्य नागरिकों का अपमान है और कभी भी देश ऐसी हरकतों को न भूलता है, न ही माफ कभी करता है।

## पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले

हमारे लिए संतोष की बात है कि हम एक कमिटमेंट से काम करते रहे हैं। 10 साल में हमने 25 करोड़ गरीबों को गरीबी से बाहर निकाला है, गरीब कल्याण का एक सुरक्षित मजबूत कवच दिया है हमने। उसको और उसके अंदर भी एक नई एस्पिरेशन पैदा हुई कि हां अब मुझे गरीब नहीं रहना है और उसके लिए मुझसे जो हो सके मैं हर अवसर का फायदा उठाऊंगा। तीन करोड़ गरीबों को घर, ऐसे कहने का आंकड़ा नहीं, कितनी मेहनत पड़ती है मुझे मालूम है लेकिन हम सफलतापूर्वक इसको कर पाए हैं। चार करोड़ लोगों को दे चुके हैं, तीन करोड़ का हम संकल्प ले करके आज से आगे बढ़ेंगे यानी ये भी हिम्मत है कि चार करोड़ देने के बाद जिन परिवारों का विस्तार हुआ है, जरूरत पड़ी है और राज्यों की भी उसमें इच्छा है तीन करोड़ नए घर बनाने का संकल्प। 70 वर्ष की आयु से ऊपर के व्यक्तियों को नागरिकों को, 5 लाख रुपए तक की मुफ्त इलाज की व्यवस्था। मुद्रा योजना के तहत हमारे नौजवानों को कारोबार के लिए 20 लाख रुपये तक की बैंक से उनको लोन मिले इसकी व्यवस्था। ये मैं समझता हूं कि वायदा हमारे तीसरे कार्यकाल की ये गारंटियां हैं सब मैं अभी बताता नहीं हूं लेकिन इन गारंटी के प्रति हम कमिटेड हैं और उसे पूर्ण करने के लिए हम कोई कमी नहीं रखेंगे। गरीब का सशक्तीकरण और मिडिल क्लास को सुविधा ये हमारी प्राथमिकता है क्योंकि मध्यम वर्ग अब इस देश का एक बहुत बड़ा चालक वर्ग है, भारत की ग्रोथ स्टोरी में ये ऐसे-ऐसे नए फोर्सेस मैं देख रहा हूं जो हमारी बहुत बड़ी शक्ति बनने वाले हैं और इसलिए हम उस पर भी उतना ही और मिडिल क्लास की बचत कैसे बढ़े, सेविंग कैसे बने उसके लिए उसके क्वालिटी ऑफ लाइफ के लिए हम क्या कर सकते हैं हमारी योजनाओं का विस्तार कैसे किया जाए, हमारे नीति-नियमों में बदलाव कैसे किया जाए उस पर भी हम आने वाले दिनों में काम करेंगे।

## नारी शक्ति की सक्रिय भागीदारी हमारा कमिटमेंट

पंचायत से पार्लियामेंट तक हमारी नारी शक्ति की सक्रिय भागीदारी ये हमारा कमिटमेंट है। हमने हमारे पिछले कार्यकाल में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' करके उस बात को हमने आगे बढ़ाया और वो दिन दूर नहीं होगा जब हमारे सदन में बहुत बड़ी तादाद में हमारी माताएं-बहनें देश का नेतृत्व करती हुई दिखाई देंगी। इस पूरे चुनाव में हम सबसे ज्यादा महिला उम्मीदवारों को टिकट देने वाली पार्टी रहे हैं, ये हमारा कमिटमेंट है। हमारी महिला सांसदों को जो आशीर्वाद देश की



**राष्ट्रपति भवन (नई दिल्ली) में 07 जून, 2024 को श्री नरेन्द्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री के पद पर नियुक्त करने के बाद राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने पारंपरिक भाव से उन्हें 'मीठा दही' भेंट किया, जिसे भारतीय संस्कृति में शुभ माना जाता है और जो नए कार्यों को आरंभ करने से पूर्व सौभाग्य और सफलता के प्रतीक के रूप में भेंट किया जाता है**

जनता ने दिया है मैं इसके लिए विशेष रूप से उनका आभार व्यक्त करता हूं और आपने देखा होगा जी-20 समिट में दुनिया के सामने एक विषय ले करके हम बड़े आग्रह से गए हैं और वो है एंपावरमेंट ऑफ वूमेन, डेवलपमेंट ऑफ वूमेन इन सारी बातों से तो हम परिचित हैं, हमने एक नया शिफ्ट किया है और हम जी-20 समिट से भी इसको आगे बढ़ा रहे हैं 'वूमेन लेड डेवलपमेंट।' एक बार जब हमारा कमिटमेंट बनता है तो परिवर्तन बिल्कुल साफ नजर आता है।

एनडीए का ये कार्यकाल बड़े फैसलों का है, तेज विकास का है और अब हम समय गंवाना नहीं चाहते कि हमें पांच नंबर की इकोनॉमी से तीन नंबर की इकोनॉमी पर पहुंचना है और ये खाली पांच और तीन का आंकड़ा नहीं है उसके कारण जो अर्थव्यवस्था का कद बन जाता है वो सामान्य मानवी की आशा-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरलता बढ़ जाती है। देश के लिए जो जरूरतें हैं वो आराम से पूरी करने का सामर्थ्य बन जाता है और इसलिए हम उस दिशा में बड़ी कोशिश करके आगे बढ़ना चाहते हैं। राज्यों का सहयोग भी उसमें उतना ही महत्त्वपूर्ण है और भारत के संविधान ने जिस प्रकार का दिशा-निर्देश किया है 'कोऑपरेटिव फेडरलिज्म' का, लेकिन मैंने उसमें आग्रह रखा है कॉम्पिटेटिव कोऑपरेटिव फेडरलिज्म हमारे राज्यों के बीच में भी तंदुरुस्त स्पर्धा हो, राज्य और केंद्र के बीच में भी तंदुरुस्त स्पर्धा हो, हम अच्छा करने की स्पर्धा करें और उस दिशा में हम आगे बढ़ना चाहते हैं। हमने देखा है जब कॉम्पिटेटिव कोऑपरेटिव फेडरलिज्म की बात करता हूं, आपने देखा जी-20 समिट हम एक जगह पर कर सकते थे। हम भी मालाएं पहन करके फोटो निकलवा सकते थे लेकिन हिंदुस्तान के अनेक शहरों में 200 से ज्यादा मीटिंग हुई और दुनिया भर के नीति निर्धारक जी-20 देशों के और बाकी भी पांच-सात देशों के वो हिंदुस्तान के कोने-कोने में गए, उनके देशों

में जाकर के भारत की विविधता, भारत की विशालता, इसकी चर्चा कर रहे हैं, उनके लिए आश्चर्य है ये। दिल्ली आकर के वापस जाते थे, पता ही नहीं था कि देश इतना बड़ा है, ये अपनी एक ताकत का परिचय हुआ है। हमने कोविड में देखा राज्यों के साथ कोऑपरेशन के साथ हमने जिस प्रकार से लड़ाई लड़ी और एक सूत्र में रहकर लड़ाई लड़ी, दल किसी का भी हो सरकार में, लेकिन हमने इस काम को किया क्योंकि हमारा कोऑपरेटिव फेडरेलिज्म के प्रति कमिटमेंट है। एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट एक ऐसा मॉडल है गवर्नेंस का, जिसमें राज्य भी उतनी ही सक्रियता से हमारे साथ जुड़े हुए हैं और दुनिया के लिए जो डेवलपिंग कंट्रीज हैं उनके लिए गवर्नेंस का एक ऐसा मॉडल प्रस्तुत हो रहा है जिसका दुनिया के अनेक यूनिवर्सिटी ने केस स्टडी करना शुरू किया, अब उसको हम आगे बढ़ाते हुए एस्पिरेशनल ब्लॉक की तरफ ले जा रहे हैं ताकि हमारे ग्रास रूट लेवल पर भी जो वीक एरियाज हैं, जहां सुविधाएं भी सामान्य एवरेज से भी नीचे हैं, उसको हम जल्दी से जल्दी स्टेज की एवरेज तक लाना चाहते हैं। देश का रीजन, कोई भी क्षेत्र हो, सर्वांगीण विकास को लेकर के हम चलेंगे। पांच साल में हमने गति शक्ति यानी इस प्रकार के प्लेटफार्म पर काम किया है, जो काम 6-6, 8-8 महीने तक नहीं होता था वो आज 15-20 दिन में कर सकते हैं। सब टेक्नोलॉजी का उपयोग करके हम काम कर रहे हैं और ये जब होता है तो उसका मूल फायदा देश के नौजवानों के लिए रोजगार के अति अवसर बन जाते हैं। उनके लिए जीवन में सिलेक्शन के लिए बहुत बड़ा दायरा बढ़ जाता है। आज भारत दुनिया में विश्व के लिए एक नया मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में उभर रहा है और जब हम मैन्युफैक्चरिंग हब कह रहे तब सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक गुड्स या सर्विसेज की मैं बात नहीं कर रहा हूं। फूड प्रोसेसिंग में भी आज दुनिया में हम बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और वो भारत के किसानों को बहुत बड़ी ताकत देने वाला है। उसी प्रकार से स्पेस हो, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हो, स्टार्टअप्स की बात हो, स्किल जॉब अपॉर्चुनिटी की बात हो, आज भारत बहुत तेजी से आगे बढ़ेगा, बढ़ रहा है, ये मेरा विश्वास है। मुद्रा योजना, ड्रोन दीदी, विश्वकर्मा योजना, इसने भी नई संभावनाओं को जन्म दिया है।

## विकास भी और विरासत भी

हमारी संस्कृति, हमारी विरासत, उसके प्रति हम जितना ध्यान केंद्रित करेंगे दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। मैं मानता हूं भारत के लिए टूरिज्म एक ऐसा एवेन्यू है जो गत शताब्दी में हमें कभी; यानी आज से लेकर के पीछे के 100 साल मैं कहूं; ऐसा अवसर नहीं मिला है जैसा आने वाले 25 साल में मिलने वाला है। दुनिया भारत की तरफ मुड़ने वाली है। अब हमारा काम है हम इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को विकसित करें, हमारी विरासत के प्रति, हमारे पर्यटन का विकास करते हुए एक विन-विन सिचुएशन का हम फायदा उठाएं। उसमें बहुत अधिक निवेश की संभावनाएं मैं देखता हूं और ये एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें हर स्तर के लोग कमाते हैं। गरीब से गरीब आदमी भी कमाता है और बड़े-बड़े होटल वाला भी कमाता है, हर कोई इसमें कमाता है। टूरिज्म पर हम बल देना चाहते हैं, बहुत पोटेंशियल है। आज इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र खुले हैं, इसका फायदा इसको मिलता है। एयरवे हो, रेलवे हो, हमारे एक्सप्रेसवे हो, ये हमारा यातायात जितना बेहतर हो रहा है, हमारा डिजिटल कनेक्टिविटी का जो काम है ये इसके लिए बहुत बड़ा पॉजिटिव ग्राउंड तैयार कर रहा है और जिसका फायदा मिलने वाला है। और जो 'वोकल फॉर लोकल' और रीजनल टूरिज्म इसको एक बल देने का काम है। अब दुनिया एक नए युग में प्रवेश कर रही है जिस समय औद्योगिक क्रांति हुई उस समय हम गुलामी के दौर से गुजरे तो औद्योगिक क्रांति का जितना फायदा लेना चाहिए हम नहीं ले पाए अब एक नया युग शुरू हो रहा है हरित युग, 'ग्रीन एरा' का और भारत के पास बहुत संभावनाएं हैं। इसका नेतृत्व करने की और हम इसके लिए आने वाले दिनों में ग्रीन हाइड्रोजन की बात हो, ग्रीन एनर्जी हो या ग्रीन जॉब्स हो या ग्रीन मोबिलिटी हो, इन सारे विषयों को हम इतनी तेजी से आगे बढ़ाना चाहते हैं, ताकि हरित युग का नेतृत्व दुनिया में भारत का सामर्थ्य सिद्ध कर दें, ये हम चाहते हैं। इसी सिलसिले में इस 5 जून को जब पर्यावरण दिवस था, 4 जून को नतीजे आ गए थे तो उसी दिन मेरे मन में एक विचार आया कि कार्यक्रम 5 जून को हमने आरंभ किया— 'एक पेड़ मां के नाम'। हर किसी को मां के प्रति श्रद्धा होती है और मैं भी देशवासियों को कहूंगा कि आने वाले समय में कभी आपकी माता जी का जन्मदिन हो या कोई और शुभ दिन हो, अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाइए। मां जीवित है तो साथ लेकर जाइए, उनकी फोटो आप सोशल मीडिया में अपलोड कीजिए और मां नहीं हैं उनकी फोटो रख करके एक पेड़ लगाइए और वो अपनी मां का भी सम्मान होगा और धरती मां की सेवा होगी, हम इन दो माताओं की सेवा करें।

## भारत की छवि 'विश्व बंधु' की

अब भारत आइसोलेशन में नहीं जी सकता, वैश्विक परिवेश में भारत की भूमिका दिनों-दिन बहुत बढ़ती चली जा रही है। 2014 में जब एनडीए की सरकार बनी पूरे विश्व में उसी एक पल से एक नयी जिज्ञासा पैदा हुई, थोड़ी आशा के संकेत उनको नजर आने लगे और फिर बदलाव तेजी से आया। पिछले 10 वर्ष में भारत ने जिन कामों को बल दिया है, आज भारत की छवि 'विश्व बंधु' की बन चुकी है। विश्व हमें एक बंधु के रूप में स्वीकार कर रहा है और जब दुनिया हमें विश्व बंधु के रूप में स्वीकारती है तो हमारी वैश्विक जिम्मेवारियों को भी हमारे आने वाले रोड मैप में महत्व देना ही होगा और भारत की सफल विदेश नीति ने अच्छे परिणाम भी दिए हैं। हमने हर संकट को उस प्रकार से हैंडल किया, जिस प्रकार से मानवीय मूल्यों को हमने प्राथमिकता दी, उसका परिणाम है कि सामान्य मानवी के मन में ये विश्व बंधु वाला भाव बहुत मजबूत हुआ और भारत का सेवा भाव का जो कैरेक्टर है उसको विश्व ने पहचाना है। चाहे यूक्रेन का संकट हो, चाहे अफगानिस्तान का संकट हो, हमारे लोगों को बचाना हो, हमने

किसी भी क्षेत्र में कोई कमी नहीं रखी है और इस क्षमता के कारण भारत में निवेश की संभावनाएं बहुत बढ़ने वाली है। मैं राज्यों से भी कहूंगा कि आप प्रगतिशील नीतियां बनाकर रेडी रहिए। विश्व आज आपके दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। जो राज्य ज्यादा स्पष्ट नीतियों के साथ आएगा, जो राज्य उन कंपनियों, विदेश से आने वाले लोगों को ठीक से हैंडल करेगा, उसको बेनिफिट मिलने ही वाला है। भारत ने जो नीतियां बनाई हैं, भारत ने जो वातावरण बनाया है उसका लाभ भारत के हर राज्य को मिलना चाहिए और उस दिशा में हम तेजी से काम करना चाहते हैं। हमने जी-20 समिट में देखा है, दुनिया का भारत के प्रति नजरिया बदला है। जो लोग इन चीजों को माइन्यूटली देखते हैं, उनको पता होगा कि जी-20 एक प्रकार से कई संकटों से गुजर रहा था, उतार-चढ़ाव आते रहते थे, बिखराव भी नजर आ रहा था। लेकिन भारत में जी-20 आने के बाद नए प्राण से भर गया है, नया सामर्थ्य आ गया है। ये भारत की ताकत है कि उसने पूरे विश्व को जोड़ने में जी-20 के माध्यम से बहुत बड़ा काम किया है। इन दिनों भी जो परिणाम आए इसके बाद मेरा काफी समय विदेश के सरकारों से फोन पर अभिनंदन स्वीकार करने में गया। शायद मुझे 2014 और 2019 में भी ऐसा अनुभव नहीं था जितना इस बार फ्लो है। दुनिया के करीब-करीब सभी ने भारत को शुभेच्छा व्यक्त की है या बात करने की कोशिश की है यानी ये जो हमारी वैश्विक ताकत है उसका परिचय करवा रहा है और उसके कारण मैं मानता हूं कि विश्व में हमारा सम्मान और साथ-साथ भारत में निवेश, ये दोनों संभावनाएं बढ़ रही हैं।

## जन-जन तक पहुंचे संविधान की भावना

हमारे संविधान का ये 75वां वर्ष है। हम चाहते हैं कि संविधान हमारी संवैधानिक संस्थाओं का संरक्षण भर इसके मात्र के लिए है ऐसा नहीं। कोई अदालत में धाराओं का उपयोग करके काम करने के लिए नहीं है, ये एक हमारी भावना है, हमारा स्पिरिट है। हमें इस 75 साल को ऐसे मनाना है ताकि हम संविधान की स्पिरिट को जन-जन तक पहुंचाएं, हर जन को संविधान की जो भावना है, कर्तव्य की भावना है, उनके प्रति समर्पण उसका बढ़ें, उस दिशा में हम काम करना चाहते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350 वर्ष के उत्सव में देश आज रंगा हुआ है और यह हमारे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है क्योंकि उसमें राष्ट्र प्रथम की भावना है। छत्रपति शिवाजी महाराज को याद करते ही राष्ट्र प्रथम की भावना हमें मजबूती देती है और इसलिए हम देश में इसी एजेंडा को आगे रखते हुए और जब इसी समय 350 साल का पर्व आया है तो हमें अपनी पॉलिसी और परफॉर्मेंस और सामान्य मानवी का जीवन बेहतर करना है, उस पर जरा भी विलंब नहीं करना है। विकास की सारी तैयारियां, रोड मैप लेकर हम चलेंगे ही, चल रहे हैं लेकिन साथ-साथ हम नए-नए सांसद आए हैं, कुछ पुराने सांसद हैं, कोई ज्यादा अनुभवी सांसद भी हैं। इन दिनों पिछले दो दिन से आप टीवी पर देखते होंगे, एक भी सच्चाई मुझे उसमें नजर नहीं आई। आजकल कई लोग सरकार बनाने में लगे हुए हैं, मंत्री पद बांट रहे हैं, पद बांट रहे हैं, व्यवस्था बांट रहे हैं, मैं आपसे आग्रह पूर्वक कहता हूं और जो मोदी को जानते हैं ये सारे प्रयास निरर्थक हैं। आप भी किसी का फोन आ जाए तो 10 बार वेरीफाई कीजिए कि जिसने फोन किया है वो सचमुच में अथॉरिटी है, अदरवाइज कोई भी कहेगा कि भाई आपका नाम हो गया है सुबह परिवार को बुला लीजिए शपथ समारोह में आना है। तो ऐसी गपबाजी करने वाली एक बहुत बड़ी फौज रहती है। कुछ लोग आदतन करते रहते हैं, कुछ लोग को मजा आता है और कुछ लोग बद इरादे से करते हैं। मेरा सभी सांसदों से आग्रह है कि हम इन सारे षड्यंत्रों का शिकार ना बनें। दूसरा हमारे जो इंडी अलायंस वालों ने इस चुनाव में फेक न्यूज में एक्सपर्टाइज कर लिया, 'डबल पीएचडी' कर लिया है, वो शायद इसका भरपूर उपयोग करेंगे। हम कृपा करके इन चीजों से दूर रहें, अफवाहों से दूर रहें। ये जो टीम बैठी है वो अनुभवी टीम है। मुझे भी सही सलाह देने वाली टीम है और इसलिए टीम मिलकर के बहुत सही निर्णय करने वाली है। कृपा करके, ब्रेकिंग न्यूज के आधार पर देश चलेगा नहीं, ये मान के चलिए।

## विकसित भारत का संकल्प

विकसित भारत का संकल्प ले करके हम चले हैं। तीन नंबर की इकोनॉमी पहुंचना है, मैं जानता हूं। निश्चित रोड मैप के साथ उसको हम इस लक्ष्य को पार करने वाले हैं। मैंने पहले भी कहा था कि मेरा पल-पल देश के नाम है, मेरा पल-पल आप लोगों के नाम है। मैं 24/7 अवेलेबल हूं। हमें मिलकर के देश को आगे बढ़ाना है। फिर से एक बार आप लोगों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, जो प्यार दिखाया है और जो समर्थन दिया है वाकई मैं मानता हूं भारत के लोकतंत्र की एक बहुत बड़ी ताकत है। मैं जितना आपका आभार व्यक्त करूं उतना कम है और मैं विश्वास दिलाता हूं कि मैं आपकी आशा-अपेक्षाओं को पूरी करने में, परिश्रम करने में कोई कमी नहीं रखूंगा। मेरे लिए जन्म सिर्फ और सिर्फ 'वन लाइफ-वन मिशन' और वो है मेरी भारत माता। ये मिशन है 140 करोड़ देशवासियों के सपनों को पूरा करने के लिए खप जाना, ये मिशन है 140 करोड़ देशवासियों को हजार साल की मुसीबतों से जो गुजरी हुई पीढ़ी-दर-पीढ़ी है उसे मुक्ति दिला करके सम्मान के साथ विश्व में मेरा हर देशवासी; दुनिया उसे देखे तो उसका मन कर जाए काश ये हिंदुस्तान का है अरे नजर मिल जाए तो अच्छा होगा। ये मैं स्थिति पैदा करना चाहता हूं। उसका मन लालायित होना चाहिए, हिंदुस्तानी है अरे यार जरा हाथ मिला लूं, कुछ एनर्जी मुझे भी आ जाए; मैं देश को इस ऊंचाई पर ले जाना चाहता हूं। मुझे पक्का विश्वास है कि आपका साथ, आपका सहयोग, आपका अनुभव बहुत बड़े परिणामों की संभावनाएं लेकर के आया है। लोकसभा का ये गठन उन सभी आकांक्षाओं को पूरा करेगा। मैं फिर एक बार आप सबका हृदय से बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। ■

# 10 साल पहले उदासीन भारत था और आज मोदीजी के नेतृत्व में वही भारत आकांक्षी भारत बन गया : जगत प्रकाश नड्डा



एनडीए संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल और ऐतिहासिक घड़ी है, जिसका हम सबको इंतजार था, वह घड़ी आ गई है। लगातार तीसरी बार एनडीए के गठबंधन के नेता के रूप में अपने आदरणीय प्रधानमंत्री और नेता का चयन हम सब करने वाले हैं। इस ऐतिहासिक घड़ी में और इस ऐतिहासिक सेंट्रल हॉल संविधान सदन में आज हम सब लोग इसके चश्मदीद गवाह बन रहे हैं, यह हम सबका सौभाग्य है। मैं आप सब लोगों की तरफ से और हमारे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से करोड़ों लोग जो इस समय संसदीय दल की गतिविधि को देख रहे हैं, उन सबकी ओर से प्रधानमंत्री जी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं और स्वागत करता हूं। मैं अपने एनडीए के सभी घटक दल के नेताओं का, मंचासीन और सामने बैठे सभी नेताओं का भी अपने ह्रदय की गहराई से हार्दिक अभिनंदन करता हूं, स्वागत करता हूं। हम सब लोग प्रधानमंत्री जी को अपने दिल की गहराई से हार्दिक बधाई देते हैं, जिन्होंने अथक प्रयास और मेहनत हर पल हर घड़ी, हर दिन हर वर्ष, पल-पल देश की सेवा के लिए समर्पित किया। यही कारण है कि आज भारत पुनः इतिहास रच रहा है कि तीसरी बार लगातार बहुमत के साथ एनडीए की सरकार आ रही है।

> **हमें याद है 10 साल पहले उदासीन भारत था, 10 साल पहले भारत के बारे में यह कहा जाता था कि यहां कुछ बदलने वाला नहीं है और आज 10 साल बाद मोदी जी के नेतृत्व में वही भारत आकांक्षी भारत बन गया और विकसित भारत के संकल्प को लेकर चल पड़ा है**

श्री नड्डा ने कहा कि मैं इस घड़ी में इस बात का भी उल्लेख करना चाहता हूं कि जहां लोकसभा में एनडीए ने लगातार तीसरी बार बहुमत हासिल की, वहीं हमने उड़ीसा में भी अपनी विचारधारा की सरकार बनाई और वहां भी हमें सफलता मिली, मुझे खुशी है। आपको यह बताते हुए कि आंध्र प्रदेश में भी एनडीए की सरकार एकतरफा बनी है और अरुणाचल प्रदेश में लगातार तीसरी बार हमने अपनी सरकार बनाई और सिक्किम में



भी एनडीए की सरकार बनी है, उसके लिए भी मैं बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं।

उन्होंने कहा कि यह एनडीए की विकास यात्रा आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी के अथक प्रयास से, उनकी नीतियां रिफॉर्म-परफॉर्म-ट्रांसफॉर्म की है, देश को आगे ले जाने के लिए जो उन्होंने नेतृत्व किया और फ्रंट से नेतृत्व किया, उसका यह नतीजा है कि आज हम इस ऐतिहासिक पल के साक्षी हो रहे हैं। हमें याद है 10 साल पहले उदासीन भारत था, 10 साल पहले भारत के बारे में यह कहा जाता था कि यहां कुछ बदलने वाला नहीं है और आज 10 साल बाद मोदी जी के नेतृत्व में वही भारत आकांक्षी भारत बन गया और विकसित भारत के संकल्प को लेकर चल पड़ा है। इसको भी हमको समझना चाहिए। देश की सरहदें मजबूत हुईं देश की सुरक्षा मजबूत हुई। अंतरराष्ट्रीय दृष्टि से भारत ने अपने आप को स्थापित किया। आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश का इंफ्रास्ट्रक्चर आगे बढ़ा, गांव मजबूत हुआ, गरीब को ताकत मिली, महिलाओं का सशक्तीकरण हुआ, युवाओं की आकांक्षाओं को पंख लगे, हमारे किसानों को मुख्यधारा में लाया गया और हमारे दलितों को सम्मान के साथ आगे बढ़ने का रास्ता रखा और यह सब संभव हुआ, जिस मंत्र को लेकर आदरणीय प्रधानमंत्री जी चले— 'सबका साथ, सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास' और उनके परिश्रम के कारण यह हम आज देख रहे हैं। हम अपने नेतृत्व का फिर से चयन करने वाले हैं।

श्री नड्डा ने कहा कि मैं रामधारी सिंह 'दिनकर' जी की कविता पंक्तियां पढ़ना चाहूंगा प्रधानमंत्री जी के पुनः स्वागत में—

वसुधा का नेता कौन हुआ,
भूखंड विजेता कौन हुआ,
अतुलित यश क्रेता कौन हुआ,
नव धर्म प्रणेता कौन हुआ,
जिसने ना कभी आराम किया,
विघ्नों में भी रहकर नाम किया।

-ऐसे हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हम आगे बढ़े। मैं अपने वरिष्ठ नेता एवं भारत सरकार में रक्षा मंत्री रहे आदरणीय श्री राजनाथ सिंह जी से अनुरोध करूंगा कि वह इस सदन में एक प्रस्ताव रखें। ■

# एनडीए की जीत के जश्न और शा




नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय (विस्तार) में 4 जून, 2024 को लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए की लगातार तीसरी जीत पर आयोजित अभिनंदन समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा का स्वागत करता भाजपा कार्यकर्ताओं का विशाल जनसमूह




नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय (विस्तार) में 4 जून, 2024 को लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए की लगातार तीसरी जीत पर आयोजित अभिनंदन समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री राजनाथ सिंह और श्री अमित शाह

# पथ ग्रहण समारोह की झलकियां



प्रधानमंत्री आवास (नई दिल्ली) में 5 जून, 2024 को आयोजित एनडीए नेताओं की बैठक में सर्वसम्मति से एनडीए के नेता चुने जाने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा



संविधान सदन (नई दिल्ली) में 07 जून 2024 को एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान सर्वसम्मति से नेता चुने जाने के बाद एनडीए संसदीय दल के सदस्यों को संबोधित करते प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

# एनडीए की जीत के जश्न और श



राष्ट्रपति भवन (नई दिल्ली) में 07 जून, 2024 को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को समर्थन पत्र सौंपता एनडीए नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल



नई दिल्ली में 09 जून, 2024 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलातीं भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

# पथ ग्रहण समारोह की झलकियां




नई दिल्ली में 9 जून, 2024 को राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह के बाद समूह चित्र में
भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्यगण



राष्ट्रपति भवन (नई दिल्ली) में 9 जून, 2024 को शपथ ग्रहण समारोह के बाद
विशिष्ट अतिथियों का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

# मोदीजी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया में भी प्रशंसा हो रही है : राजनाथ सिंह



एनडीए संसदीय दल की बैठक में अपने विचार रखते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सबसे पहले तो मैं लोकसभा के जितने भी न्यूली इलेक्टेड मेंबर्स हैं, सबको अपनी तरफ से हार्दिक बधाई देता हूं और अन्य सभी को अपनी तरफ से इस अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। आप सबको जानकारी है कि आज भारतीय जनता पार्टी के संसदीय दल के नेता, एनडीए संसदीय दल के नेता व लोकसभा में नेता के चयन के लिए यहां पर हम सब एकत्रित हैं। मैं समझता हूं कि श्री नरेन्द्र मोदी का नाम इन सारे पदों के लिए सबसे योग्य, उपयुक्त और सर्वोत्तम है। यह बात मैं इसलिए कह रहा हूं कि मंत्रिमंडल में उनके सहयोगी के रूप में उनकी कार्यक्षमता उनकी कार्यकुशलता, दूरदर्शिता, प्रामाणिकता को मैंने प्रत्यक्ष देखा है और केवल मैंने ही नहीं देखा है, बल्कि समस्त देशवासियों ने इसे देखा है।

श्री सिंह ने कहा कि हम सबके लिए प्रसन्नता का विषय है कि एनडीए की सरकार ने 10 वर्षों में उनके नेतृत्व में देश की जो सेवा की है उसकी भारत में ही नहीं, बल्कि दुनिया के दूसरे देशों में भी प्रशंसा हो रही है। हम सबको यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने जा रही है। 1962 के बाद पहली बार कोई राजनेता लगातार तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनने जा रहा है। जहां तक मेरी जानकारी है, लोकतांत्रिक देशों में पूरे विश्व में तीसरी बार यह अवसर यदि किसी को प्राप्त हो रहा है तो हमारी एनडीए को प्राप्त हो रहा है। हम लोग सौभाग्यशाली हैं कि मोदी जी जैसा एक जनकल्याणकारी और संवेदनशील प्रधानमंत्री हम लोगों को मिलने जा रहा है। इनकी नेतृत्व क्षमता, इनकी कार्यकुशलता, इनका विजन— इसके कारण मैं मानता हूं कि हमारे एनडीए परिवार में भी वृद्धि हुई है। हम सबकी पहचान गठबंधन धर्म का निर्वाह करने वाले एक ऐसे परिवार के रूप में हुई है और यह सिलसिला जब आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी भारत के प्रधानमंत्री थे उसी समय से प्रारंभ हुआ है। मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि अलायंस गठबंधन यह हमारे लिए कंपल्शन नहीं है, बल्कि हमारा यह कमिटमेंट है। हमें भारत को एक सक्षम, समृद्ध, विकसित, स्वाभिमानी और सशक्त राष्ट्र के रूप में आगे ले जाना है और मैं कह सकता हूं कि पिछले 10 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में भारत की दशा-दिशा व मनोदशा में एक क्रांतिकारी परिवर्तन आया है।

**पिछले 10 वर्षों में आज देश इस दौर में पहुंच गया है जहां देश ही नहीं सारी दुनिया को यह भरोसा हो गया है कि भारत विकसित होने के साथ-साथ समूचे विश्व को नेतृत्व और नई दिशा देने का सामर्थ्य रखता है। आज देश अपने आप को दशकों के लिए नहीं, बल्कि सदियों के लिए मजबूत बनाने की दिशा में अग्रसर हो चुका है। मैं मानता हूं कि इस काम को और अधिक गति देने के लिए मोदी जी से बेहतर और कोई दूसरा नाम नहीं हो सकता है**

श्री सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में आज देश इस दौर में पहुंच गया है जहां देश ही नहीं सारी दुनिया को यह भरोसा हो गया है कि भारत विकसित होने के साथ-साथ समूचे विश्व को नेतृत्व और नई दिशा देने का सामर्थ्य रखता है। आज देश अपने आप को दशकों के लिए नहीं, बल्कि सदियों के लिए मजबूत बनाने की दिशा में अग्रसर हो चुका है। मैं मानता हूं कि इस काम को और अधिक गति देने के लिए मोदी जी से बेहतर और कोई दूसरा नाम नहीं हो सकता है, इसलिए भारतीय जनता पार्टी के संसदीय दल के नेता, एनडीए के संसदीय दल के नेता एवं लोकसभा के नेता के रूप में श्री नरेन्द्र मोदी के नाम का प्रस्ताव करता हूं। ■

# हर क्षेत्र में युगांतकारी परिवर्तन करने का काम मोदीजी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने किया है : अमित शाह



एनडीए संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने कहा कि सभी को हृदयपूर्वक पुनः लोकसभा में जीत कराने के लिए बहुत मन से बधाई। अभी-अभी देश के रक्षा मंत्री जी ने लोकसभा सदन के नेता, भारतीय जनता पार्टी संसदीय दल के नेता और एनडीए संसदीय दल के नेता के रूप में श्री नरेन्द्र मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा है, इसका मैं मन से समर्थन करता हूं।

उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव सिर्फ हम सब बैठे हुए चंद लोगों के मन की इच्छा नहीं, यहां बैठे हुए एनडीए के घटक दलों की एक सर्वसम्मत इच्छा भी नहीं है, यह प्रस्ताव 140 करोड़ की देश की जनता के मन का घोष है। कश्मीर से कन्याकुमारी और कामाख्या से द्वारका तक इतने विस्तृत भूभाग के अंदर देश के हर कोने से, हर तहसील से, हर कंस्टीट्यूएंसी से एक आवाज सामान्य रूप से उभर कर आई है कि देश का नेतृत्व अगले 5 साल के लिए श्री नरेन्द्र मोदी करें, यह सबकी इच्छा है। गत 10 सालों में प्रधानमंत्री के रूप में मोदी जी ने काम किया। इसमें हर क्षेत्र में युगांतकारी परिवर्तन करने का काम उनके नेतृत्व में भाजपा एनडीए सरकार ने किया है और देश की जनता का यह जनादेश उसको एक्नॉलेज करता है, इस पर मजबूत ठप्पा लगाता है।

श्री शाह ने कहा कि आज यह पवित्र जगह जहां हमारे संविधान का निर्माण हुआ, उस संविधान सदन के अंदर हम जो लोग फैसला करने जा रहे हैं, वह आजाद भारत के इतिहास का एक ऐतिहासिक फैसला है कि 60 साल के बाद तीसरी बार कोई व्यक्ति लगातार प्रधानमंत्री बनने जा रहा है, वह हमारे नेता नरेन्द्र मोदी जी है। इसलिए मैं भारतीय जनता पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं की ओर से, देश की जनता की ओर से और एनडीए के सहयोगी दलों की ओर से, यह तीनों प्रस्ताव जो राजनाथ सिंह ने रखे हैं, इनका मनपूर्वक समर्थन करता हूं और मैं आशा करता हूं कि आप लोग भी समर्थन करें। ■

# आनेवाले पांच सालों में हम विश्व की एक महान ताकत बनेंगे : नितिन गडकरी



एनडीए संसदीय दल की बैठक में अपने विचार रखते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री नितिन गडकरी ने कहा कि मैं सभी नव निर्वाचित लोकसभा सदस्यों का हृदय से बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूं। उनको शुभकामनाएं देता हूं। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने भारतीय जनता पार्टी संसदीय दल के नेता, एनडीए संसदीय दल के नेता और लोकसभा के नेता के रूप में श्री नरेन्द्र मोदी का नाम प्रस्तावित किया है, मैं उसका अनुमोदन करता हूं। विशेष रूप से पिछले 10 साल में उनके नेतृत्व में कार्य करने का सौभाग्य हमको मिला। हमारा देश सुखी हो, समृद्ध हो, संपन्न हो, विश्व की महाशक्ति बने और समाज के सर्वांगीण क्षेत्र में उन्नति और विकास हो, इसके लिए कटिबद्ध होकर समर्पित भाव से उन्होंने काम किया है। मुझे इस बात का विश्वास है कि अपने कार्य से केवल देश में नहीं, बल्कि उन्होंने पूरे विश्व को भी प्रभावित किया है। अभी 10 साल में जो काम हुआ वो तो एक प्रकार से शुरुआत थी, पर इसके बाद आने वाले पांच साल में हम विश्व की एक महान ताकत बनेंगे, ऐसा हम सबको दृढ़ विश्वास है।

श्री गडकरी ने कहा कि मैं अपनी तरफ से मोदी जी को शुभकामनाएं और शुभेच्छा देता हूं, राजनाथ जी ने जो प्रस्ताव रखा है उसका अनुमोदन करता हूं और फिर से एक बार आप सबको धन्यवाद देता हूं। ■

# नरेन्द्र मोदी जी के पास एक विजन है और उनका क्रियान्वयन सटीक है : चंद्रबाबू नायडू

एनडीए संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए तेलुगु देशम पार्टी के अध्यक्ष श्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि हमने शानदार बहुमत हासिल किया है। मैंने देखा है कि तीन महीने तक चुनाव-प्रचार के दौरान प्रधानमंत्रीजी ने एक भी दिन आराम नहीं किया। उन्होंने उसी उत्साह के साथ प्रचार किया। उन्होंने उसी भावना के साथ शुरुआत की और उसी भावना के साथ समाप्त किया। आंध्र प्रदेश में हमने 3 सार्वजनिक बैठकें कीं, एक बड़ी रैली की, यह आंध्र प्रदेश में चुनाव जीतने में बहुत निर्णायक साबित हुआ है। गृह मंत्रीजी आए, उन्होंने एक बैठक को संबोधित किया, इन बैठकों ने स्थिति को बड़े पैमाने पर बदल दिया है। मैं उनका धन्यवाद करता हूं। यहां तक कि राजनाथ सिंह जी, नड्डा जी और गडकरी जी सहित कई नेता आए, और उन्होंने भी संबोधित किया, जिससे लोगों में विश्वास पैदा हुआ है कि केंद्र राज्य के साथ है। हम सभी मंत्रियों को धन्यवाद देते हैं।



श्री नायडू ने कहा कि आज यहां हम अपने देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़े हैं। श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महत्वपूर्ण पहल की हैं। देश ने उल्लेखनीय प्रगति और परिवर्तन देखा है। नरेन्द्र मोदी जी ने केंद्रित और समर्पित दृष्टिकोण से देश को वैश्विक महाशक्ति में बदल दिया है। मैं पिछले चार दशकों से राजनीति में हूं। मैंने इतने सारे नेताओं को देखा है कि मैं नरेन्द्र मोदी जी को भारत को वैश्विक स्तर पर गौरवान्वित करने का पूरा श्रेय दे सकता हूं, जो देश के लिए उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उनके नेतृत्व में हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। हमें पूरा विश्वास है कि इस कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा और साथ ही वह विकसित भारत विजन 2047 की योजना बना रहे हैं। हमें पूरा विश्वास है कि उनके नेतृत्व में भारत विश्व में पहले या दूसरे स्थान पर आएगा, ऐसा होने जा रहा है और साथ ही उनके नेतृत्व में भारतीय विश्व स्तर पर पहले स्थान पर पहुंचेंगे। आज दुनिया में कहीं भी जाओ, भारतीय हर जगह हैं, दुनिया में सबसे ज्यादा प्रति व्यक्ति आय भारतीयों की हैं। मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में भारत निकट भविष्य में वैश्विक नेता बनने जा रहे हैं, यह होने जा रहा है। आप सार्वजनिक प्रशासन, कॉर्पोरेट प्रशासन का नाम लें, सेवा के क्षेत्र में हम वैश्विक समुदाय की सेवा करने जा रहे हैं, यह होने जा रहा है। इसके तहत हम सभी को क्षेत्रीय आकांक्षाओं को संतुलित करना होगा, और राष्ट्रीय हित के समानांतर चलना होगा ताकि समाज के सभी स्तरों में समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

**मैंने कई सरकारें देखी हैं, यह बहुत ही प्रेरणादायक समय हैं, आप जो कुछ भी हासिल करना चाहते हैं, अगर आप कल्पना करते हैं तो यह किया जा सकता है। नरेन्द्र मोदी जी के पास एक विजन है और उनके पास एक उत्साह भी है, साथ ही उनका क्रियान्वयन बहुत ही सटीक है। वह अपनी सभी नीतियों को सच्ची भावना से क्रियान्वित कर रहे हैं। हमेशा सही समय पर एक नेता का होना देश के लिए बहुत बड़ी संपत्ति है**

उन्होंने कहा कि मैंने कई सरकारें देखी हैं, यह बहुत ही प्रेरणादायक समय हैं, आप जो कुछ भी हासिल करना चाहते हैं, अगर आप कल्पना करते हैं तो यह किया जा सकता है। नरेन्द्र मोदी जी के पास एक विजन है और उनके पास एक उत्साह भी है, साथ ही उनका क्रियान्वयन बहुत ही सटीक है। वह अपनी सभी नीतियों को सच्ची भावना से क्रियान्वित कर रहे हैं। हमेशा सही समय पर एक नेता का होना देश के लिए बहुत बड़ी संपत्ति है। आज भारत के पास एक सही नेता है, सही समय पर वह नरेन्द्र मोदी हैं। यह भारत के लिए एक बहुत अच्छा अवसर है, अगर हम अभी चूक गए तो हम हमेशा के लिए चूक जाएंगे, यही वह समय है जहां हमारे पास एक अद्भुत अवसर है जिसे आप विश्व स्तर पर देख रहे हैं। आज सभी देश 1%- 2%-3% की विकास दर पर हैं, भारत पिछले 10 वर्षों से उच्चतम विकास दर से बढ़ रहा है, यह अगले 10-20 वर्ष या 30-40 वर्ष तक जारी रहेगा। भारत के पास कुछ फायदे हैं, एक है सूचना

# आपके नेतृत्व में सब लोग काम करेंगे : नीतीश कुमार



एनडीए संसदीय दल की बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी पार्टी जनता दल यूनाइटेड भारतीय जनता पार्टी संसदीय दल के नेता श्री नरेन्द्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन देती है और यह बहुत ही खुशी की बात है। पिछले 10 साल से वे प्रधानमंत्री हैं और फिर प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं। इन्होंने पूरे देश की सेवा की। अब पूरा भरोसा है कि जो कुछ भी बचा है, अगली बार यह सब पूरा कर देंगे। हम लोग पूरे तौर पर सब दिन इनके साथ रहेंगे। कुछ इधर-उधर जीत गया है, अगली बार सब हारेगा, हमको पूरा भरोसा है। उन लोगों ने आज तक कोई काम नहीं किया, देश की कोई सेवा नहीं की, लेकिन आपने इतनी सेवा की है। इस बार फिर जो मौका मिला है तो इस मौका के बाद आगे अब उन लोगों के लिए कोई गुंजाइश नहीं रहेगा। हम लोग पूरे तौर पर, हर तरह से जो आप चाहिएगा, उस काम के लिए हम लोग लगे रहेंगे और बहुत अच्छा होगा।

श्री कुमार ने कहा कि जितने लोग साथ हुए हैं और बहुत अच्छा और सब लोग बहुत अच्छे ढंग से अपनी बात कर रहे हैं तो सब लोग ठीक हैं। हम मिलकर चलेंगे और हम लोग पूरा आपके साथ रहेंगे और आप पूरे देश को कितना आगे बढ़ाएंगे, यह बहुत खुशी की बात होगी। यही हम लोगों को कहना है और मेरा आग्रह यही है कि जल्दी से जल्दी आपका काम शुरू हो जाए, शपथ ग्रहण हो जाए। अब इस बार हम लोगों को इससे बड़ी खुशी होगी और पूरे देश में इसका बहुत ज्यादा फायदा है। इधर-उधर कोई करना चाहता उसको कोई लाभ नहीं है इसीलिए मैं आपका अभिनंदन करता हूं और आपके नेतृत्व में सब लोग काम करेंगे। सब लोग चलेंगे, इन्हीं शब्दों के साथ और आप सब लोग इतने खुश हैं, सभी पार्टी के लोगों का भी मैं अभिनंदन करता हूं और यही कहूंगा कि हम सब लोग इनके साथ रहेंगे और एक साथ होकर जो कुछ भी करेंगे, इनकी बात को मानते हुए हम लोग आगे चलेंगे, इन्हीं शब्दों के साथ बहुत-बहुत धन्यवाद। ■

प्रौद्योगिकी, हमारे पास सबसे बड़ा जनसांख्यिकीय फायदा है, जो कि अधिक युवा हैं, इसने भारतीयों के लिए विदेश जाने का उत्कृष्ट लाभ पैदा किया है, प्राचीन समय में भी हमारे पास सभी संसाधन थे, लेकिन हाल ही में हम बहुत तीव्र तरीके से आगे बढ़ रहे हैं, इसका कारण बहुत स्पष्ट है कि हमारे पास एक नेता है, वह नेता नरेन्द्र मोदीजी हैं।

श्री नायडू ने कहा कि मैं गर्व से इस महान राष्ट्र के प्रधानमंत्री पद के लिए तेलुगु देशम पार्टी की ओर से श्री नरेन्द्र मोदी के नाम का प्रस्ताव करता हूं। 'सबका साथ, सबका विकास और विकसित भारत' के उनके विजन और एनडीए के सामूहिक प्रयासों से हम एक गरीबी मुक्त राष्ट्र बन सकते हैं जो केवल नरेन्द्र मोदी जी की वजह से संभव है। यह एक ऐतिहासिक क्षण है। तेलुगु देशम पार्टी का शुरू से ही एनडीए के साथ संबंध रहा है, मेरे नेता, मेरी पार्टी के संस्थापक महान एन.टी. रामाराव, आप सभी जानते हैं कि उन्होंने हमेशा लोगों के लिए काम किया और उन्होंने यह भी बहुत स्पष्ट रूप से कहा कि मैं 'वादों' (isms) को नहीं जानता, मैं केवल 'वाद' जानता हूं जो कि 'मानवतावाद' है। एनटीआर के उस विजन को नरेन्द्र मोदी जी भारत में एक वास्तविकता बना रहे हैं, हम इस प्रगति के लिए बहुत खुश हैं। मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूं। हम जानते हैं कि हमने यह ऐतिहासिक चुनाव जीता है, आंध्र प्रदेश में 95% सीटें जीती हैं, यह बड़ी जीत है। मैंने बहुत सारे चुनाव देखे हैं, यह अपनी तरह का पहला चुनाव है, जिसमें लोगों को एनडीए और सभी नेताओं पर इतना भरोसा है। जनसेना पार्टी के मेरे मित्र पवन कल्याण जी जो यहां हैं, टीडीपी और भाजपा ने बिना किसी पूर्वाग्रह के साथ मिलकर काम किया। यहां प्रदेश अध्यक्ष पुरंदेश्वरीजी भी हैं, सभी नेताओं ने बहुत अच्छा काम किया है, जिसका परिणाम हमें मिला है। मुझे अपने विचार आपके साथ साझा करते हुए बहुत खुशी हो रही है, यह मेरे जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण है। ■

## प्रधानमंत्री मोदीजी के पीछे खड़े रहने की अटूट प्रतिबद्धता: पवन कल्याण



एनडीए संसदीय बैठक को संबोधित करते हुए जन सेना पार्टी के प्रमुख श्री पवन कल्याण ने एनडीए गठबंधन के नेता के रूप में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सर्वसम्मति से चुने जाने की सराहना की तथा उन्हें कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे देश के लिए प्रेरणा बताया।

श्री कल्याण ने आंध्र प्रदेश में अपनी

सफलता का श्रेय श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन को दिया और कहा कि श्री मोदी की प्रेरणा से ही वे राज्य में जीत हासिल कर सके हैं तथा 90 प्रतिशत से अधिक सीटें जीती हैं।

उन्होंने एनडीए नेता के रूप में प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति अपने पूर्ण समर्थन को दोहराया और वैश्विक मंच पर भारत को निर्भीक तरीके से आगे बढ़ाने के लिए उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में काम करना हमारे लिए गर्व की बात है, श्री कल्याण ने कहा कि उनकी पार्टी प्रधानमंत्री के साथ खड़ी है और वह पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## हम प्रधानमंत्री मोदीजी के साथ हैंः एचडी कुमारस्वामी



जनता दल (एस) नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री श्री एचडी कुमारस्वामी ने स्थिर सरकार बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं एनडीए को अपनी पार्टी का समर्थन दोहराया।

संसद के सेंट्रल हॉल में बोलते हुए श्री कुमारस्वामी ने कहा, "हम सब प्रधानमंत्री मोदीजी के साथ हैं, हम सिर्फ़ एनडीए के साथ हैं। सिर्फ़ मुझे ही नहीं बल्कि पूरे देश को विकास के मामले में प्रधानमंत्री मोदी से बहुत उम्मीदें हैं, कई समस्याओं का समाधान किया जाना है।" उन्होंने कहा, "कोई मांग नहीं है। देश को स्थिर सरकार की जरूरत है और इसके लिए हम उनके साथ हैं।"

## इस रिकॉर्ड जीत का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता हैः चिराग पासवान



लोजपा (रामविलास) अध्यक्ष श्री चिराग पासवान ने 07 जून, 2024 को एनडीए संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ एक आनंदायक क्षण साझा किया। बैठक में प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति अपना समर्थन घोषित करने के बाद वह उनके पास गए, फिर प्रधानमंत्री ने उनसे हाथ मिलाया और उन्हें गले लगाया, और उनके सिर पर हाथ रखकर अपने स्नेह का प्रदर्शन किया।

एनडीए संसदीय बैठक में बोलते हुए श्री चिराग पासवान ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी और लोकसभा चुनावों में एनडीए की रिकॉर्ड जीत का श्रेय उन्हें दिया।

श्री पासवान ने कहा, "इस जीत का श्रेय आपको जाता है। यह आपकी इच्छाशक्ति ही थी, जिसने इतिहास में इतनी बड़ी जीत दर्ज करने में मदद की। यह कोई सामान्य बात नहीं है कि प्रधानमंत्रीजी के नेतृत्व में एनडीए को लगातार तीसरी बार इतनी बड़ी जीत मिली है।"

भारत के लोगों को प्रधानमंत्रीजी पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, "आपकी वजह से ही आज हम दुनिया के सामने गर्व से कह सकते हैं कि भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है।"

## पूरा एनडीए परिवार मोदीजी के पीछे मजबूती से खड़ा हैः अनुप्रिया पटेल



अपना दल (एस) अध्यक्ष श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने 07 जून, 2024 को एनडीए संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, "मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार भाजपा संसदीय दल, एनडीए संसदीय दल और लोकसभा का सर्वसम्मति से नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई देती हूं। इस अवसर पर उपस्थित होना मेरे लिए गौरव का क्षण था। श्रीमती पटेल ने कहा, "मैं अपनी पार्टी अपना दल (एस) की ओर से एनडीए संसदीय दल के नेता पद के लिए श्री नरेन्द्र मोदी के नाम का पूरे दिल से समर्थन करती हूं। नरेन्द्र मोदी जी, आपका पूरा एनडीए परिवार आपके पीछे मजबूती से खड़ा है।"

उन्होंने कहा, "मुझे पूरा विश्वास है कि मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में देश की प्रगति को अकल्पनीय वृद्धि और विकास देने में सफल होगी।" ■




# नरेन्द्र मोदी सर्वसम्मति से एनडीए के नेता चुने गए

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लोकसभा में एनडीए को लगातार तीसरी बार स्पष्ट जनादेश मिलने के पश्चात् 05 जून, 2024 को प्रधानमंत्री आवास 7, लोक कल्याण मार्ग, नई दिल्ली में एनडीए की महत्वपूर्ण बैठक प्रधानमंत्रीजी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में एनडीए के 16 पार्टियों के प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वप्रथम जनता-जनार्दन का आभार प्रकट किया और एनडीए को लगातार तीसरा कार्यकाल देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हम विकसित भारत के संकल्प को आगे लेकर चलना चाहते हैं और इसके लिए आगे भी अटूट निष्ठा के साथ कार्य करते रहेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी सहयोगी दलों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी एनडीए के नेताओं के समक्ष प्रधानमंत्री पद के लिए श्री नरेन्द्र मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका टीडीपी के अध्यक्ष श्री

## प्रस्ताव

भारत के 140 करोड़ देशवासियों ने पिछले 10 वर्षों में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश को हर क्षेत्र में विकसित होते देखा है। बहुत लंबे अंतराल लगभग 6 दशक के बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना है।

हम सभी को गर्व है कि 2024 का लोकसभा चुनाव एनडीए ने आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एकजुटता से लड़ा और जीता। हम सभी एनडीए के नेता आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनते हैं।

श्री मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार भारत के गरीब-महिला-युवा-किसान और शोषित, वंचित व पीड़ित नागरिकों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की विरासत को संरक्षित कर देश के सर्वांगीण विकास हेतु एनडीए सरकार भारत के जन-जन के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कार्य करती रहेगी।

**नई दिल्ली में 05 जून, 2024 को संपन्न एनडीए की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ।**

चंद्रबाबू नायडू, बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू प्रमुख श्री नीतीश कुमार और शिव सेना प्रमुख श्री एकनाथ शिंदे सहित एनडीए के सभी नेताओं ने समर्थन किया।

बैठक में एनडीए के सभी नेताओं ने एक स्वर से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की भूरि-भूरि सराहना की और कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में ही एनडीए को लगातार तीसरी बार स्पष्ट जनादेश मिला है। एनडीए के सभी नेताओं ने कहा कि एनडीए की जीत में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की चमत्कारिक छवि और उनके परिश्रम की पराकाष्ठा का विशेष योगदान है और इसने राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी एनडीए को बड़ी जीत दिलाने में ठोस आधार प्रदान किया है।

बैठक में एनडीए के सभी नेताओं ने कहा कि जनता का निर्णय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जल्द से जल्द शपथ लें और एनडीए सरकार का गठन हो, ताकि इन 10 वर्षों में उनके नेतृत्व में गरीब, दलित, पिछडे और वंचित समुदाय मुख्यधारा से जोड़ने एवं उनके उत्थान के लिए एनडीए सरकार द्वारा जो कल्याणकारी कार्य शुरू किये गए हैं, वह अविरल चलता रहे। सभी ने एकमत से कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत दस वर्षों में किए गए लोक कल्याणकारी कार्यों के कारण ही जनता ने अकेले भाजपा को पूरे विपक्षी गठबंधन से अधिक सीटों पर विजयी बनाया है और एनडीए को सरकार बनाने का स्पष्ट बहुमत दिया है।

बैठक में एनडीए नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्रीजी की ऊर्जा देश के युवाओं को उत्साह प्रदान करती है, जो बिना थके काम करते हैं। देश की जनता ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पर फिर एक बार विश्वास जताया है। हम सब मिलकर 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करेंगे।

इस बैठक में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, टीडीपी के अध्यक्ष श्री चंद्रबाबू नायडू, बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू प्रमुख श्री नीतीश कुमार, शिव सेना प्रमुख और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल (सेक्युलर) प्रमुख श्री एचडी कुमारास्वामी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष श्री चिराग पासवान, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के अध्यक्ष श्री जीतन राम मांझी, जन सेना के अध्यक्ष श्री पवन कल्याण, एनसीपी से श्री सुनील तटकरे, अपना दल (सोने लाल) की प्रमुख श्रीमती अनुप्रिया पटेल, आरएलडी अध्यक्ष श्री जयंत चौधरी, एनसीपी से श्री प्रफुल पटेल, यूपीपीएल से श्री प्रमोद बोरो, असम गण परिषद् से श्री अतुल बोरा, एसकेएम से श्री इंद्रा हंग सुब्बा, एजेएसयू के अध्यक्ष श्री सुदेश महतो, जेडीयू से श्री राजीव रंजन सिंह और श्री संजय झा उपस्थित रहे। ■



# को मिली शानदार जीत


## लगातार तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक



# एनडीए को मिली शानदार जीत

## मोदी सरकार का लगातार तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक

लोकसभा चुनाव के निमित्त मतदाताओं ने 4 जून, 2024 को अपना निर्णय सुनाया। यह निर्णय ऐतिहासिक रहा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने 240 सीटों पर विजय प्राप्त की और सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। एनडीए ने 292 सीटें जीतकर लगातार तीसरी बार बहुमत हासिल किया। 2014 एवं 2019 के लोकसभा चुनावों में भी एनडीए की भव्य जीत हुई थी। इस बार 2024 में एनडीए ने हैट्रिक जीत का एक नया मानदंड स्थापित किया। इस प्रकार की जीत भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में ऐतिहासिक है। एक ओर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पिछले 62 वर्षों में दो पूर्ण कार्यकाल के बाद लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने वाले पहले प्रधानमंत्री बने। दूसरी ओर, कांग्रेसनीत विपक्षी इंडी गठबंधन को हैट्रिक हार



# दलवार परिणाम

| दल का नाम | कुल |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी - बीजेपी | 240 |
| इंडियन नेशनल कांग्रेस - आईएनसी | 99 |
| समाजवादी पार्टी - एसपी | 37 |
| आल इण्डिया तृणमूल कांग्रेस - एआईटीसी | 29 |
| द्रविड़ मुनेत्र कड़गम - डीएमके | 22 |
| तेलुगु देशम - टीडीपी | 16 |
| जनता दल (यूनायटेड) - जेडी (यू) | 12 |
| शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) - एसएचएसयूबीटी | 9 |
| नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी- शरदचंद्र पवार - एनसीपीएसपी | 8 |
| शिवसेना - एसएचएस | 7 |
| लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) - एलजेपीआरवी | 5 |
| युवजन श्रमिक रयाथु कॉंग्रेस पार्टी - वाईएसआरसीपी | 4 |
| राष्ट्रीय जनता दल - आरजेडी | 4 |
| कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया (मार्क्सीसिस्ट) - सीपीआई (एम) | 4 |
| इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग - आईयूएमएल | 3 |
| आम आदमी पार्टी - एएपी | 3 |
| झारखण्ड मुक्ति मोर्चा - जेएमएम | 3 |
| जनसेना पार्टी - जेएनपी | 2 |
| कम्युनिष्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सीसिस्ट - लेनिनिस्ट) (लिबरेशन) - सीपीआई (एमएल) (एल) | 2 |
| जनता दल (सेक्युलर) - जेडी (एस) | 2 |
| विदुथलाई चिरूथईगल काची - वीसीके | 2 |
| कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया - सीपीआई | 2 |
| राष्ट्रीय लोक दल - आरएलडी | 2 |
| जम्मू एण्ड कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस - जेकेएन | 2 |
| युनाइटेड पीपुल्स पार्टी, लिबरल - यूपीपीएल | 1 |
| असम गण परिषद् - एजीपी | 1 |
| हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) - एचएएमएस | 1 |
| केरल कांग्रेस - केईसी | 1 |
| रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी - आरएसपी | 1 |
| नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी - एनसीपी | 1 |
| वॉइस ऑफ़ द पीपल पार्टी - वीओटीपीपी | 1 |
| जोरम पीपुल्स मुवमेंट - जेडपीएम | 1 |
| शिरोमणि अकाली दल - एसएडी | 1 |
| राष्ट्रीय लोकतान्त्रिक पार्टी - आरएलटीपी | 1 |
| भारत आदिवासी पार्टी | 1 |
| सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा - एसकेएम | 1 |
| मरुमलार्ची द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम - एमडीएमके | 1 |
| आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) - एएसपीकेआर | 1 |
| अपना दल (सोनेलाल) | 1 |
| आजसु पार्टी - एजेएसयूपी | 1 |
| ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन - एआईएमआईएम | 1 |
| निर्दलीय - आईएनडी | 7 |
| **कुल** | **543** |

का सामना करना पड़ा और अपनी तमाम कोशिशों और चालों के बावजूद कांग्रेस लोकसभा में तीन अंकों का आंकड़ा नहीं छू सकी।

भाजपाजीत एनडीए ने 2024 के लोकसभा चुनाव में 292 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत प्राप्त किया। भाजपा ने 240 सीटें जीती। इसके सहयोगी दल तेलुगू देशम पार्टी को 16 और जदयू को 12 सीटें मिलीं, जबकि इंडी गठबंधन ने 233 सीटें प्राप्त की, अन्य ने 18 सीटें जीती। कांग्रेस को 99 सीटें मिलीं। समाजवादी पार्टी को 37 सीटें मिलीं, जबकि तृणमूल कांग्रेस को 29 और डीएमके को 22 सीटें मिलीं।

यह चुनाव भाजपा के लिए इसलिए भी विशेष रहा क्योंकि आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने पार्टी के पक्ष में जबर्दस्त जनादेश दिया। तेलंगाना में भाजपा का मत-प्रतिशत लगभग दोगुना हो गया और केरल में वह पहली बार लोकसभा सीट जीती।

विजय प्राप्त करने वाले प्रमुख प्रत्याशियों में वाराणसी से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, लखनऊ से श्री राजनाथ सिंह, गांधीनगर से श्री अमित शाह, नागपुर से श्री नितिन गडकरी, विदिशा से श्री शिवराज सिंह चौहान एवं कोटा से श्री ओम बिड़ला शामिल हैं।

## राज्यों में प्रचंड जीत

2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पांच राज्यों में जबरदस्त जीत हासिल की। भाजपा ने मध्य प्रदेश (29 सीटें), हिमाचल प्रदेश (4 सीटें), दिल्ली (7 सीटें), उत्तराखंड (5 सीटें) एवं त्रिपुरा (2 सीटें) में सभी सीटें प्राप्त की।

पिछली बार भाजपा ने मध्य प्रदेश को छोड़कर इन राज्यों में सभी लोकसभा सीटें जीती थीं। इस बार मध्य प्रदेश में भाजपा ने अपनी जीत को संपूर्णता प्रदान करते हुए छिंदवाड़ा सीट जीत ली, जहां से पहले कांग्रेस के नकुल नाथ चुनाव लड़ते थे।


छत्तीसगढ़, गुजरात एवं ओडिशा में भी भाजपा ने जोरदार प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ में पार्टी ने 11 में से 10 सीटों पर विजय प्राप्त कीं। गुजरात में भाजपा ने 26 में से 25 सीटें जीतीं। भाजपा ने ओडिशा में भी 21 में से 20 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस ने एक सीट हासिल की।

## मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश में भाजपा ने सभी 29 सीटें जीतकर कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया। भाजपा के श्री शंकर लालवानी ने इंदौर सीट पर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बहुजन समाज पार्टी के संजय को परास्त कर 11,75,092 वोटों के अंतर से विजय प्राप्त की। भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा लोकसभा क्षेत्र से अपने निकटतम कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी को हराकर 8,21,408 वोटों से जीत हासिल की। गुना सीट से श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पांच लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीते, श्री राहुल सिंह लोधी ने दमोह से


### मध्य प्रदेश

| दल का नाम | कुल |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी - बीजेपी | 29 |
| **कुल** | **29** |




### हिमाचल प्रदेश

| दल का नाम | कुल |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी - बीजेपी | 4 |
| **कुल** | **4** |



4 लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल की, श्री फग्गन सिंह कुलस्ते मंडला से सीट जीते। श्री बंटी विवेक साहू छिंदवाड़ा सीट से जीते। मध्य प्रदेश में भाजपा सभी 29 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, जबकि कांग्रेस 27 सीटों पर चुनाव लड़ी थी।

### हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश में भाजपा ने चारों लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की। इस प्रकार भाजपा ने 2014 एवं 2019 का इतिहास दोहराया। हिमाचल प्रदेश में श्री अनुराग ठाकुर की जीत उल्लेखनीय रही, जिन्होंने लगातार पांचवीं बार हमीरपुर सीट पर जीत हासिल की। सुश्री कंगना रनौत एवं श्री राजीव भारद्वाज ने क्रमशः मंडी और कांगड़ा सीटों पर विजय प्राप्त की, जबकि पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री सुरेश कश्यप ने अपनी शिमला सीट बरकरार रखी।

### दिल्ली

2014 एवं 2019 की तरह दिल्ली में भी भाजपा ने सभी सात सीटों पर जीत हासिल की। यहां सुश्री बांसुरी स्वराज, श्री प्रवीण खंडेलवाल, श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी, श्री मनोज तिवारी, श्री हर्ष मल्होत्रा, श्री कमलजीत सहरावत और श्री योगेन्द्र चंदोलिया निर्वाचित हुए।

### उत्तराखंड

उत्तराखंड में भाजपा ने राज्य की सभी पांचों लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की। नैनीताल-उधमसिंह नगर में भाजपा प्रत्याशी श्री अजय भट्ट ने कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी को 3 लाख से अधिक मतों के अंतर से हराया। हरिद्वार सीट से भाजपा के श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कांग्रेस प्रत्याशी को 1 लाख 64 हजार से अधिक मतों से हराकर जीत हासिल की। गढ़वाल में श्री अनिल बलूनी ने 1 लाख 63 हजार से अधिक वोटों से जीत दर्ज की।

### त्रिपुरा


त्रिपुरा में भाजपा ने सभी दो सीटें जीत ली। पार्टी प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री बिप्लब कुमार देब ने त्रिपुरा पश्चिम संसदीय सीट पर कांग्रेस के श्री आशीष कुमार साहा को 6 लाख 11 हजार 5 सौ से अधिक मतों से हराया। भाजपा प्रत्याशी श्री कृति देवी देबबर्मन ने सीपीआईएम प्रत्याशी को 4 लाख 86 हजार से अधिक वोटों से पराजित किया।

### छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में भाजपा ने 10 सीटों पर जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस एकमात्र कोरबा सीट से जीती। रायपुर सीट पर भाजपा प्रत्याशी श्री बृजमोहन अग्रवाल ने 5 लाख 75 हजार से अधिक के अंतर से जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी श्री विजय बघेल ने दुर्ग


## दिल्ली

| दल का नाम | कुल |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी - बीजेपी | 7 |
| **कुल** | **7** |




## उत्तराखंड

| दल का नाम | कुल |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी - बीजेपी | 5 |
| **कुल** | **5** |



निर्वाचन क्षेत्र से 4 लाख 38 हजार से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की। राजनांदगांव सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री संतोष पांडे ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता श्री भूपेश बघेल को पराजित किया।

## गुजरात

गुजरात में भाजपा ने कुल 26 में से 25 सीटें हासिल कर शानदार विजय प्राप्त की। कांग्रेस को एक सीट से संतोष करना पड़ा। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह गांधीनगर से जीते, जबकि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री सी.आर. पाटिल नवसारी से चुने गए। पोरबंदर से केंद्रीय मंत्री श्री मनसुख मंडाविया निर्वाचित हुए।

## ओडिशा

ओडिशा में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 20 लोकसभा सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस के खाते में सिर्फ एक सीट गई। बीजेडी अपना खाता खोलने में असफल रही। केंद्रीय मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान संबलपुर से जीते, जबकि वरिष्ठ नेता श्री बैजयंत पांडा, श्री जुएल ओराम, श्री प्रताप सदांगी, श्रीमती अपराजिता सारंगी क्रमशः केंद्रपाड़ा, सुंदरगढ़, बालासोर, भुवनेश्वर से जीते।

## तेलंगाना

तेलंगाना में 17 लोकसभा क्षेत्रों में से भाजपा एवं कांग्रेस को 8-8 सीटें प्राप्त हुईं। एआईएमआईएम को एक सीट मिली। 35 प्रतिशत मतों के साथ भाजपा ने 2019 की तुलना में तेलंगाना में अपनी सीटें दोगुनी कर ली।

## आंध्र प्रदेश

आंध्र प्रदेश में 25 लोकसभा क्षेत्रों में से एनडीए ने 21 सीटें जीतीं। एनडीए सहयोगी टीडीपी ने 16 सीटें जीतीं, भाजपा ने 3 सीटें जीतीं, जन सेना पार्टी ने दो सीटें जीतीं जबकि वाईएसआरसीपी को चार सीटें मिलीं। भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रीमती डी. पुरंदेश्वरी ने राजमुंदरी से, श्री सी.एम. रमेश ने अनकापल्ली से और श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने क्रमशः नरसापुरम से जीत हासिल की।

## कर्नाटक


कर्नाटक में 28 लोकसभा क्षेत्रों में से भाजपा ने 46.6 प्रतिशत मतों के साथ 17 सीटें जीती और उसकी सहयोगी जेडीएस ने दो सीटें जीती, जबकि कांग्रेस को 9 सीटें प्राप्त हुईं।

## केरल

त्रिशूर में श्री सुरेश गोपी की जीत के साथ, इतिहास में पहली बार, भाजपा ने केरल में लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की। कुल 33 लाख वोटों के साथ भाजपा ने अपने मत-प्रतिशत में प्रभावी


## त्रिपुरा

| दल का नाम | कुल |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी - बीजेपी | 2 |
| **कुल** | **2** |



## छत्तीसगढ़

| दल का नाम | कुल |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी - बीजेपी | 10 |
| इंडियन नेशनल कांग्रेस - आईएनसी | 1 |
| **कुल** | **11** |



सुधार किया और उसे 16.38 प्रतिशत मत मिले। कांग्रेसनीत यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) को 20 में से 18 लोकसभा सीटें मिलीं। सीपीआई (एम) नीत एलडीएफ ने राज्य में केवल एक सीट जीती।

## झारखंड

झारखंड में 14 सीटों पर लोकसभा चुनाव हुए। भाजपा ने 44.60 प्रतिशत मतों के साथ आठ सीटें जीतीं, आजसू पार्टी ने एक, जेएमएम ने तीन एवं कांग्रेस ने दो सीटें जीतीं। प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेताओं में कोडरमा सीट से श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, रांची से श्री संजय सेठ, गोड्डा से श्री निशिकांत दुबे चुनाव जीते, जबकि एनडीए की सहयोगी आजसू पार्टी के श्री चंद्र प्रकाश चौधरी गिरिडीह सीट से चुने गए।

## राजस्थान

राजस्थान में 25 लोकसभा सीटों में से भाजपा ने 49.24 प्रतिशत मतों के साथ 14 सीटें जीती और 8 सीटें कांग्रेस को मिलीं। सीपीआई (एम), राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी एवं भारत आदिवासी पार्टी को एक-एक सीट मिली। अजमेर, अलवर, भीलवाड़ा, बीकानेर, चित्तौड़गढ़, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, जालौर, झालावाड़-बारां, जोधपुर, कोटा, पाली, राजसमंद एवं उदयपुर से भाजपा प्रत्याशी निर्वाचित हुए।

## महाराष्ट्र

महाराष्ट्र की 48 सीटों में से भाजपा ने 26.18 प्रतिशत मतों के साथ 9 सीटें जीतीं। कांग्रेस को 13 सीटें मिलीं। शिवसेना (उद्धव) ने 9, शिवसेना (एसएचएस) ने 7 और एनसीपी (पवार) ने 8 सीटें जीतीं। एक सीट एनसीपी और एक सीट निर्दलीय ने जीती। वरिष्ठ नेताओं में श्री नितिन गडकरी नागपुर से, श्री पीयूष गोयल मुंबई-उत्तर से एवं श्री नारायण राणे रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग सीट से जीते।

## पश्चिम बंगाल


38.73 प्रतिशत मतों के साथ भाजपा ने पश्चिम बंगाल में 12 सीटें जीती। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में श्री सुकांत मजूमदार, श्री मनोज तिग्गा, डॉ. जयंत कुमार रॉय, श्री राजू बिष्टा और श्री केसी पॉल के नाम उल्लेखनीय हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस ने 29 सीटों पर जीत दर्ज की।

## असम

असम में कुल 14 सीटों में से भाजपा ने 37.43 प्रतिशत मतों के साथ 9 सीटें जीतीं। वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल डिब्रूगढ़ से भारी अंतर से जीते। कांग्रेस ने 3 सीटें जीतीं।


## गुजरात

| दल का नाम | कुल |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी - बीजेपी | 25 |
| इंडियन नेशनल कांग्रेस - आईएनसी | 1 |
| **कुल** | **26** |



## ओडिशा

| दल का नाम | कुल |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी - बीजेपी | 20 |
| इंडियन नेशनल काँग्रेस - आईएनसी | 1 |
| **कुल** | **21** |



यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी, लिबरल एवं असम गण परिषद् ने एक-एक सीट जीती।

### उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने 41.37 प्रतिशत मतों के साथ 33 सीटों पर विजय प्राप्त की। वहीं, समाजवादी पार्टी को 33.59 प्रतिशत मतों के साथ 37 सीटें मिलीं। कांग्रेस ने 6 सीटें, राष्ट्रीय लोकदल ने 2, आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने एक और अपना दल (सोनीलाल) ने एक सीट जीती। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी से एवं रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह लखनऊ संसदीय सीट से चुनाव जीते।

### अरुणाचल प्रदेश

अरुणाचल प्रदेश की 2 सीटों में से भाजपा ने 48.87 प्रतिशत मतों के साथ दोनों सीटें जीतीं। भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस के नबाम तुकी को हराकर अरुणाचल पश्चिम संसदीय क्षेत्र में 1 लाख से अधिक वोटों से जीत हासिल की। भाजपा प्रत्याशी तापिर गाओ ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के बोसीराम सिरम को 30 हजार से अधिक मतों से हराया।

### जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर की पांच सीटों में से भाजपा एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस ने दो-दो सीटें जीतीं, जबकि एक सीट निर्दलीय प्रत्याशी के खाते में गई। उधमपुर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने विजय प्राप्त की। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बारामूला लोकसभा सीट पर एक निर्दलीय प्रत्याशी से हार गए। पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती भी अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र से हार गईं। लद्दाख की एकमात्र संसदीय सीट पर एक निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत हासिल की।

### गोवा

गोवा की दो सीटों में से उत्तरी गोवा सीट पर भाजपा एवं दक्षिणी गोवा सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की। भाजपा को 50.79 प्रतिशत मत मिले और वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री श्री श्रीपद येसो नाइक ने उत्तरी गोवा सीट पर भारी अंतर से जीत हासिल की।

### अंडमान एवं निकोबार

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में भाजपा प्रत्याशी श्री बिष्णु पद रे ने एकमात्र संसदीय सीट जीती और भाजपा को 50.59 प्रतिशत मत मिले।

### दादरा एवं नगर हवेली

भाजपा प्रत्याशी श्री कलाबेन डेलकर ने दादरा एवं नागर हवेली सीट जीत पर विजय प्राप्त की, जबकि स्वतंत्र प्रत्याशी श्री उमेशभाई बाबूभाई पटेल ने दमन एवं दीव लोकसभा सीट जीत ली।

### सिक्किम

सिक्किम में एनडीए सहयोगी क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के प्रत्याशी इंद्र हैंग सुब्बा ने सिक्किम की एकमात्र लोकसभा सीट जीत ली।

उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने 16 मार्च, 2024 को 18वीं लोकसभा और आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा एवं सिक्किम विधानसभा चुनावों के लिए कार्यक्रम की घोषणा की। विशाल और विविधतापूर्ण देश में एक सुचारू और व्यापक चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करते हुए सात चरणों में चुनाव आयोजित किए गए।

चुनाव का पहला चरण 19 अप्रैल, 2024 को हुआ, जिसमें 66.14% मतदान हुआ। 26 अप्रैल, 2024 को आयोजित दूसरे चरण में मतदान थोड़ा बढ़कर 66.71% हो गया। तीसरा चरण, जो 7 मई, 2024 को हुआ, उसमें 65.68% मतदान हुआ। 13 मई, 2024 को आयोजित चौथे चरण में सबसे अधिक मतदान 69.16% दर्ज किया गया। 20 मई, 2024 को आयोजित पांचवें चरण में 62.2% मतदान हुआ। 25 मई, 2024 को छठे चरण में 63.37% मतदान हुआ, जबकि 1 जून, 2024 को आयोजित सातवें व अंतिम चरण में 61.63% मतदान दर्ज किया गया।

जम्मू-कश्मीर में भी मतदान के लिए भारी संख्या में लोगों की भागीदारी एवं उनके रिकॉर्ड मतदान को सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग के प्रयास अत्यंत सराहनीय रहे।

लोकसभा चुनाव का सफलतापूर्वक संपन्न होना भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण रहा। चुनाव आयोग, मतदाताओं, राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों, चुनावकर्मियों और सुरक्षा बलों के सामूहिक प्रयासों ने सुनिश्चित किया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया अक्षुण्ण रहे और मजबूत हो। चुनौतियों के बावजूद मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी ने भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता को उजागर किया।

भारत के चुनाव आयोग के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा, "मैं दुनिया के सबसे बड़े चुनावों को संपन्न कराने के लिए भारत के चुनाव आयोग को धन्यवाद देना चाहता हूं... भारत की चुनावी प्रक्रिया विश्वसनीयता और दक्षता की नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई है।"

2024 के आम चुनावों ने लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की शक्ति एवं नागरिक दायित्व के महत्व को रेखांकित किया। इतनी व्यापक चुनावी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संचालित करने की भारत की क्षमता इसकी सशक्त लोकतांत्रिक संस्थाओं एवं इसके लोगों की स्थायी भावना को परिलक्षित करती है। ■

# एनडीए की हैट्रिक जीत के बाद भव्य जश्न

लोकसभा चुनाव 2024 में लगातार तीसरी बार एनडीए की शानदार जीत के बाद देश भर के प्रदेश भाजपा कार्यालयों एवं नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में भव्य जश्न मनाया गया। केंद्रीय कार्यालय में नवनिर्वाचित सांसदों के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही पार्टी कार्यकर्ताओं ने 'शंख' बजाकर जयघोष किया और वे 'ढोल' की थाप पर नृत्य करने लगे। 'भारत माता की जय', 'मोदी-मोदी' और 'वंदे मातरम' के उद्‌घोष से माहौल गूंज उठा। 'जय श्री राम', 'मोदी मोदी' के नारों के बीच प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा के साथ पार्टी मुख्यालय पहुंचे। हजारों कार्यकर्ताओं ने फूलों की पंखुड़ियों और पटाखों के साथ प्रधानमंत्रीजी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। श्री राजनाथ सिंह एवं श्री अमित शाह सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मंच पर प्रधानमंत्री श्री मोदी का माला पहनाकर स्वागत किया।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में जीत के लिए प्रधानमंत्रीजी का स्वागत व अभिनंदन तथा उनके प्रति आभार व्यक्त किया, साथ ही उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि हम जानते हैं कि 2014 के बाद देश ने राजनीति में एक नया मोड़ लिया और इतिहास रच दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद एक मजबूत सरकार बनी। इस मजबूत सरकार को 2019 में फिर से लोगों ने आशीर्वाद दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी की नीतियों को 2024 में फिर से आशीर्वाद दिया गया और हम इस ऐतिहासिक दिन के साक्षी हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत 'जय जगन्नाथ' के उद्‌घोष के साथ की, जो ओडिशा विधानसभा चुनावों में भाजपा की शानदार जीत का परिचायक रहा। उन्होंने हाल ही में संपन्न चुनावों के दौरान भाजपा एवं एनडीए पर 'पूर्ण विश्वास जताने' के लिए देशवासियों को धन्यवाद दिया।

श्री मोदी ने कहा कि भाजपा के हर कार्यकर्ता के लिए 'दल' से बड़ा 'देश' रहा है। भाजपा का कार्यकर्ता जन आकांक्षाओं, जन भावनाओं और जन अपेक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। केन्द्र की एनडीए सरकार सभी राज्यों के साथ मिलकर काम करेगी और विकसित भारत के लक्ष्य के लिए जमकर मेहनत करेगी। 'विकसित भारत' और भारत के उत्तम भविष्य के लिए हमें निरंतर बड़े निर्णय लेने हैं।

उन्होंने कहा कि केन्द्र से लेकर पन्ना स्तर तक की भाजपा संगठन की टीम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में अनेक चुनौतियों के बीच साहस और समर्पण भाव से 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत को आत्मसात कर इस चुनावी जंग में एनडीए को विजय दिलाई है और ये सभी कोटि-कोटि अभिनंदन के पात्र हैं। आज देशवासियों ने मुझ पर, भारतीय जनता पार्टी पर और एनडीए पर बहुत बड़ी कृपा की है। मैं 140 करोड़ देशवासियों का पुनः आभार व्यक्त करता हूं। मैं अपने एनडीए के सभी साथियों का भी हृदय से अभिनंदन करता हूं। मैं इस देश के महान लोकतंत्र और महान संविधान को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। ■

# भारत के उत्तम भविष्य के लिए हमें निरंतर बड़े निर्णय लेने हैं : नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 04 जून, 2024 को लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार को मिले स्पष्ट जनादेश के उपलक्ष्य में पार्टी केंद्रीय कार्यालय विस्तार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी देशवासियों, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और जनता-जनार्दन को लोकसभा एवं आंध्र प्रदेश विधानसभा में एनडीए तथा ओडिशा विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने के लिए आभार व्यक्त किया और देश को 'विकसित भारत' बनाने के अपने लक्ष्य के प्रति अपनी कटिबद्धता व्यक्त करते हुए तीसरे कार्यकाल में देशहित के लिए बड़े निर्णय लेने का आह्वान किया।

श्री मोदी ने कहा कि जनता के इस स्नेह, प्यार और आशीर्वाद के लिए मैं सभी देशवासियों का ऋणी हूं। आज बड़े मंगल के पावन दिन एनडीए की सरकार बननी तय है। देशवासियों ने भाजपा और एनडीए पर पूर्ण विश्वास जताया है एवं आज की ये विजय विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीत है। ये जीत भारत के संविधान पर अटूट निष्ठा, विकसित भारत के प्रण, 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र और 140 करोड़ भारतीयों की जीत है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने लगभग 100 करोड़ मतदाताओं, 11 लाख पोलिंग स्टेशनों, 1.5 करोड़ मतदानकर्मियों और 55 लाख वोटिंग मशीनों के साथ विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनाव को इतनी प्रचंड गर्मी में कुशलता से संपन्न किया है। भारत की चुनावी प्रक्रिया और इस चुनावी प्रक्रिया की प्रमाणिकता पर हर भारतीय को गर्व है। भारत के इन्फ्लुएंसर्स और ओपिनियन मेकर्स को भारत के लोकतंत्र के इस सामर्थ्य को गर्व से पूरे विश्व के सामने प्रस्तुत करना चाहिए। जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं ने इस चुनाव रिकॉर्ड तोड़ मतदान कर जबर्दस्त उत्साह का प्रदर्शन किया है और विश्व में भारत की चुनावी प्रक्रिया को बदनाम करने वालों को आइना दिखाया है। मैं देश के मतदाताओं और जनता-जनार्दन को विजय के इस पावन पर्व पर आदरपूर्वक नमन करता हूं। मैं देशभर के सभी दलों और उम्मीदवारों का भी अभिनंदन करता हूं। सभी की सक्रिय भागीदारी के बिना लोकतंत्र के ये विराट सफलता संभव नहीं थी। मैं भाजपा एवं एनडीए के हर कार्यकर्ता साथी को भी धन्यवाद करता हूं।

उन्होंने कहा कि भाजपा विरोधी एकजुट होकर भी उतनी सीटें नहीं जीत पाए, जितनी इस लोकसभा चुनाव में अकेली भाजपा ने जीती हैं। 1962 के बाद पहली बार कोई गैर-कांग्रेसी सरकार अपने दो कार्यकाल पूरे करने के बाद तीसरी बार सत्ता में वापस आई है। अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम विधानसभा चुनावों में एनडीए को भव्य विजय मिली है एवं कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। भाजपा उड़ीसा में सरकार बनाने जा रही है और यह पहली बार होगा जब महाप्रभु जगन्नाथ की धरती पर भाजपा का मुख्यमंत्री होगा। भाजपा ने केरल में




भी सीट जीती है। केरल के कार्यकर्ताओं ने बहुत बलिदान दिए हैं। कई पीढ़ियों से वो संघर्ष भी करते रहे और जनसामान्य की सेवा भी करते रहे। उन्होंने पीढ़ियों से जिस क्षण की प्रतीक्षा की थी, वो आज सफल हो रहा है। तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी की संख्या दोगुनी हो गई है। मध्यप्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, दिल्ली, उत्तराखंड, हिमाचल जैसे कई राज्यों में भाजपा ने लगभग क्लीन स्वीप किया है। मैं इन सभी राज्यों, अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम विधानसभा के मतदाताओं का भी विशेष आभार व्यक्त करता हूं। आंध्र प्रदेश में श्री चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में और बिहार में श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए ने शानदार प्रदर्शन किया है। केन्द्र सरकार इन राज्यों के विकास के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी।

श्री मोदी ने कहा कि 10 वर्ष पहले देश ने बदलाव के लिए जनादेश दिया था, तब देश निराशा की गर्त में डूब चुका था। प्रतिदिन अखबारों की हेडलाइन घोटालों से भरी रहती थीं, देश की युवा पीढ़ी अपने भविष्य को लेकर आशंकित थी, ऐसे समय देश ने हमें निराशा के गहरे सागर से आशा का मोती निकालने का जिम्मा सौंपा था। हम सभी ने पूरी ईमानदारी से कार्य किया। 2019 में इसी प्रयास और कार्य पर विश्वास व्यक्त करते हुए देश ने दोबारा एनडीए को प्रचंड जनादेश दिया। एनडीए का दूसरा कार्यकाल 'विकास और विरासत' की गारंटी बन गया। 2024 में इसी गारंटी के साथ हम जन-जन का आशीर्वाद लेने देश के कोने-कोने में गए। आज तीसरी बार जो आशीर्वाद एनडीए को मिला है, मैं इसके लिए जनता के सामने विनय भाव से नतमस्तक हूं।

उन्होंने कहा कि आज का यह पल मेरे लिए भी भावुक करने वाला पल है। मेरी मां के जाने के बाद ये मेरा पहला चुनाव था, लेकिन देश की कोटि कोटि माताओं बहनों ने मुझे मां की कमी नहीं खलने दी। देश की

इतिहास में महिलाओं के मतदान के सभी रिकॉर्ड टूट गए हैं और इस प्यार को मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। पिछले 10 वर्षों में देश ने बहुत बड़े फैसले लिए हैं। 'राष्ट्र प्रथम' की भावना हमें असामान्य लक्ष्य हासिल करने का हौसला देती है और हमारे अंदर कुछ कर गुजरने की इच्छा शक्ति उत्पन्न करती है। हमने विश्व की सबसे बड़ी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाईं। आजादी के 70 वर्ष बाद 12 करोड़ लोगों को नल से जल, 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर, 80 करोड़ जरूरतमंदों को निःशुल्क राशन की सुविधा और करोड़ों गरीबों को आयुष्मान भारत का लाभ मिला। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटी और जीएसटी जैसा सुधार हुआ। कोरोना के संकट के समय भी भाजपा ने देशहित और जनहित का फैसला लिया एवं हर दवाब से अलग हटकर कदम उठाए, जिसके परिणामस्वरूप आज भारत विश्व की सबसे तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था बन गई है। 'राष्ट्र प्रथम' की यही भावना भारत को आत्मनिर्भर बनाएगी। देशवासियों की मेहनत और गर्मी में बहाया गया पसीना मोदी को निरंतर काम करने की प्रेरणा देता है। अगर जनता 10 घंटे काम करेगी तो मोदी 18 घंटे काम करेगा और जनता 2 कदम चलेगी तो मोदी 4 कदम चलेगा। हम भारतीय मिलकर देश को आगे बढ़ाएंगे एवं तीसरे कार्यकाल में देश बड़े फैसलों का एक नया अध्याय लिखेगा।

उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता हमेशा से समाज के हर क्षेत्र और हर वर्ग के विकास की रही है। बीते 10 वर्षों में सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है और उसमें भी सबसे अधिक संख्या पिछड़े, दलितों और आदिवासियों की है। हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक गरीबी देश के अतीत का हिस्सा न हो जाए। महिला केंद्रित विकास, एनडीए सरकार के गवर्नेंस मॉडल के केन्द्र में रहा है। स्पोर्ट्स से स्पेस और उद्यमिता तक हर क्षेत्र में हम माताओं, बहनों और बेटियों को नए अवसर देने के लिए कार्य करेंगे। बीते 10 वर्षों में मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुनी हुई, एम्स की संख्या तीन गुनी हुई, स्व-रोजगार और स्टार्टअप में एतिहासिक बढ़ोतरी हुई है। भारत, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल उत्पादक बना है। अब इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमी कंडक्टर और ऐसे अन्य नए सेक्टरों में और तेजी से कार्य किया जाएगा।

**'राष्ट्र प्रथम' की यही भावना भारत को 'आत्मनिर्भर' बनाएगी। देशवासियों की मेहनत और गर्मी में बहाया गया पसीना मोदी को निरंतर काम करने की प्रेरणा देता है। अगर जनता 10 घंटे काम करेगी तो मोदी 18 घंटे काम करेगा और जनता 2 कदम चलेगी तो मोदी 4 कदम चलेगा**

श्री मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार ने देश के रक्षा उत्पादों और निर्यात को बढ़ाने का प्रयास किया है। हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक देश रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर' नहीं बन जाता। हम अपने युवाओं को शिक्षा, रोजगार और स्वरोजगार हर क्षेत्र में सशक्त करेंगे। किसानों के लिए बीज से बाजार तक आधुनिक बनाने का कार्य प्राथमिकता पर होगा। दलहन से लेकर खाद्य तेल तक किसानों को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए हम कार्य करते रहेंगे। आने वाला समय हरित युग का है। हमारी सरकार की नीतियां, प्रगति, प्रकृति और संस्कृति के समागम की हैं। हम ग्रीन औद्योगीकरण पर निवेश बढ़ाएंगे। ग्रीन एनर्जी से लेकर ग्रीन मोबिलिटी तक हम भारत को सबसे आगे लेकर जाएंगे। भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एनडीए सरकार पूरी शक्ति से कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि आज का भारत वैश्विक समाधान का हिस्सा भी बन रहा है। हमने कोरोना के दौरान देखा है कि कैसे भारत की वैक्सीन क्षमता ने दुनिया को संकट से बचाने में मदद की। हमारे चंद्रयान ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग करके स्पेस अन्वेषण के नए रास्ते खोले हैं। जलवायु परिवर्तन से लेकर खाद्य सुरक्षा तक विश्व के हर विषय के लिए काम करना, भारत अपनी जिम्मेदारी समझता है। भारत को वैश्विक सप्लाई चेन को स्थिरता और विविधता प्रदान करना भी अपना दायित्व समझता है। इसलिए भारत का विश्वबंधु के रूप में सबको गले लगा रहा है। मजबूत भारत, मजबूत विश्व का मजबूत स्तम्भ सिद्ध होगा। 21वीं सदी के भारत को आगे बढ़ने के लिए भारत को भ्रष्टाचार पर लगातार तेज प्रहार करना होगा। डिजिटल इंडिया और तकनीक ने भ्रष्टाचार के अनेक रास्ते बंद किए हैं, लेकिन भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई दिनोंदिन कठिन हो रही है। राजनीतिक स्वार्थ के लिए जब भ्रष्टाचार का महिमामंडन शुरू हो जाए और निर्लज्जता की सारी हदें पार हो जाएं तो भ्रष्टाचार को बहुत ताकत मिल जाती है इसलिए एनडीए सरकार का जोर हर प्रकार के भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने पर होगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा के हर कार्यकर्ता के लिए दल से बड़ा देश रहा है। भाजपा का कार्यकर्ता जन आकांक्षाओं, जन भावनाओं और जन अपेक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन ध्येय पथ पर अड़िग रहने की प्रेरणा है। अपने ध्येय पथ पर आगे बढ़ते हुए हम देशहित को सर्वोपरि रखेंगे तभी अपने लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। हमारा संविधान हमारा मार्गदर्शक है और इसी वर्ष संविधान के 75 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। केन्द्र की एनडीए सरकार सभी राज्यों के साथ मिलकर काम करेगी और विकसित भारत के लक्ष्य के लिए जमकर मेहनत करेगी। 'विकसित भारत' और भारत के उत्तम भविष्य के लिए हमें निरंतर बड़े निर्णय लेने हैं।

श्री मोदी ने कहा कि केन्द्र से लेकर पन्ना स्तर तक की भाजपा संगठन की टीम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में अनेक चुनौतियों के बीच हिम्मत और समर्पण भाव से 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत को जीते हुए इस चुनावी जंग में एनडीए को विजय दिलाई है और ये सभी कोटि-कोटि अभिनंदन के पात्र हैं। आज देशवासियों ने मुझ पर, भारतीय जनता पार्टी पर और एनडीए पर बहुत बड़ी कृपा की है। मैं 140 करोड़ देशवासियों का पुनः आभार व्यक्त करता हूं। मैं अपने एनडीए के सभी साथियों का भी हृदय से अभिनंदन करता हूं। मैं इस देश के महान लोकतंत्र और महान संविधान को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। ■

# पहली बार किसी गठबंधन को लगातार तीसरा कार्यकालः जगत प्रकाश नड्डा



भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में 04 जून, 2024 को कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश, पार्टी और लोगों का नेतृत्व करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने एनडीए के सहयोगियों, उनके कार्यकर्ताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की और एनडीए को लोकसभा चुनाव 2024 में विजयश्री दिलाने में सहयोग किया।

श्री नड्डा ने कहा, "प्रधानमंत्री मोदीजी ने हमेशा देश, पार्टी और देश के लोगों का नेतृत्व किया है और मैं आज यहां उनका स्वागत करता हूं। मैं एनडीए के सहयोगियों और उनके कार्यकर्ताओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की और एनडीए को चुनाव जीतने में मदद की।"

श्री नड्डा ने इंडी गठबंधन को अवसरवादी गठबंधन बताते हुए कहा कि देश की जनता ने तीसरी बार इन्हें नकार दिया है। इन्हें आत्मचिंतन करना चाहिए।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पहली बार देश में कोई गठबंधन लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रहा है कुछ लोगों जिनके लिए स्वार्थ ही सर्वोपरि हैं, उन्हें देश ने नकारता दिया है..."

उन्होंने कहा, "हम जानते हैं कि 2014 के बाद देश ने राजनीति में एक नया मोड़ लिया और इतिहास रच दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद एक मजबूत सरकार बनी। इस मजबूत सरकार को 2019 में फिर से लोगों ने आशीर्वाद दिया... प्रधानमंत्री श्री मोदी की नीतियों को 2024 में फिर से आशीर्वाद मिला और हम इस ऐतिहासिक दिन के साक्षी हैं..."

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग 30-40 सीटें जीतने के बाद जश्न मना रहे हैं। वे भूल गए हैं कि पूरा देश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ा है।


श्री नड्डा ने कहा, "पश्चिम बंगाल में हम 3 से 77 सीटों पर पहुंच गए... पहली बार, भाजपा ओडिशा में सरकार बनाने जा रही है... कुछ लोग जो 30-40 सीटें जीतते हैं, वे भूल जाते हैं कि कैसे देश मोदी जी के साथ खड़ा है, इसके बजाय वे जश्न मनाना शुरू कर देते हैं।" ■





देश की जनता-जनार्दन ने एनडीए पर लगातार तीसरी बार अपना विश्वास जताया है। भारत के इतिहास में ये एक अभूतपूर्व पल है। मैं इस स्नेह और आशीर्वाद के लिए अपने परिवारजनों को नमन करता हूं। मैं देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हम नई ऊर्जा, नई उमंग, नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ेंगे। सभी कार्यकर्ताओं ने जिस समर्पण भाव से अथक मेहनत की है, मैं इसके लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, अभिनंदन करता हूं।

**– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**



भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए को मिली सफलता और तीसरी बार सरकार बनाने का जनादेश देने के लिए मैं देश की जनता का हार्दिक धन्यवाद देता हूं। एनडीए की यह जीत मोदीजी की जनकल्याणकारी नीतियों और गरीब कल्याण के प्रति उनके समर्पण की जीत है। भारत की जनता को उनके नेतृत्व में अगाध विश्वास है। भारत प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विकसित भारत बनने के विराट लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये अमृत काल में एक सक्षम और और सशक्त राष्ट्र के रूप में अग्रसर है। पिछले दस वर्षों में आज देश उस दौर में पहुंच गया है, जहां भारत के नागरिक ही नहीं बल्कि दुनिया के तमाम देशों को यह भरोसा हो गया है कि हमारा देश विकसित होने के साथ साथ समूचे विश्व को नेतृत्व और नई दिशा देने का सामर्थ्य रखता है। मोदीजी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और उनके नेतृत्व में हम सभी नई ऊर्जा और उत्साह के साथ विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए काम करेंगे।

**– राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**



यह ऐतिहासिक उपलब्धि है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने नंबर 2 पार्टी से 142 सीटें अधिक जीतकर तीसरा कार्यकाल सुनिश्चित किया है।

**– हिमंता बिस्वा सरमा**
**मुख्यमंत्री, असम**



यह भारत की जनता की जीत है! आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए को मिले इस जनसमर्थन के लिए मैं मोदी जी, सभी वरिष्ठ नेताओं एवं हमारे लाखों निष्ठावान कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देता हूं। यह भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद एवं तुष्टीकरण पर 'विकास' की जीत है। 'विकसित भारत' का हमारा संकल्प समृद्ध, सक्षम एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के साथ आगे बढ़ रहा है, जिसमें युवाओं, महिलाओं, किसानों एवं गरीबों को सशक्त बनाना हमारा ध्येय है। मैं लगातार तीसरी बार जनता से मिले इस जनादेश के लिए आभार व्यक्त करता हूं।

**– जगत प्रकाश नड्डा**
**भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष**



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए को लगातार तीसरी बार सेवा का मौका देने के लिए देश की जनता को कोटि-कोटि नमन करता हूं। लगातार तीसरी जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता का विश्वास सिर्फ और सिर्फ मोदी जी के साथ है।

**– अमित शाह**
**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री**




भारत की जनता-जनार्दन ने लगातार तीसरी बार एनडीए को स्पष्ट बहुमत प्रदान किया है। अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में एनडीए को पूर्ण बहुमत का जनादेश प्राप्त हुआ है। यह आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नीति, नेतृत्व और निर्णयों पर देश की जनता के विश्वास की मुहर है। सभी विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई। परिवार भाव के साथ जुटे भाजपा-एनडीए गठबंधन के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों का धन्यवाद एवं जनता-जनार्दन का आभार! भारत माता की जय!

**– योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश**



आदरणीय प्रधानमंत्री जी, आपके यशस्वी नेतृत्व में एनडीए को मिली यह लगातार तीसरी जीत आपके द्वारा पिछले 10 वर्षों में किए गए अभूतपूर्व विकास कार्यों और जनहित में लिए गए युगांतकारी निर्णयों का ही परिणाम है।

**– पुष्कर सिंह धामी**
**मुख्यमंत्री, उत्तराखंड**



आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए को मिली यह अभूतपूर्व विजय इस बात का प्रमाण है कि देश की जनता ने आदरणीय मोदी जी की गारंटियों पर मुहर लगा दी है तथा महिला, युवा, किसान और गरीबों का अपने प्रधान सेवक पर भरोसा अभी भी कायम है। आज लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश में ऐतिहासिक जीत पर भाजपा प्रदेश कार्यालय, भोपाल में आयोजित विजय उत्सव कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं तथा समस्त कार्यकर्ताओं के साथ जीत का जश्न मनाया, ये जीत उस प्रत्येक कार्यकर्ता की है जिसने न दिन देखा, न रात देखी...जिसने तपती धूप में भी भाजपा का झंडा थामे रखा और प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। इस ऐतिहासिक जीत के लिए देश व प्रदेश की देवतुल्य जनता का हार्दिक आभार!

**– मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश**



विकास के नए युग का प्रारंभ...
माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सक्षम नेतृत्व में NDA को निरंतर तीसरी बार बहुमत प्रदान करने हेतु देवतुल्य जनता का आत्मीय आभार एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत हेतु उनका हार्दिक अभिनंदन।
आशा व पूर्ण विश्वास है कि 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के शिल्पकार, भारत के 'अमृतकाल के सारथी' आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में भारत विकास की नित नई नूतन ऊंचाइयों को स्पर्श करेगा तथा विकसित भारत का संकल्प भी अवश्य सिद्ध होगा। जय हिंद, भारत माता की जय...

**– भजनलाल शर्मा**
**मुख्यमंत्री, राजस्थान**



भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपानीत राजग को ऐतिहासिक तीसरी बार जीत मिली है। इस जनादेश के लिए भारत की जनता का आभार। भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने फिर इतिहास रचा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा के सांगठनिक नेतृत्व में पार्टी को यह सफलता हासिल हुई है। माननीय मोदी जी के 'विकसित भारत' का संकल्प इस विजय के बाद निश्चित ही सिद्ध होगा। बधाई। शुभकामनाएं।

**– विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़**



लोकसभा चुनावों में लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत प्राप्त करने पर हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रभाई मोदीजी को हार्दिक शुभकामनाएं। पिछले 10 वर्षों की विकास-यात्रा के परिणामस्वरूप 140 करोड़ देशवासियों के इसी विश्वास के कारण 'विकसित भारत' के संकल्प को उर्जा मिली है। आगे भी हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रतिनिधित्व में हमारा देश सफलता की उड़ान भरता रहेगा और 'संकल्प से सिद्धि' की यह यात्रा जारी रहेगी।

**– भूपेन्द्र पटेल**
**मुख्यमंत्री, गुजरात**



एक बार फिर देश की जनता ने एनडीए को पूर्ण बहुमत दिया और माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे। मैं उन्हें और देशभर के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं! भाजपा ने अकेले इंडी गठबंधन में शामिल सभी दलों की कुल सीटों से अधिक सीटें जीती हैं। इसके अलावा, मैं आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन और ओडिशा में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की शानदार सफलता के लिए दोनों राज्यों के कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं।

**– देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री, महाराष्ट्र**

# वैश्विक नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदीजी को लगातार तीसरी ऐतिहासिक जीत पर दी बधाई

**अमेरिकी राष्ट्रपति श्री जोसेफ आर. बाइडेन, रूसी संघ के राष्ट्रपति श्री व्लादिमीर पुतिन, फ्रांस गणराज्य के राष्ट्रपति श्री इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री श्री ऋषि सुनक, जर्मन चांसलर श्री ओलाफ शोल्ज और दर्जनों अन्य वैश्विक नेताओं ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार सत्ता में आने पर बधाई दी। यूरोपीय संघ, यूक्रेन के राष्ट्रपति श्री वोलोडिमिर जेलेंस्की, इजराइली राष्ट्रपति श्री बेंजामिन नेतन्याहू और चीनी सरकार की ओर से भी बधाई संदेश भेजे गए। भारत के पड़ोसी और विस्तारित पड़ोसी देशों के नेताओं ने भी बधाई संदेश भेजे। श्रीलंका, मालदीव, ईरान व सेशेल्स के राष्ट्रपतियों और नेपाल, बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार व मॉरीशस के प्रधानमंत्रियों ने अपनी शुभकामनाएं भेजीं। नाइजीरिया, केन्या और कोमोरोस के राष्ट्रपतियों ने अपने बधाई संदेश भेजे हैं, जबकि कैरेबियाई देशों— जमैका और बारबडोस के नेताओं ने तीसरी बार सत्ता में आने पर बधाई दी है। इटली, जापान के प्रधानमंत्रियों, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति और जी-20 देशों के नेताओं ने भी नरेन्द्र मोदी को बधाई दी। दक्षिण पूर्व एशिया से सिंगापुर और मलेशिया के प्रधानमंत्रियों ने भी बधाई दी**

### अमेरिकी राष्ट्रपति जोसेफ आर. बाइडेन

अमेरिकी राष्ट्रपति श्री जोसेफ आर. बाइडेन ने ट्वीट कर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी और कहा कि वह भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करेंगे। श्री बाइडेन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और National Democratic Alliance (राजग) को जीत पर बधाई और साथ ही इस ऐतिहासिक चुनाव में लगभग 65 करोड़ मतदाताओं को भी बधाई। हमारे देशों की मित्रता और भी बढ़ रही है और इसकी एक बड़ी वजह है कि हम असीमित संभावनाओं वाले साझे भविष्य का द्वार खोल रहे हैं।

### फ्रांस गणराज्य के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों

फ्रांस गणराज्य के राष्ट्रपति श्री इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को उनकी ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हुए लिखा, "भारत में दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव संपन्न हो गया है। मेरे प्रिय मित्र नरेन्द्र मोदी को बधाई। हम साथ मिलकर भारत और फ्रांस को एकजुट करने वाली रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूती देंगे।"

### रूसी संघ के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की रूसी संघ के राष्ट्रपति श्री व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बातचीत हुई और राष्ट्रपति श्री पुतिन ने प्रधानमंत्री को आम चुनावों में सफलता के लिए हार्दिक बधाई और ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने सभी क्षेत्रों में भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने 2024 के दौरान रूस द्वारा ब्रिक्स की अध्यक्षता जारी रखने के लिए राष्ट्रपति श्री पुतिन को अपनी शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति व्यक्त की।

### इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू

इजराइल के प्रधानमंत्री श्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को उनके पुनः निर्वाचित होने पर बधाई दी। श्री नेतन्याहू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट किया, "मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई देता हूं। भारत और इजरायल के बीच दोस्ती नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ती रहे। बधाई हो!"

### ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री श्री ऋषि सुनक ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री मोदी से बात की है और उन्हें उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर कहा कि यूके और भारत के बीच सबसे घनिष्ठ दोस्ती है। हम साथ मिलकर इस दोस्ती को आगे बढ़ाएंगे।

### यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की

यूक्रेन के राष्ट्रपति श्री वोलोडिमिर जेलेंस्की ने प्रधानमंत्री श्री

नरेन्द्र मोदी को चुनावों में मिली सफलता के लिए बधाई दी। श्री जेलेंस्की ने लिखा कि भारत में विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों के सफलतापूर्वक आयोजन का अभिवादन करता हूं। भारत के संसदीय चुनावों में लगातार तीसरी जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा और उनके नेतृत्व वाले राजग को हार्दिक शुभकामनाएं। मैं भारत के लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना करता हूं। मुझे हमारे देशों के बीच निरंतर सहयोग की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि भारत और यूक्रेन के साझा मूल्य और समृद्ध इतिहास है। हमारी साझेदारी आगे भी बढ़ती रहे और हमारे राष्ट्रों के लिए प्रगति व आपसी समझ पैदा करती रहे। विश्व में हर कोई वैश्विक मामलों में भारत की भूमिका के महत्व को स्वीकार करता है। यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी राष्ट्रों के लिए न्यायसंगत शांति सुनिश्चित करने के लिए मिलकर परिश्रम करें। इस संबंध में हम भारत को शांति शिखर सम्मेलन में भाग लेते हुए देखने के लिए भी उत्सुक हैं।

## इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने श्री मोदी को लगातार तीसरी बार जीतने पर बधाई दी और 'एक्स' पर कहा, "चुनाव में जीत पर नरेन्द्र मोदी को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे पूरा विश्वास है कि हम इटली और भारत की मित्रता को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे तथा विभिन्न मुद्दों पर सहयोग को और मजबूत करेंगे।"

## यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद

यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को उनकी जीत पर बधाई दी। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि मैं अपने मित्र नरेन्द्र मोदी को हालिया चुनावों में उनकी जीत के लिए बधाई देता हूं तथा भारत को प्रगति और विकास की ओर ले जाने में उनकी सफलता की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि भारत और यूएई के बीच 'गहरी रणनीतिक साझेदारी' है और वे दोनों देशों के साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से निरंतर सहयोग की आशा करते हैं।

## सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग

सिंगापुर के प्रधानमंत्री श्री लॉरेंस वोंग ने श्री मोदी को शुभकामनाएं दीं। श्री वोंग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में राजग गठबंधन की जीत को 'ऐतिहासिक' बताते हुए कहा कि वह अगले वर्ष दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मनाने के लिए भारत के अपने समकक्ष के साथ मिलकर काम करने के आकांक्षी हैं।

## भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे

भूटान के प्रधानमंत्री श्री शेरिंग तोबगे ने श्री मोदी और एनडीए को लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी और कहा कि वह उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। श्री तोबगे ने बधाई देते हुए लिखा, "दुनिया के सबसे बड़े चुनावों में लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत के लिए मेरे मित्र प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी जी और एनडीए को बधाई। जैसे-जैसे वह भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं, मैं दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।"

## नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड'

नेपाल के प्रधानमंत्री श्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने भारत में हाल ही में संपन्न आम चुनावों में तीसरी बार ऐतिहासिक जीत हासिल करने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "लोकसभा चुनावों में भाजपा और एनडीए की लगातार तीसरी बार चुनावी सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई। हमें यह जानकर खुशी हो रही है कि दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया भारत के लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई है।"

## श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे

श्रीलंका के राष्ट्रपति श्री रानिल विक्रमसिंघे ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को चुनावी जीत पर बधाई दी और साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता की समृद्धि और प्रगति का विश्वास जताया। श्री विक्रमसिंघे ने एक्स पर लिखा, "मैं भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए को उसकी जीत पर हार्दिक बधाई देता हूं।" उन्होंने कहा कि निकटतम पड़ोसी के रूप में श्रीलंका भारत के साथ साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तत्पर है।

## मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू

मालदीव के राष्ट्रपति श्री मोहम्मद मुइज्जू ने भी प्रधानमंत्री श्री मोदी को बधाई दी। सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने लिखा प्रधानमंत्री मोदी और भाजपानीत एनडीए को 2024 के भारतीय आम चुनाव में लगातार तीसरी बार सफलता मिलने पर बधाई। उन्होंने कहा कि मैं दोनों देशों की साझी समृद्धि और स्थिरता के लिए और साझे हितों को आगे बढ़ाने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साहित हूं।

## मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ

मॉरीशस के प्रधानमंत्री श्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ ने श्री मोदी को उनकी ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। श्री जगन्नाथ ने अपने बधाई संदेश में लिखा, "प्रधानमंत्री मोदी जी को ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए आपकी प्रशंसनीय जीत पर बधाई। आपके नेतृत्व में सबसे बड़ा लोकतंत्र उल्लेखनीय प्रगति हासिल करना जारी रखेगा। मॉरीशस-भारत विशेष संबंध हमेशा बने रहें।" ■

# जीत का जश्न






# भाजपा ने पहली बार सरकार बनाई

## मोहन चरण माझी ने ली नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ

भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता और चार बार के विधायक श्री मोहन चरण माझी ने 12 जून, 2024 को एक भव्य समारोह में ओडिशा के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इस शपथ समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी, श्री धर्मेंद्र प्रधान, श्री भूपेंद्र यादव, श्री जुएल ओराम और श्री अश्विनी वैष्णव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री मनमोहन सामल, विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शामिल हुए।

राजधानी भुवनेश्वर के जनता मैदान में यह भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। श्री माझी के साथ भाजपा नेता श्री केवी सिंह देव और श्रीमती पार्वती परिदा ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उल्लेखनीय है कि श्री मोहन चरण माझी ओडिशा में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री हैं।


वहीं श्री सुरेश पुजारी, श्री पृथ्वीराज हरिचंदन , डॉ. मुकेश महालिंग, श्री विभूति भूषण जेना और डॉ. कृष्ण चंद्र महापात्रा ने भी नई सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।


ओडिशा के राज्यपाल श्री रघुबर दास ने नये मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों को पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक भी शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचने पर श्री पटनायक का भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

शपथ ग्रहण समारोह पूर्ण होने के पश्चात् प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने श्री मोहन चरण माझी को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, "ओडिशा के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन

**चुनाव परिणाम**

| दल | जीत |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी - भाजपा | 78 |
| बीजू जनता दल - बीजेडी | 51 |
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 14 |
| भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) - सीपीआई (एम) | 1 |
| स्वतंत्र | 3 |
| कुल | **147** |







है! ओडिशा के मेरे बहनों और भाइयों के आशीर्वाद से भाजपा प्रदेश में अपनी पहली सरकार बना रही है।"

प्रधानमंत्री ने कहा, "मैंने भुवनेश्वर में शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। श्री मोहन चरण माझी को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर तथा श्री कनक वर्धन सिंह देव एवं श्रीमती पार्वती परिदा को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई। मंत्री पद की शपथ लेने वाले अन्य लोगों को भी बधाई।"

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा, "ओडिशा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर श्री मोहन चरण माझी जी को बधाई और ओडिशा के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर श्री कनक वर्धन सिंह देव एवं श्रीमती पार्वती परिदा जी को हार्दिक बधाई।

मुझे विश्वास है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं आपके नेतृत्व में ओडिशा अपनी जीवंत ओडिया संस्कृति को संरक्षित और समृद्ध करते हुए उल्लेखनीय प्रगति एवं विकास के पथ पर अग्रसर होगा।

ओडिशा से आने वाले एक युवा नेता के रूप में 'विकसित ओडिशा' के लिए आपका दृष्टिकोण राज्य के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का वादा करता है। आगे के सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं। जय जगन्नाथ!"

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा, "श्री मोहन चरण माझी और उनकी मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुआ। ओडिशा में इतिहास रचा गया है, क्योंकि भाजपा पहली बार राज्य में सत्ता में आई है। मुख्यमंत्री श्री मोहन चरण माझी, उपमुख्यमंत्री श्री कनक वर्धन सिंह देव, श्रीमती पार्वती परिदा एवं अन्य लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। ओडिशा को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उनके प्रयास के लिए उन्हें शुभकामनाएं।"

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा, "मैं ओडिशा में नवगठित भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री श्री मोहन चरण माझी, उपमुख्यमंत्री श्री कनक वर्धन सिंह देव, श्रीमती पार्वती परिदा एवं सभी मंत्रियों को शपथ ग्रहण पर बधाई देता हूं।

दशकों बाद ओडिशा को एक ऐसी सरकार मिलने जा रही है] जिसके मूल में ओडिशा का सांस्कृतिक संवर्धन, आर्थिक विकास और सुशासन की स्थापना है। मोदी जी के मार्गदर्शन और आप सभी के नेतृत्व में ओडिशा महिलाओं, किसानों, गरीबों, वंचितों एवं युवाओं के कल्याण का स्वर्णिम युग देखने जा रहा है। जय जगन्नाथ!"

## ओडिशा में भाजपा ने सरकार बनाई


हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 40.07 प्रतिशत मतों के साथ 147 में से 78 सीटें जीतकर नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजू जनता दल (बीजेडी) के 24 साल के शासन का पटाक्षेप किया। इन चुनावों में बीजेडी को 51 सीटें मिलीं, कांग्रेस को 14, सीपीआई (एम) को एक सीट मिली और निर्दलीयों को तीन सीटें मिलीं।

वोटों की गिनती 70 केंद्रों पर हुई। इस बार 2.5 करोड़ से ज़्यादा मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया, कुल 74.44 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 2019 के मुकाबले अधिक था। लोकसभा चुनाव 2024 में 75.55 प्रतिशत महिलाओं और 73.37 प्रतिशत पुरुषों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक प्रभावशाली चुनावी अभियान चलाया गया, जिसमें उन्होंने 10 चुनावी रैलियों को संबोधित किया, साथ ही भुवनेश्वर एवं पुरी में उन्होंने दो रोड शो किए। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश भर में कम से कम 245 चुनावी सभाएं कीं।

श्री मोदी के अलावा पार्टी के शीर्ष नेताओं श्री जगत प्रकाश नड्डा, श्री राजनाथ सिंह, श्री अमित शाह, श्री नितिन गडकरी आदि ने विधानसभा चुनाव में प्रचार किया। ■

# अरुणाचल प्रदेश में भाजपा की शानदार जीत




## भाजपा ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाई


भाजपा नेता श्री पेमा खांडू ने 13 जून, 2024 को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इससे पहले उन्हें 12 जून, 2024 को ईटानगर में एक बैठक के दौरान सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। श्री खांडू को राज्यपाल श्री केटी परनाइक ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह और कई अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं की उपस्थिति में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान श्री चौना मीन ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। श्री खांडू के साथ 11 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। यह शपथ ग्रहण समारोह दोरजी खांडू कन्वेंशन हॉल में आयोजित किया गया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में नवगठित सरकार को बधाई दी और कहा, "अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर श्री पेमा खांडू जी को बधाई। मैं उन सभी को भी बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने मंत्री के रूप में शपथ ली है। जनता की सेवा करने एवं उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। यह टीम यह सुनिश्चित करेगी कि प्रदेश और भी तेज गति से विकास करे।"

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा, "अरुणाचल प्रदेश के लिए ऐतिहासिक क्षण है! श्री श्री पेमा खांडू जी को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई और श्री चौना मीन जी को उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। मुझे विश्वास है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में आप सभी का समर्पित एवं अभिनव नेतृत्व विकास की गति को तेज करेगा और राज्य को 'विकसित अरुणाचल' की ओर ले जाएगा, जो मोदी जी के 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण में प्रभावी रूप से योगदान देगा। पिछले एक दशक में, भाजपा सरकार ने बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता देते हुए, कनेक्टिविटी को बढ़ाते हुए और लोगों के लिए अधिक से अधिक आर्थिक एवं सामाजिक अवसर पैदा करते हुए अरुणाचल प्रदेश का विकसित किया है।"

**चुनाव परिणाम**

| दल | जीत |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी | 46 |
| नेशनल पीपुल्स पार्टी | 5 |
| राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी | 3 |
| पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल | 2 |
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 1 |
| स्वतंत्र | 3 |
| कुल | 60 |




लोकसभा चुनाव के साथ-साथ हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 60 सदस्यीय अरुणाचल प्रदेश विधानसभा में 46 सीटें जीतीं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश विधानसभा में 60 सदस्य हैं, लेकिन मतदान केवल 50 निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ क्योंकि श्री खांडू सहित 10 सत्तारूढ़ भाजपा उम्मीदवारों को निर्विरोध जीत हासिल हुई थी। ▪

# आंध्र प्रदेश में एनडीए की दो-तिहाई बहुमत से ऐतिहासिक जीत



# एन. चंद्रबाबू नायडू बने नए मुख्यमंत्री


राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के वरिष्ठ नेता एवं तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष श्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने 12 जून, 2024 को अपने मंत्रिपरिषद के 24 मंत्रियों के साथ आंध्र प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। यह कार्यक्रम विजयवाड़ा में गन्नावरम हवाई अड्डे के पास केसरपल्ली आईटी पार्क में आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता इस शानदार शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।


श्री नायडू ने अपनी नयी कैबिनेट में जन सेना पार्टी को तीन मंत्रालय दिये हैं, जिसमें पार्टी के अध्यक्ष श्री पवन कल्याण को उपमुख्यमंत्री का पद भी शामिल है। भारतीय जनता पार्टी को एक मंत्री पद दिया गया है। श्री पवन कल्याण के अलावा, कैबिनेट में जन सेना पार्टी के अन्य नेताओं में श्री नादेंदला मनोहर और श्री कंडुला दुर्गेश शामिल हैं। भाजपा नेता श्री सत्य कुमार यादव ने भी श्री नायडू के मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ ली।

इस कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री श्री अमित शाह, श्री बंदी संजय एवं एनडीए गठबंधन के अन्य नेताओं उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्री नायडू ने एनडीए सहयोगियों को बधाई देते हुए कहा, "धन्यवाद श्री नरेन्द्र मोदी जी! आंध्र प्रदेश की जनता की ओर से मैं आपको लोकसभा एवं आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनावों में एनडीए की जीत के लिए बधाई देता हूं। आंध्र प्रदेश की जनता ने हमें शानदार जनादेश दिया है। यह जनादेश हमारे गठबंधन और

| चुनाव परिणाम | |
|---|---|
| **दल** | **जीत** |
| तेलुगु देशम पार्टी | 135 |
| जन सेना पार्टी | 21 |
| युवजन श्रमिका रायथु कांग्रेस पार्टी - वाईएसआरसीपी | 11 |
| भारतीय जनता पार्टी | 8 |
| **कुल** | **175** |





राज्य के लिए हमारे विजन में जनता के भरोसे का प्रतिबिंब है। हम नागरिकों के साथ मिलकर आंध्र प्रदेश का पुनर्निर्माण करेंगे और इसका गौरव पुनः स्थापित करेंगे।"

नवगठित एनडीए सरकार को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, "आंध्र प्रदेश की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुआ। श्री एन. चंद्रबाबू नायडू को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई और सरकार में मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले अन्य सभी लोगों को भी बधाई। टीडीपी, जनसेना और भाजपा सरकार आंध्र प्रदेश को गौरव की नई ऊंचाइयों पर ले जाने और प्रदेश के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।"

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा, "आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर श्री एन. चंद्रबाबू नायडू जी और उपमुख्यमंत्री श्री पवन कल्याण जी को बधाई। मुझे विश्वास है कि आपके कुशल नेतृत्व में एनडीए सरकार आंध्र प्रदेश को अभूतपूर्व प्रगति एवं विकास की ओर अग्रसर करेगी। जनसेवा में आपका व्यापक अनुभव निःस्संदेह राज्य को 'विकसित आंध्र प्रदेश' के दृष्टिकोण की ओर ले जाएगा और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'विकसित भारत@2047' के मिशन में महत्वपूर्ण योगदान देगा, जिससे यहां के लोगों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित होगा। सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं।"

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा, "आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर श्री एन. चंद्रबाबू नायडू जी को बधाई। वह एक अनुभवी राजनेता एवं प्रभावी प्रशासक हैं। उनके नेतृत्व में राज्य अपनी पूर्ण क्षमता के साथ काम करेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में दोनों एनडीए सरकारें आंध्र प्रदेश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सामूहिक रूप से और सामंजस्य के साथ काम करेंगी।"



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा, "आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री एन चंद्रबाबू नायडू जी, उपमुख्यमंत्री श्री पवन कल्याण जी और आज पद एवं गोपनीयता की शपथ लेने वाले सभी लोगों को बधाई। मेरा दृढ़ विश्वास है कि एनडीए सरकार आंध्र प्रदेश को समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी और लोगों की आकांक्षाओं एवं आशाओं को पूरा करेगी।"

टीडीपी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में 175 सीटों में से 164 सीटों पर जीत हासिल की। टीडीपी ने 144 सीटों पर चुनाव लड़कर और 135 सीटों पर विजयी रही, जबकि जन सेना पार्टी (जेएसपी) ने 21 सीटों पर चुनाव लड़कर सभी सीटें जीतीं और भाजपा ने 10 सीटों पर चुनाव लड़कर आठ सीटें जीतीं। वहीं, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने केवल 11 सीटें जीतीं। जबकि टीडीपी को 45.60 प्रतिशत वोट मिले और भाजपा को 2.83 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए। ■

# एनडीए सहयोगी एसकेएम ने सिक्किम में सरकार बनाई

## प्रेम सिंह तमांग ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली



एनडीए सहयोगी सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने सिक्किम में सरकार बनाई और श्री प्रेम सिंह तमांग ने 10 जून, 2024 को लगातार दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने पलजोर स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान श्री प्रेम सिंह तमांग और उनके मंत्रिपरिषद को शपथ दिलाई।


श्री तमांग ने एसडीएफ के सोम नाथ पौड्याल को हराकर रेनॉक विधानसभा सीट से चुनाव जीता है। 56 वर्षीय श्री तमांग लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बने हैं। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने 32 सदस्यीय विधानसभा में 31 सीटें जीतकर, राज्य में ऐतिहासिक जीत हासिल की है। विपक्षी सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट, जिसने 2019 तक लगातार 25 साल तक राज्य पर शासन किया था, केवल एक सीट ही जीत सका।

सिक्किम में 32 विधानसभा सीटों के लिए मतदान 19 अप्रैल, 2024 को पहले चरण में लोकसभा चुनाव के साथ ही हुआ था। यह तीसरी बार है, जब सिक्किम में किसी राजनीतिक पार्टी को भारी जीत मिली है, इससे पहले 1989 और 2009 में सिक्किम संग्राम परिषद् और एसडीएफ को भी इसी तरह के नतीजे मिले थे। 2019 के विधानसभा चुनावों में एसकेएम ने 32 सीटों में से 17 सीटें जीतीं, जबकि एसडीएफ को 15 सीटें मिलीं। 2014 में एसकेएम ने 10 सीटें जीतीं थीं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सिक्किम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर श्री प्रेम सिंह तमांग को बधाई दी तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की। श्री मोदी ने कहा, "सिक्किम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर श्री प्रेम सिंह तमांग को बधाई। उनके सफल कार्यकाल की कामना करता हूं तथा सिक्किम की प्रगति के लिए उनके साथ मिलकर काम करने की आशा करता हूं।" ■

### सिक्किम

| चुनाव परिणाम | |
|---|---|
| **दल** | **सीटें** |
| सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा - एसकेएम | 31 |
| सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट - एसडीएफ | 1 |
| **कुल** | **32** |






विशेष लेख

# कन्याकुमारी में साधना से नए संकल्प



नरेन्द्र मोदी



**मेरे प्यारे देशवासियों,**

लोकतन्त्र की जननी में लोकतन्त्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ाव आज 1 जून को पूरा हो रहा है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद, मैं अभी दिल्ली जाने के लिए हवाई जहाज में आकर बैठा ही हूं...काशी और अनेक सीटों पर मतदान चल ही रहा है। कितने सारे अनुभव हैं, कितनी सारी अनुभूतियां हैं...मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं।

वाकई, 24 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। मां भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। संत रविदास जी की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरुआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं-बहनों-बेटियों के असीम प्रेम का वो ज्वार, उनका आशीर्वाद...उनकी आंखों में मेरे लिए वो विश्वास, वो दुलार...मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं...मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था।

कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार-पलटवार...आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया...मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया।

इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, लेकिन कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। मैं सांसद के तौर पर अपना चुनाव भी अपनी काशी के मतदाताओं के चरणों में छोड़कर यहां आया था।

मैं ईश्वर का भी आभारी हूं कि उन्होंने मुझे जन्म से ये संस्कार दिये। मैं ये भी सोच रहा था कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस स्थान पर साधना के समय क्या अनुभव किया होगा! मेरी साधना का कुछ हिस्सा इसी तरह के विचार प्रवाह में बहा।

इस विरक्ति के बीच, शांति और नीरवता के बीच, मेरे मन में निरंतर भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए, भारत के लक्ष्यों के लिए निरंतर विचार उमड़ रहे थे। कन्याकुमारी के उगते हुए सूर्य ने मेरे विचारों को नई ऊंचाई दी, सागर की विशालता ने मेरे विचारों को विस्तार दिया और क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता, Oneness का निरंतर ऐहसास कराया। ऐसा लग रहा था जैसे दशकों पहले हिमालय की गोद में किए गए चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो रहे हों।

**साथियों,**

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री

एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था।

कश्मीर से कन्याकुमारी... ये हर देशवासी के अन्तर्मन में रची-बसी हमारी साझी पहचान हैं। ये वो शक्तिपीठ है जहां मां शक्ति ने कन्या कुमारी के रूप में अवतार लिया था। इस दक्षिणी छोर पर मां शक्ति ने उन भगवान शिव के लिए तपस्या और प्रतीक्षा की जो भारत के सबसे उत्तरी छोर के हिमालय पर विराज रहे थे।

कन्याकुमारी संगमों के संगम की धरती है। हमारे देश की पवित्र नदियां अलग-अलग समुद्रों में जाकर मिलती हैं और यहां उन समुद्रों का संगम होता है और यहां एक और महान संगम दिखता है— भारत का वैचारिक संगम!

यहां विवेकानंद शिला स्मारक के साथ ही संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, गांधी मंडपम और कामराजर मणि मंडपम हैं। महान नायकों के विचारों की ये धाराएं यहां राष्ट्र चिंतन का संगम बनाती हैं। इससे राष्ट्र निर्माण की महान प्रेरणाओं का उदय होता है। जो लोग भारत के राष्ट्र होने और देश की एकता पर संदेह करते हैं, उन्हें कन्याकुमारी की ये धरती एकता का अमिट संदेश देती है।

कन्याकुमारी में संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, समंदर से मां भारती के विस्तार को देखती हुई प्रतीत होती है। उनकी रचना 'तिरुक्कुरल' तमिल साहित्य के रत्नों से जड़ित एक मुकुट के जैसी है। इसमें जीवन के हर पक्ष का वर्णन है, जो हमें स्वयं और राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा देता है। ऐसी महान विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित करना भी मेरा परम सौभाग्य रहा।

**साथियों,**

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था- Every Nation Has a Message To deliver, a mission to fulfil, a destiny to reach.

भारत हजारों वर्षों से इसी भाव के साथ सार्थक उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ता आया है। भारत हजारों वर्षों से विचारों के अनुसंधान का केंद्र रहा है। हमने जो अर्जित किया उसे कभी अपनी व्यक्तिगत पूंजी मानकर आर्थिक या भौतिक मापदण्डों पर नहीं तौला। इसीलिए, 'इदं न मम' यह भारत के चरित्र का सहज एवं स्वाभाविक हिस्सा हो गया है।

**आज भारत का गवर्नेंस मॉडल दुनिया के कई देशों के लिए एक उदाहरण बना है। सिर्फ 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना अभूतपूर्व है। प्रो-पीपल गुड गवर्नेंस, aspirational district, aspirational block जैसे अभिनव प्रयोग की आज विश्व में चर्चा हो रही है। गरीब के सशक्तीकरण से लेकर लास्ट माइल डिलीवरी तक, समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को प्राथमिकता देने के हमारे प्रयासों ने विश्व को प्रेरित किया है। भारत का डिजिटल इंडिया अभियान आज पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है।**

भारत के कल्याण से विश्व का कल्याण, भारत की प्रगति से विश्व की प्रगति, इसका एक बड़ा उदाहरण हमारी आज़ादी का आंदोलन भी है। 15 अगस्त, 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ। उस समय दुनिया के कई देश गुलामी में थे। भारत की स्वतन्त्रता से उन देशों को भी प्रेरणा और बल मिला, उन्होंने आजादी प्राप्त की। अभी कोरोना के कठिन कालखंड का उदाहरण भी हमारे सामने है। जब गरीब और विकासशील देशों को लेकर आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, लेकिन भारत के सफल प्रयासों से तमाम देशों को हौसला भी मिला और सहयोग भी मिला।

आज भारत का गवर्नेंस मॉडल दुनिया के कई देशों के लिए एक उदाहरण बना है। सिर्फ 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना अभूतपूर्व है। प्रो-पीपल गुड गवर्नेंस, aspirational district, aspirational block जैसे अभिनव प्रयोग की आज विश्व में चर्चा हो रही है। गरीब के सशक्तीकरण से लेकर लास्ट माइल डिलीवरी तक, समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को प्राथमिकता देने के हमारे प्रयासों ने विश्व को प्रेरित किया है। भारत का डिजिटल इंडिया अभियान आज पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है कि हम कैसे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल गरीबों को सशक्त करने में, पारदर्शिता लाने में, उनके अधिकार दिलाने में कर सकते हैं। भारत में सस्ता डेटा आज सूचना और सेवाओं तक गरीब की पहुंच सुनिश्चित करके सामाजिक समानता का माध्यम बन रहा है। पूरा विश्व technology के इस democratization को एक शोध दृष्टि से देख रहा है और बड़ी वैश्विक संस्थाएं कई देशों को हमारे मॉडल से सीखने की सलाह दे रही हैं।

आज भारत की प्रगति और भारत का उत्थान केवल भारत के लिए बड़ा अवसर नहीं है। ये पूरे विश्व में हमारे सभी सहयात्री देशों के लिए भी एक ऐतिहासिक अवसर है। जी-20 की सफलता के बाद से विश्व भारत की इस भूमिका को और अधिक मुखर होकर स्वीकार कर रहा है। आज भारत को ग्लोबल साउथ की एक सशक्त और महत्वपूर्ण आवाज़ के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। भारत की ही पहल पर अफ्रीकन यूनियन जी-20 ग्रुप का हिस्सा बना। ये सभी अफ्रीकन देशों के भविष्य का एक अहम मोड़ साबित हुआ है।

**साथियों,**

नए भारत का ये स्वरूप हमें गर्व और गौरव से भर देता है, लेकिन साथ ही ये 140 करोड़ देशवासियों को उनके कर्तव्यों का अहसास भी करवाता है। अब एक भी पल गंवाए बिना हमें बड़े दायित्वों और बड़े लक्ष्यों की दिशा में कदम उठाने होंगे। हमें नए स्वप्न देखने हैं। अपने सपनों को अपना जीवन बनाना है और उन सपनों को जीना शुरू करना है।

हमें भारत के विकास को वैश्विक परिप्रेक्ष्य



में देखना होगा और इसके लिए ये जरूरी है कि हम भारत के अंतर्भूत सामर्थ्य को समझें। हमें भारत की शक्तियों को स्वीकार भी करना होगा, उन्हें पुष्ट भी करना होगा और विश्व हित में उनका सम्पूर्ण उपयोग भी करना होगा। आज की वैश्विक परिस्थितियों में युवा राष्ट्र के रूप में भारत का सामर्थ्य हमारे लिए एक ऐसा सुखद संयोग और सुअवसर है, जहां से हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना है।

21वीं सदी की दुनिया आज भारत की ओर बहुत आशाओं से देख रही है। और वैश्विक परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए हमें कई बदलाव भी करने होंगे। हमें reform को लेकर हमारी पारंपरिक सोच को भी बदलना होगा। भारत reform को केवल आर्थिक बदलावों तक सीमित नहीं रख सकता है। हमें जीवन में हर क्षेत्र में reform की दिशा में आगे बढ़ना होगा। हमारे reform 2047 के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप भी होने चाहिए।

हमें ये भी समझना होगा कि किसी भी देश के लिए reform कभी एकाकी प्रक्रिया नहीं हो सकती। इसीलिए, मैंने देश के लिए reform, perform और transform का विज़न सामने रखा। reform का दायित्व नेतृत्व का होता है। उसके आधार पर हमारी ब्यूरोक्रेसी perform करती है और फिर जब जनता जनार्दन इससे जुड़ जाती है, तो transformation होते हुए देखते हैं।

भारत को विकसित भारत बनाने के लिए हमें श्रेष्ठता को मूल भाव बनाना होगा। हमें Speed, Scale, Scope और Standards, चारों दिशाओं में तेजी से काम करना होगा। हमें मैन्युफैक्चरिंग के साथ-साथ क्वालिटी पर जोर देना होगा, हमें zero defect- zero effect के मंत्र को आत्मसात करना होगा।

**साथियों,**

हमें हर पल इस बात पर गर्व होना चाहिए कि ईश्वर ने हमें भारत भूमि में जन्म दिया है। ईश्वर ने हमें भारत की सेवा और इसकी शिखर यात्रा में हमारी भूमिका निभाने के लिए चुना है। हमें प्राचीन मूल्यों को आधुनिक स्वरूप में अपनाते हुये अपनी विरासत को आधुनिक ढंग से पुनर्परिभाषित करना होगा।

हमें एक राष्ट्र के रूप में पुरानी पड़ चुकी सोच और मान्यताओं का परिमार्जन भी करना होगा। हमें हमारे समाज को पेशेवर निराशावादियों के दबाव से, Professional Pessimists के दबाव से बाहर निकालना है। हमें याद रखना है, नकारात्मकता से मुक्ति, सफलता की सिद्धि तक पहुंचने के लिए पहली जड़ी-बूटी है। सकारात्मकता की गोद में ही सफलता पलती है।

भारत की अनंत और अमर शक्ति के प्रति मेरी आस्था, श्रद्धा और विश्वास भी दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। मैंने पिछले 10 वर्षों में भारत के इस सामर्थ्य को और ज्यादा बढ़ते देखा है और ज्यादा अनुभव किया है। जिस तरह हमने 20वीं सदी के चौथे-पांचवे दशक को अपनी आज़ादी के लिए प्रयोग किया, उसी तरह 21वीं सदी के इन 25 वर्षों में हमें विकसित भारत की नींव रखनी है। स्वतंत्रता संग्राम के समय देशवासियों के सामने बलिदान का समय था। आज बलिदान का नहीं निरंतर योगदान का समय है।

स्वामी विवेकानंद ने 1897 में कहा था कि हमें अगले 50 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करने होंगे। उनके इस आह्वान के ठीक 50 वर्ष बाद, 1947 में भारत आज़ाद हो गया। आज हमारे पास वैसा ही स्वर्णिम अवसर है। हम अगले 25 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करें। हमारे ये प्रयास आने वाली पीढ़ियों और आने वाली शताब्दियों के लिए नए भारत की सुदृढ़ नींव बनकर अमर रहेंगे। मैं देश की ऊर्जा को देखकर ये कह सकता हूं कि लक्ष्य अब दूर नहीं है। आइए, तेज कदमों से चलें... मिलकर चलें, भारत को विकसित बनाएं। ■

**(यह विचार प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 1 जून को कन्याकुमारी से दिल्ली लौटते समय विमान में शाम 4:15 बजे से 7 बजे के बीच लिखे हैं।)**



राष्ट्रपति भवन (नई दिल्ली) में 09 जून, 2024 को शपथ ग्रहण समारोह के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाती राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु



राष्ट्रपति भवन (नई दिल्ली) में 09 जून, 2024 को शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित विशाल जनसमूह को नमन करते प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी



राष्ट्रपति भवन (नई दिल्ली) में 09 जून, 2024 को शपथ ग्रहण समारोह के दौरान भारत के प्रधानमंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ लेते श्री नरेन्द्र मोदी



राष्ट्रपति भवन (नई दिल्ली) में 09 जून, 2024 को शपथ ग्रहण समारोह के बाद राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्य



नई दिल्ली में 09 जून, 2024 को राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी





नई दिल्ली में 09 जून, 2024 को सदैव अटल स्मारक पर पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित करते प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

@Kamal.Sandesh
@KamalSandesh
kamal.sandesh
KamalSandeshLive



कमल संदेश
अब इंटरनेट पर भी उपलब्ध
लॉग इन करें:
www.kamalsandesh.org
राष्ट्रीय विचार की प्रतिनिधि पाक्षिक पत्रिका

**प्रेषण तिथि:** (i) 1-2 चालू माह (ii) 16-17 चालू माह
**डाकघर:** लोदी रोड एचओ., नई दिल्ली **"रजिस्टर्ड"**
76 पृष्ठ कवर सहित
प्रकाशन तिथि: 28 जून, 2024
आर.एन.आई. DELHIN/2006/16953
डी.एल. (एस)-17/3264/2021-23
Licence to Post without Prepayment
Licence No. U(S)-41/2021-23



**राष्ट्रपति भवन (नई दिल्ली) में 09 जून, 2024 को शपथ ग्रहण समारोह के बाद राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्य**

**छायाकार:** अजय कुमार सिंह